

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 विदेशों में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में गौतम अडानी, दुबई में........

पैगंबर पर विवादित बयान वाले यति नरसिंहानंद बोले- कोर्ट को ........ 12



वर्ष : 15 | अंक : 194 | नई दिल्ली, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# मोदी के नेतृत्व में पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के रिश्तों में हुआ सुधार: जयशंकर

पुणे, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पदभार संभालने के बाद से पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। पुणे स्थित फ्लेम यूनिवर्सिटी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कूटनीतिक कोशिशों पर प्रकाश डाला, जिससे उन देशों के साथ संबंध मजबूत हुए, जो ऐतिहासिक रूप से भारत के साथ कम जुड़े थे। इनमें एक उदाहरण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का है, जहां 2015 में पीएम मोदी ने यात्रा की थी यह दिवंगत इंदिरा गांधी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहला दौरा था। जयशंकर ने कहा कि यूएई की निकटता के बावजूद, उससे जुड़ने के लिए बहुत कम प्रयास किए गए। विदेश मंत्री के मुताबिक भारत का अपने पड़ोसियों के साथ एक जटिल इतिहास रहा है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों ने देशों को नई दिल्ली के साथ अपने रिश्तों पर फिर से सोचने को प्रेरित किया है, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर। जयशंकर ने कहा, देश अपने रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार



किया कि कई पड़ोसी देशों ने अपने फायदे के लिए चीन की ओर रुख किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की उभरती हुई आर्थिक शक्ति है और आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है और दूसरा मुद्दा तनाव कम करना है। उन्होंने कहा, अगर मैं इसे थोड़ा पीछे ले जाऊं, तो 2020 से सीमा पर स्थिति खराब रही, जिसका चीन के साथ रिश्तों पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ा। सितंबर 2020 से हम समाधान खोजने के तरीके पर चीनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। समाधान के विभिन्न पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा सैनिकों की वापसी है, क्योंकि सैनिक एक-दूसरे के बहुत करीब हैं और किसी घटना की संभावना काफी है। इसलिए यह मुद्दों का पहला सेट है। विदेश मंत्री ने कहा, इसके बाद तनाव कम करना है। फिर एक बड़ा मुद्दा यह है कि आप सीमा का प्रबंधन कैसे करते हैं और सीमाओं पर कैसे बातचीत करते हैं। अभी चीन में जो कुछ भी हो रहा है, वह पहले चरण के कारण हो रहा है, जो कि पीछे हटने का फेज है। हम भारत-चीन सीमा पर गश्त के मुद्दों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे थे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए 23 उम्मीदवार और घोषित किये

नई दिल्ली। कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आज 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भुसावल से डॉ राजेश तुकाराम मनवालकर, जलगांव जम्मू से डॉक्टर श्रीमती स्वाति संदीप वाकेकर, अकोट से महेश गंगाने, वर्धा से शेखर प्रमोद बाबू शेंडे, सावनर से श्रीमती अनुजा सुनील केदार, नागपुर दक्षिण से गिरीश कृष्णराव पांडव, कामठी से सुरेश यादवराव भुहेर, भंडारा (सु) से श्रीमती पूजा गणेश थावकर, अजुर्नीमोरगांव (सु) से दिलीप वामन बनसोड, चुनाव मैदान में उतारा है।

# भाजपा के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ने केजरीवाल की पदयात्रा पर हमला किया : सौरभ

## हमला करने वालों में भाजपा युवा मोर्चा का दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष और दूसरा महामंत्री है

- भाजपा को दिल्ली में एक बार फिर हार का डर सता रहा है

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हम सभी को यह बात भली भांति मालूम है कि कल आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल जी द्वारा विकासपुरी विधानसभा में की जा रही पदयात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी ने अरविंद केजरीवाल जी पर हमला किया कहमलावरों की जानकारी पत्रकारों के साथ साझा करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हमला करने वालों में से एक व्यक्ति जिसका नाम रोहित सेहरावत है, वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश का उपाध्यक्ष है और 2017 में वार्ड 19 रनहोला से भाजपा के निगम प्रत्याशी भी रहे चुका है एवं दूसरा व्यक्ति जिसका नाम अरुण दराल है, वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश का जर्नल सेक्रेटरी है और यह भी वार्ड 35 मुंडका से भाजपा की टिकट पर निगम का चुनाव लड़कर हार चुका है कउन्होंने कहा कि जनता द्वारा नकारे हुए भारतीय जनता पार्टी



के दो नालायक जो भाजपा की टिकट पर निगम का चुनाव लड़कर हार चुके हैं वह अरविंद केजरीवाल जी की पदयात्रा में हंगामा करते हैं और शर्ट उतार कर नंगा नाच कर रहे हैं क उन्होंने कहा कि यह नंगा नाच इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि इन दोनों नालायकों को जनता ने नकार दिया था और अब इनके पास नंगा नाच करने के अलावा और कुछ नहीं बचा है कउन्होंने कहा कि इस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी द्वारा आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल जी की पदयात्रा के दौरान उन पर हमला करना इस बात को सिद्ध करता है, कि भारतीय जनता पार्टी अव्वल दर्जे की घटिया राजनीति पर उतर आई है कउन्होंने कहा कि यह घटना दिल्ली के राजनीतिक इतिहास में सबसे निम्न स्तर की राजनीति का साक्ष्य है । सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछली घटनाओं पर अगर गौर किया जाए तो अब तक भारतीय जनता पार्टी लोगों को प्रलोभन देकर आम आदमी पार्टी की सभा में, पदयात्राओं में विघ्न डालने के लिए इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देती थी, परंतु अब दिल्ली के लोग भारतीय जनता पार्टी की इस घटिया राजनीति से इतना ऊब चुके हैं, कि कोई उनके प्रलोभन में आने को भी तैयार नहीं है कशायद यही कारण है, कि अब भारतीय जनता पार्टी को अपने प्रदेश स्तर के पदाधिकारी को ही कहना पड़ा कि तुम ही जाओ और अरविंद केजरीवाल जी की जनसभा में जाकर रुकावट डालो, उन पर हमला करो । केंद्र में बैठी भाजपा शासित केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जिस प्रकार से वीडियो में देखने को मिल रहा है, कि यह हमलावर बेखौफ होकर धमकियां दे रहे हैं और आगे भी अरविंद केजरीवाल जी पर हमला करने की बात कर रहे हैं और केंद्र सरकार के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस के उच्च अधिकारी इन हमलावरों से जिस प्रकार हंस-हंसकर बात कर रहे हैं, उनके सामने हाथ जोड़ रहे हैं, यह इस बात का सबूत है, कि इस घटना को अंजाम देने के पीछे ने केवल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी अपितु केंद्र में बैठी भाजपा सरकार भी इसके लिए ज़िम्मेदार है कउन्होंने कहा कि यह बड़ा ही हास्यास्पद है, कि भारतीय जनता पार्टी के नेता वीरेंद्र सचदेवा और विजेंद्र गुप्ता जिन लोगों को जनता कह रहे हैं, वह हमलावर दरअसल उनकी अपनी पार्टी के ही युवा मोर्चा के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी हैं कभाजपा के नेता वीरेंद्र सचदेवा और विजेंद्र गुप्ता को पता ही नहीं है, कि जनता कौन है और उनके पार्टी के पदाधिकारी कौन हैं कउन्होंने कहा कि भाजपा नेता अपनी ही पार्टी के पदाधिकारी को जनता बताकर दिल्ली और देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की सत्ता पाने के लालच में इतनी ज्यादा बौखला गई है, कि लगातार अरविंद केजरीवाल जी और आम आदमी पार्टी पर हमले कराए जा रहे हैं कउन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में भारतीय जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल जी पर तमाम झूठे आरोप लगाए, झूठे मुकदमे कराए, आम आदमी पार्टी के कई बड़े-बड़े नेताओं को झूठे मुकदमों में जेल में बंद किया गया, अरविंद केजरीवाल जी को जेल में बंद किया गया, वहां उनकी शुगर की दवाई रोक कर उनको जान से मारने की कोशिश की गई और अब जब लोकतंत्र की ताकत से आम आदमी पार्टी के सभी नेता और अरविंद केजरीवाल जी जेल से बाहर निकल आए हैं और अब आम आदमी पार्टी के सभी नेता और अरविंद केजरीवाल जी जोर शोर से चुनाव प्रचार में लग गए हैं और भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर से दिल्ली में अपनी हार नजर आ रही है, तो जो पार्टी खुद को हारता हुआ महसूस करने लगती है वही इस प्रकार के हमले करती है कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की निंदा करने के बजाय भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा और विजेंद्र गुप्ता उसका समर्थन कर रहे हैं, यह बेहद ही शर्मनाक बात है कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में भी हजारों ऐसे लोग होंगे जिनके अंदर नैतिकता बची होगी और जो इस बात को मानते होंगे, कि इस प्रकार की घटनाओं का खंडन होना चाहिए और भारतीय जनता पार्टी को उनके पदाधिकारी द्वारा की गई इस शर्मनाक हरकत के लिए माफी मांगनी चाहिए ।

# दिल्ली में प्रदूषण से थोड़ी राहत, औसत एक्यूआई 232 अंक रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को प्रदूषण से थोड़ी राहत देखने को मिली। यहां के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के नीचे बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार नई दिल्ली में शनिवार सुबह 7.30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 232 तक बना रहा। वहीं, एनसीआर के अन्य शहर फरीदाबाद में 131, गुरुग्राम में 129, गाजियाबाद में 202, ग्रेटर नोएडा में 218 और नोएडा में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 185 रहा। हालांकि, आनंद विहार में एक्यूआई सबसे अधिक 364 दर्ज किया गया है, वहीं मुंडका में ये 309 रहा। दिल्ली के गीता नगर क्षेत्र में शनिवार को एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। यहां पर सुबह हल्की धुंध भी देखने को मिली। बता दें कि दिल्ली के 27 इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ऊपर और 300 के नीचे रहा। इसमें अलीपुर में 248, अशोक विहार में 246, बवाना में 262, डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 224, जीटीयू में 227, द्वारका सेक्टर 8 में 237, दिलशाद गार्डन में 213, आईटीओ में 213, जहांगीरपुरी में 280, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 234, मंदिर मार्ग में 224, नरेला में 216, नेहरू नगर में 256, नॉर्थ कैंपस डीयू में 213, एनएसआईटी द्वारका में 284, ओखला फेस टू में 213, पटपड़गंज में 247, पंजाबी बाग में 252, पूसा में 218, रोहिणी में 245, शादीपुर में 262, सिरी फोर्ट में 201, सोनिया विहार में 241, विवेक विहार में 241, वजीरपुर में 281 अंक बना हुआ है। इसके अलावा राजधानी दिल्ली के 9 इलाकों में एक्यूआई लेवल 100 से ऊपर ओर 200 के बीच बना हुआ है। इसमें आया नगर में 194, चांदनी चौक में 194, आईजीआई एयरपोर्ट में 200, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 184, लोधी रोड में 189, नजफगढ़ में 193, पुषा में 195, श्री अरविंदो मार्ग में 189 अंक एक्यूआई है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: भाजपा ने जारी की 22 उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिये प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें 22 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी की गयी सूची के मुताबिक पार्टी ने लातूर ग्रामीण विधानसभा सीट पर श्री रमेश कराड को उम्मीदवार बनया है। गौरतलब है कि यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई श्री कराड और श्री देशमुख के बीच देखने को मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। **उम्मीदवारों की सूची** धुले ग्रामीण राम भदाणे, मलकापुर चैनसुख मदनलाल संचेती, अकोट प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले, अकोला पश्चिम विजय अग्रवाल, वाशिम श्याम खोडे, मेलघाट केवलराम काले, गढ़चिरौली डॉ. मिलींद नरोटे, राजुरा देवराव भोंगले, ब्रह्मपुरी कृष्णलाल सहारे, वरोरा करण देवतले, नासिक मध्य देवयानी सुहास फरांदे, विक्रमगढ़ हरिश्चंद्र सखाराम भोये, उल्लहासनगर कुमार उत्तमचंद आयलानी, पेन रवींद्र दगडू पाटिल, खड़कवासला भिमराव तापकीर, पुणे छावनी सुनील कांबले, कस्बा पेठ हेमंत नारायण रासने, लातूर ग्रामीण रमेश कराड, सोलापुर शहर मध्य देवेंद्र कोठे, पंढरपुर समाधान आवताड़े, शिराला सत्यजित देशमुख, जत गोपीचंद कुंडलिक पडलकर ।

# शिवराज ने दिल्ली के प्रदूषण पर बैठक की

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति पर शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की और इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर जन जागरण की अपील की।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने यहां बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की भयानक समस्या से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता श्री चौहान ने की। बैठक में केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कृषि मंत्री, दिल्ली के वन पर्यावरण मंत्री, संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव और कृषि सचिव सहित प्रमुख अधिकारी इस बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में बताया गया कि पिछले वर्ष से इस वर्ष तक पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 35 प्रतिशत और हरियाणा में 21 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2017 के मुकाबले पराली जलाने की घटनाओं में भी 51 प्रतिशत से भी ज्यादा की गिरावट दर्ज की गयी है। राज्यों ने बताया कि वह स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा उनके नोडल अधिकारी तय हैं। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जा रहा हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार अपनी ओर से भी सारे प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की एक व्यापक समस्या है और इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। एक तो व्यापक पैमाने पर जन जागरण अभियान चल रहा है। उसे और प्रभावी ढंग से केंद्र -राज्य मिलकर चलाने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से नुकसान होता है। इससे भूमि का स्वास्थ्य भी बिगड़ा है। कीट भी मारे जाते हैं।

# भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता है: इसरो प्रमुख

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथन ने कहा है कि भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए क्रांतिकारी बदलाव से गुजरना होगा। उन्होंने आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नति और उत्पाद विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में अभिनव कार्य करने के लिए अरबपति कारोबारी एलन मस्क की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मस्क की उपलब्धियों ने इसरो समेत वैश्विक





प्रयासों को प्रेरित किया है। सोमनाथन ने शनिवार को दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के 13वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, ह्ययदि भारत तीसरी, दूसरी या पहली सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, तो क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। विकास केवल व्यापार और संसाधनों से नहीं होगा। हमें प्रौद्योगिकी में मूल्य सृजित करने की आवश्यकता है जो उत्पाद विकास को ताकत प्रदान करे। मस्क के बारे में इसरो प्रमुख ने कहा, एलन मस्क अपने रॉकेट से सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। यूरोप से लेकर रूस और चीन तक हर कोई देख रहा है कि वह क्या कर रहे हैं। वह एक महान व्यक्ति हैं और शानदार काम कर रहे हैं ।

# प्रियंका गांधी ने अपने हलफनामे में नहीं दी जरूरी जानकारियां, चुनाव लड़ने का हक नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केरल के वायनाड से कांग्रेस की लोकसभा उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा के हलफनामे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उन्हें चुनाव लड़ने का कोई हक नहीं है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, हर उम्मीदवार को अपने आपराधिक इतिहास के साथ ही अपने और अपने जीवनसाथी की संपत्तियों तथा देनदारियों की जानकारी देनी होती है। लेकिन प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे लेकर अपने हलफनामे में विस्तृत विवरण नहीं दिया है, कई जानकारियों और तथ्यों को छुपाया है। हलफनामे में नेशनल हेराल्ड मामले का जिक्र नहीं है। वह ट्रस्ट के माध्यम से जो शेयर होल्ड करती हैं, उसके बारे में नहीं बताया गया है। हलफनामे में यह कहा गया है कि उनके पति तीन कंपनियों में पार्टनर हैं, जबकि वह पांच कंपनियों में पार्टनर हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन सभी सवालों के जवाब देने चाहिए। गांधी परिवार को शेयर होल्डिंग, संपत्तियों और कंपनियों में पार्टनरशिप को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत का संविधान और सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी पर लागू होता है, लेकिन ये लोग अपने आपको संविधान और कानून से ऊपर समझते हैं। इन्होंने झूठ बोला है और भारत एवं वायनाड की जनता के साथ फरेब किया है। पूरे विश्व में सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी राजनीतिक परिवार कोई है, तो वो गांधी परिवार है। जब अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने की बात आती है, तो ये लोग सोचते हैं कि संविधान को तार-तार कर देंगे, कानून को झुका देंगे, जनता को बेवकूफ बना देंगे। उन्होंने इसे गंभीर मसला बताते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने हलफनामे में तथ्यों को छुपाता है या गलत जानकारी देता है तो उनको चुनाव लड़ने का कोई हक नहीं है। कार्रवाई को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी चुनावी प्रक्रिया चल रही है और चुनावी प्रक्रिया में एक रिटर्निंग ऑफिसर का भी एक बड़ा रोल होता है। हमने यह मुद्दा उठाया है और इस तथ्य के साक्ष्य और प्रमाण है। उन्होंने इसमें यह भी जोड़ा कि देश के कानून में उनकी (भाजपा) आस्था भी है और वे उसी अनुसार चलते हैं।

**समारोह** राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है.............

# भारत की राष्ट्रपति ने आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह को सुशोभित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (26 अक्टूबर, 2024) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के दीक्षांत समारोह को सुशोभित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटीयनों ने अपनी अग्रणी सोच, प्रयोगात्मक मानसिकता, नवीन दृष्टिकोण और दूरदर्शी दृष्टि से देश और विश्व की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया है। कई वैश्विक कंपनियों का नेतृत्व करके वे अपने तकनीकी और विश्लेषणात्मक कौशल से 21वीं सदी के विश्व को कई तरह से आकार दे रहे हैं। आईआईटी के कई पूर्व छात्रों ने उद्यमिता का रास्ता चुना है और नए रोजगारों का सृजन किया है। उन्होंने भारत के डिजिटल परिवर्तन और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा दिया है।





राष्ट्रपति ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में कहा जाता है, रजोखिम नहीं तो लाभ नहीं। दूसरे शब्दों में, जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से स्वरोजगार में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नातक करने वाले छात्र जोखिम उठाने की अपनी क्षमता के साथ आगे बढ़ते रहेंगे, नई तकनीक विकसित करेंगे और विश्व को एक बेहतर स्थान बनाने की दिशा में काम करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी संस्कृति और परंपराओं से समृद्ध है। आदिवासी समाज के लोग प्रकृति को करीब से समझते हैं और सदियों से पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाते आ रहे हैं। वे प्राकृतिक जीवन शैली से संचित ज्ञान के भंडार हैं। उन्हें समझकर और उनकी जीवन शैली से सीखकर हम भारत के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। लेकिन देश का समावेशी विकास हमारे आदिवासी भाई-बहनों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में विशेष प्रयास करने के लिए आईआईटी भिलाई की सराहना की। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि आईआईटी भिलाई एग्री-टेक, हेल्थ-टेक और फिन-टेक पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस संस्थान ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एम्स रायपुर के साथ मिलकर मोबाइल ऐप बनाए हैं जो ग्रामीणों को घर बैठे चिकित्सा सहायता प्राप्त करने में मदद करते हैं। संस्थान ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के साथ मिलकर किसानों के लिए तकनीकी समाधान तैयार किए हैं जो उन्हें अपने संसाधनों का सही तरीके से मार्गदर्शन और उपयोग करने में मदद करते हैं। उन्होंने यह भी पाया कि आईआईटी भिलाई महुआ जैसे लघु वन उत्पादों पर काम करने वाले आदिवासी समुदायों के विकास के लिए काम कर रहा है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि आईआईटी भिलाई समावेशी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है और वंचित और पिछड़े वर्गों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। संस्थान ने छात्राओं की संख्या और भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए सपनों, नई सोच और नवीनतम तकनीकों के साथ आईआईटी भिलाई देश का नाम रोशन करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के बैंक खाते आधार से न जोड़े तो होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी, एजेंसी।** जिले में छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रों के खाते आधार सीड करने को लेकर शुक्रवार को सीडीओ ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की समस्त छात्रवृत्ति योजनाओं के वर्ष 2022-23 और 23-24 के लिए छात्रों के बैंक खाते आधार सीडिंग करने के सख्त निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की विभिन्न वर्गों के छात्रों को पूर्वदशम (कक्षा 9-10) और दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति का भुगतान आधार आधारित पेमेंट से होना है। इसमें छात्र-छात्राओं का खाता आधार से सीड होना आवश्यक है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने वर्ष 2022-23 और 2023-24 के सभी छात्रवृत्ति में बिना आधार सीड खातों की सूची शिक्षण संस्थानों को दी है। इसके बाद भी काफी संख्या में विद्यार्थियों के खातों की आधार सीडिंग नहीं हुई। जिले में सभी छात्रवृत्ति योजना के करीब 2,974 विद्यार्थियों का बैंक खाता आधार सीड नहीं है। इसके चलते विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं हो पाया है। शुक्रवार को सीडीओ ने सभी शिक्षण संस्थानों को शेष छात्रों का खाता आधार सीड कराने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि ऐसा न होने पर संबंधित शिक्षण संस्थान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि बैंक खातों में आधार सीडिंग होने या नहीं होने की स्थिति जानने के लिए विद्यार्थी की वेबसाइट पर आधार नंबर डालकर देख सकते हैं।

### मिठाई की दुकानों में मारा छापा, नमूने लिए

**कालाढूंगी, एजेंसी।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग और पूर्ति विभाग अलर्ट मोड पर हैं। शुक्रवार को एसडीएम रेखा कोहली के निर्देशन में टीम ने नगर में मिठाइयों की दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान दुकानों में टीम को कोई कमी नहीं मिली। हालांकि एक दुकान में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होता मिला, जिस पर पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र भट्ट ने संबंधित दुकानदार को हिदायत दी। एसडीएम रेखा कोहली एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि कुछ दुकानों से मिठाई और मावा के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं बाजार में मुर्गा, बकरा मीट के दुकानदारों की ओर से दुकान से बाहर मीट बेचने पर एसडीएम ने चालान करने के निर्देश दिए। वहां नगर पंचायत लिपिक भूपाल सिंह बोरा, सफाई नायक महिपाल आदि थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**खटीमा, एजेंसी।** एक माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल महिला की बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक ऊंची बगुलिया निवासी मीरा देवी (37) पत्नी बृजा प्रसाद को 22 सितंबर को मेलाघाट रोड पर बाइसपुल के पास एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को खटीमा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### साक्ष्य के अभाव में मारपीट के सात आरोपी दोष मुक्त

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार बर्मन की अदालत ने पर्याप्त सबूतों के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के सात आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया है। सभी आरोपी जमानत पर रिहा क्षेत्र की एक महिला ने 23 अगस्त 2018 को न्यायालय में वाद दायर किया था। महिला ने अदालत को बताया था कि 22 जुलाई 2018 को अपराह्न करीब तीन बजे पड़ोस की एक महिला ने उसके घर में आकर उसके साथ मारपीट की । जिसकी शिकायत उसने आईडीपीएल पुलिस चौकी में की। पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया। लेकिन रात करीब 11 बजे विपिन कुमार चौधरी, मोहित कुमार उपाध्याय, शुभम ठाकुर, संतोष, सूरज चौधरी, मंदीप व सत्या देवी ने उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामले में 2 फरवरी 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए गए।

# तिरूपति बालाजी लड्डू विवाद के बाद अब पिरान कलियर दरगाह के प्रसाद पर हंगामा, केमिकल का हो रहा था इस्तेमाल





**कलियर (हरिद्वार), एजेंसी।** तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावटी घी का प्रयोग किए जाने के बाद अब दरगाह पिरान कलियर में चढ़ाए जाने वाले इलायची दाना प्रसाद और सोहन हलवे में केमिकल का उपयोग करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को खाद्य संरक्षा विभाग व प्रशासनिक टीम की छापामार कार्रवाई के दौरान यह बात सामने आई।

जांच में पता चला कि दरगाह में बनाए जाने वाले प्रसाद में सोडियम हाइड्रो सल्फाइड का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर इस केमिकल का इस्तेमाल कपड़ों की रंगाई में होता है। इसके अलावा दरगाह में कई अनियमितताएं भी सामने आई हैं। कार्रवाई के दौरान पता चला कि निर्माण इकाई के पास खाद्य संरक्षा विभाग की ओर से जारी होने वाला फूड सेफ्टी का लाइसेंस भी नहीं था। गंदे और बदबूदार स्थान पर प्रसाद का निर्माण किया जा रहा था।

प्र साद का सैंपल लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को अपर सचिव स्वास्थ्य अनुराधा पाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा, जिला खाद्य संरक्षा अधिकारी एमएम जोशी, वरिष्ठ खाद्य संरक्षा अधिकारी योगेन्द्र पांडे, दिलीप जैन दरगाह पिरान कलियर पहुंचे। उन्होंने दरगाह में सबसे पहले इलायची दाने और सोहन हलवे की निर्माण इकाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि यहां पर सोहन हलवे के निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है। चीनी के बोरे काफी गंदी हालत में थे। साथ ही, कई गड़बड़ी भी मिली हैं। इसके अलावा पता चला कि इलायची दाने के निर्माण में सोडियम हाइड्रो सल्फाइड का इस्तेमाल हो रहा है, जो कि अखाद्य केमिकल है।

यहां पर साफ-सफाई भी ठीक नहीं मिली है। बर्तन गंदी हालत में थे। जिसके सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं। इसके बाद अपर सचिव स्वास्थ्य व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बाजार का निरीक्षण करते हुए सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए हैं।

रुड़की सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एके मिश्रा ने बताया कि सोडियम हाइड्रो सल्फाइड का इस्तेमाल यदि खाने की वस्तु में किया जाता है, तो वह मीठे जहर के रूप में काम करता है। सबसे पहले यह लीवर पर असर डालता है और धीरे-धीरे लीवर कमजोर होता चला जाता है। इसके उपयोग से पीलिया भी हो जाता है।

## ईपीएफ व ईएसआई खातों में गड़बड़ी पर जताई नाराजगी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने नगर पालिका मुनि की रेती-ढालवाला में तैनात सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में समीक्षा की। पर्यावरण मित्रों के ईपीएफ व ईएसआई खातों में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संबंधित ठेकेदार को शीघ्र समस्या के निवारण करने के लिए निर्देशित किया। शुक्रवार को विनय प्रताप सिंह नगर पालिका मुनि की रेती-ढालवाला में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को सुनने पहुंचे। इसके बाद आयोग सदस्य ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को सुना। जिसमें ईपीएफ और ईएसआई खातों में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर आयोग सदस्य ने नाराजगी जताई।

## संदिग्ध हालात में पंखे में लटकी मिली विवाहिता, हत्या का आरोप; पुलिस बोली- इस वजह से थी परेशान

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** संदिग्ध हालात में महिला कमरे के अंदर पंखे से लटकी मिली। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाजपुर में संदिग्ध हालात में महिला कमरे के अंदर पंखे से लटकी मिली। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार महिला ऑनलाइन गेम खेलती थी। गेम में रकम हारने से परेशान होकर महिला के आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है।

शहर के वार्ड नंबर 12 भौना कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय पल्लवी शर्मा शुक्रवार को कमरे में पंखे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंचे मृतका के पति अनुभव शर्मा और देवर देवांचल ने दरवाजा खोला, तब तक पल्लवी शर्मा की मौत हो चुकी थी। सूचना पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, कोतवाल नरेश चौहान ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, कोतवाल नरेश चौहान के अनुसार ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान एक महिला हजारों रुपये हार गई थी। रकम गंवाने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। इसी के चलते उसके द्वारा आत्महत्या करना प्रतीत होता है। पुलिस ने मृतका के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। इधर, देर शाम मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि, मायके वालों ने पैसों की डिमांड का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कुछ माह पहले ही 28 हजार रुपये उन्होंने मृतका के खाते में ऑनलाइन भेजे थे। मायकेवालों ने पति सहित अन्य ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के छोटे-छोटे दो बच्चे हैं। सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा। तहरीर आने पर जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव स्थगित होने पर हंगामा, टंकी पर चढ़े छात्र

**ऋषिकेश, एजेंसी।** छात्रसंघ चुनाव स्थगित होने से आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश परिसर में जमकर बवाल किया और विश्वविद्यालय और शासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। परिसर का गेट बंद कर छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। कई छात्र पानी की टंकी पर चढ़ गए, जिसे देखकर प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर में छात्रसंघ चुनाव स्थगित होने को लेकर छात्र-छात्राओं का विरोध प्रदर्शन सुबह आठ बजे शुरू हो गया। विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं और छात्रसंघ चुनाव के संभावित प्रत्याशियों ने परिसर के हरिद्वार रोड स्थित तीनों गेटों पर तालाबंदी कर दी और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इस दौरान अपनी कक्षाओं में अध्यापन के लिए पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं को गेट के बाहर ही रहना पड़ा। छात्रों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्रों का विरोध जारी रहा।

इस दौरान छात्रों ने विवि और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परिसर के गेट पर टायर भी जलाए। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर छात्रों ने मुख्य हरिद्वार मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। जिससे मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

काफी समझाने पर करीब 11ः30 बजे पुलिस ने हरिद्वार रोड को खुलवाया। करीब 12 बजे छात्रा संजना गुप्ता और छात्र रवि सिंह बिष्ट परिसर में पुस्तकालय के सामने बनी टंकी पर चढ़ गए। जिसके बाद पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। नीचे खड़े छात्र-छात्राओं ने विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

मौके की नजाकत को देखते हुए ऋषिकेश एसडीएम स्मृता परमार मौके पर पहुंची। उन्होंने भी टंकी पर चढ़े छात्र-छात्रा को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह भी विफल रहीं। दोपहर करीब एक बजे मौका पाकर छात्र मानव रावत, राजकुमार व अंजनी समेत कुछ अन्य छात्र भी टंकी पर चढ़ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।

दोपहर करीब 2ः45 बजे विवि प्रशासन ने टंकी पर चढ़े छात्रों को आश्वासन दिया कि विवि प्रशासन जल्द ही शासन से वार्ता कर छात्रसंघ चुनाव कराएगा।

# हल्द्वानी में मैकेनिक के सिर पर सिलेंडर गिरने से दर्दनाक मौत, मचा कोहराम, घटना सीसीटीवी में कैद



**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के नामी मिठाई की दुकान (स्टैंडर्ड स्वीट हाउस) में फ्रिजर सही करने आए मैकेनिक के सिर के ऊपर सिलेंडर गिरने से मौत की खबर सामने आई है। इसके चलते मैकेनिक के सिर के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही फ्रिजर मैकेनिक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर हड़कंप मच गया। बता दें कि इस दौरान मौत की घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मैकेनिक ऊधमसिंह नगर के किच्छा से हल्द्वानी स्थित स्टैंडर्ड स्वीट हाउस में फ्रिज सही करने पहुंचा था। इस दौरान मैकेनिक के सिर पर सिलेंडर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद दुकानदार दुकान बंद कर मौके से भाग निकला। वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही मैकेनिक के पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जिसमें दर्जनों लोग किच्छा से हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने संबंधित मामले में थाने में शिकायत की और जमकर हंगामा कर दिया। इस दौरान पुलिस और मृतक परिजनों के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई। परिजनों का कहना है कि दुकान स्वामी के लापरवाही की वजह से विक्की मैकेनिक की मौत हुई है। उन्होंने पुलिस से उन्हें न्याय दिए जाने की गुहार लगाई है।

बता दें कि विक्की मैकेनिक अपने घर पर अकेला कमाने वाला सदस्य था। उसकी अचानक हुई मौत के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। साथ ही इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। वहीं, इस मामले में एसपी सिटी प्रकाश आर्य ने बताया कि मैकेनिक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर और पुलिस जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खेल मंत्री ने स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का किया निरीक्षण



**रूद्रपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने रूद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के इंतजामों को तेजी के साथ पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने रुद्रपुर दौरे के दौरान स्टेडियम में तैयार हो रहे वेलोड्रम साइकिलिंग ट्रैक और बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल का निरीक्षण किया। साथ ही इनके निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पुख्ता रूप से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्टेडियम की दर्शक दीर्घा के शेड और दर्शकों के लिए यहां के इंतजामों को देखा और कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारियों को इनमें किसी प्रकार की कोताही न बरतने का सख्त संदेश दिया।

रेखा आर्या ने कहा कि हमारे प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि हम 38 राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अपने राज्य उत्तराखंड में ही करवा रहे हैं। वहीं, इन खेलों के लिए एक बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है।

## चुनाव नहीं कराने से बौखलाए विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने से नाराज विद्यार्थियों ने एलएमएस कैंपस के प्रवेश द्वार पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर तक हर हाल में छात्रसंघ चुनाव होने चाहिए थे। इसकी सरकार को जानकारी थी। इसके बाद भी चुनाव नहीं कराए गए। ऐसा कर सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है। सरकार को हर हाल में छात्रसंघ चुनाव कराने होंगे। छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर छात्र नेताओं का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को पिथौरागढ़ कैंपस में विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि लिंगदोह कमेटी के अनुसार 30 सितंबर तक हर हाल में छात्रसंघ चुनाव कराने जरूरी थे। सरकार ने चुनाव नहीं कराए। 25 सितंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इसी बीच चुनाव न होने का आदेश जारी किया गया।

ऐसे में चुनाव की तैयारी में जुटे छात्र नेताओं और अपने विद्यालय की सरकार चुनने का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों में निराशा है। उन्होंने कहा कि सरकार सबकुछ जानते हुए भी अनजान बनी रही। चुनाव न कराकर विद्यार्थियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया गया। उन्होंने कहा कि देश में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता है। छात्रसंघ चुनाव न होना सरासर लोकतंत्र की हत्या है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शिक्षक हैं नहीं, विद्यार्थी कैसे बनाएंगे भविष्य

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। यहां से बिना प्रतिस्थानी के 137 शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया गया। इससे शिक्षकों की कमी हो गई है। इसका सीधा असर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न इंटर कॉलेज और हाईस्कूलों से प्रवक्ता के 46 और एलटी संवर्ग के 91 शिक्षकों का स्थानांतरण जिले से बाहर हुए हैं। इसके सापेक्ष जिले में प्रवक्ता में 12 और एलटी संवर्ग में नौ शिक्षक ही पहुंचे।

पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे पिथौरागढ़ जिले में प्रवक्ता और एलटी के 2801 पदों के सापेक्ष केवल 1572 पदों पर शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में सीमांत जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी हो गई है।

वहीं विकासखंड धारचूला और मुनस्यारी के 90 फीसदी विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब है। इन इलाकों में महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापक लंबे समय से नहीं हैं। इससे उन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन काफी प्रभावित हुआ है। शिक्षकों की तैनाती तो दूर जो शिक्षक यहां थे उन्हें भी अन्य जिलों में भेजे जाने के बाद यहां के लोगों में काफी नाराजगी है। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे सीमांत जिले के कई विद्यालयों से एक साथ पांच से ज्यादा शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं। इससे इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को पढ़ाने वाला कोई नहीं है। धारचूला ब्लॉक के राइका बरम में एक सात आठ शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ है। 300 से अधिक विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए अब केवल पांच शिक्षक ही तैनात हैं। महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने से हाईस्कूल और इंटर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का पठन-पाठन चौपट हुआ है।

## 75 करोड़ की पेयजल योजना फाइलों में सिमटी

**गंगोलीहाट, एजेंसी।** विकासखंड के 22 गांवों के 30 हजार लोगों की प्यास बुझाने के लिए बनने वाली 75 करोड़ की पंपिंग योजना फाइलों में सिमटी है। चार महीने पहले योजना की डीपीआर तैयार कर ली गई लेकिन इसे अब तक वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ऐसे में क्षेत्र के लोग पानी की समस्या का सामना करते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर हैं। पठक्यूड़ा, रावलगांव, कुंजनपुर, खेतिगाड़ा, पुनोली, चुतरापानी सहित 22 गांवों के 30 हजार लोगों को जल संकट से मुक्ति दिलाने के दावे कर रामगंगा नदी से 75 करोड़ की पंपिंग योजना को स्वीकृति दी गई। चार महीने पहले जापान की जायका कंपनी ने इसकी डीपीआर तैयार कर शासन को वित्तीय स्वीकृति के लिए भेजी। लंबा समय बीतने के बाद भी इसे वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल सकी है और यह योजना सिर्फ फाइलों में सिमटकर रह गई है। क्षेत्र में बनी पेयजल योजनाओं से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। ऐसे में लोग प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगाकर अपनी जरूरत पूरी करने के लिए मजबूर हैं और हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना चलाकर इसकी सफलता के दावे हो रहे हैं।

# 13 और मरीजों में डेंगू की पुष्टि, 106 बुखार पीड़ितों के लिए सैंपल

**रूड़की, एजेंसी।** नारसन ब्लॉक के ठसका गांव में डेंगू का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को बुखार से पीड़ित 13 और मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद ठसका गांव में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक डेंगू पीड़ितों की संख्या 35 पहुंच गई है। जिले से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाकर मरीजों की जांच की। 106 मरीजों के खून के सैंपल लिए गए हैं। इन मरीजों की भी एलाइजा जांच कराई जा रही है। वहीं, 172 बुखार पीड़ित मरीजों को दवा दी गई है। गांव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है।

अक्तूबर माह खत्म होने को है। इस सीजन में डेंगू यदि फैला भी हो तो भी खत्म होने लगता है लेकिन इस सीजन में डेंगू के कहर ने स्वास्थ्य विभाग को अचरज में डाल दिया है। नारसन के ठसका गांव में डेंगू फैला हुआ है। हालत यह है कि हर दूसरे घर में बुखार पीड़ित मरीज हैं। दो दिन पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाकर बुखार पीड़ित मरीजों के खून के सैंपल लिए गए थे। उनमें से 13 और मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके बाद ठसका गांव में डेंगू पीड़ित मरीजों की संख्या 35 हो गई है।

जिले से शुक्रवार को एसीएमओ डॉ. अनिल वर्मा के नेतृत्व में 15 चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ठसका गांव में पहुंची। टीम ने गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। टीम ने शिविर व घर-घर में जाकर 172 बुखार पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्हें दवाएं दी गईं। इसके अलावा 106 मरीजों के खून के सैंपल लिए गए हैं। इनकी एलाइजा जांच कराई जा रही है।

ठसका गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। जांच के दौरान आठ बुखार पीड़ित मरीजों की हालत ज्यादा खराब होने के चलते उन्हें सरकारी एंबुलेंस से सिविल अस्पताल रुड़की के डेंगू वार्ड में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान अजयवीर सिंह ने बताया कि गांव में बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या काफी अधिक है। आठ मरीजों को डॉक्टरों ने रुड़की अस्पताल में भर्ती कराया है। 50 से अधिक बुखार पीड़ित ऐसे हैं जिनका उपचार निजी अस्पतालों में चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में डेरा डाला गया है।

## जिला जज की न्यायालय से चेक बाउंस का आरोपी दोषमुक्त

**नैनीताल, एजेंसी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की न्यायालय ने चेक बाउंस के आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से दी गई सजा को निरस्त करते हुए उसे दोषमुक्त करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को चेक बाउंस मामले में एक साल की कैद और 10.3 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

भारतीय सेना से सेवानिवृत्त गेठिया निवासी संजय सिंह बोहरा ने अपने ही गांव के भुवन सुनरिया पर आरोप लगाया था कि उसने उनसे 11,99,623 रुपये की उधार लिए थे। इसके बदले में भुवन ने 13 जनवरी 2022 को 10 लाख का हस्ताक्षरित चेक दिया, जो बाउंस हो गया। मामला निचली अदालत में पहुंचा, जहां 18 अक्तूबर 2023 को आरोपी भुवन सुनरिया को एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत दोष सिद्ध मानते हुए न्यायालय ने एक वर्ष की कैद और 10.3 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024



# दीवाली में आतंकी घटना की आशंका

## किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, वो बम हो सकता हैं, पुलिस को तुरंत सूचित करें

**जानकारी**

- किसी भी अंजान/लावारिस गाड़ी के पार्किंग में या अपनी गली/ मोहल्ले में, या मकान के सामने खड़े होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दीपावली को लेकर दिल्ली के बाजारों में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं वही त्योहार के इस खुशी के मौके पर कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए दिल्ली पुलिस सचेत है। इसके लिए बाजार में पुलिस की संख्या में बढ़ोतरी की गई है साथी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बाजार संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर कर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं।

इन बातों को ध्यान में रखते हुए दिए गए निर्देश दीपावली पर बाजारों में बढ़ती भीड़-भाड़ के चलते उत्तरी जिले के नवनियुक्त उपायुक्त डिप्टी राजा बांथीया, अतिरिक्त आयुक्त शंकर बनर्जी, एसएचओ जतन सिंह तथा कोतवाली थाने की टीम ने कूचा महाजनी का दौरा किया तथा सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

बंथीया ने आल बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल से बाजार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ जानकारी हासिल की, जैसे बाजार में कितनी दुकाने हैं, कितनी मंजिलों पर दुकाने हैं, आपातकालीन परिस्थिति में बाजार से बाहर निकलने के कितने अतरिक्त रास्ते हैं। बाजार मे प्रतिदिन कितने लोग आते हैं। साथ ही उससे संबंधित दिशानिर्देश जारी किए।

आतंकवादी गतिविधियों से बचाव के दिशा-निर्देश

अपने आंख-कान खुली रखे तथा किसी भी संदेहास्पद वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत अपने इलाके के बीट कांस्टेबल , नजदीकी पीसीआर वैन, पुलिस पिकेट, एसएचओ या 112 नंबर पर जरूर दें।

संदेहास्पद व्यक्ति और गाड़ी का फोटो अपने मोबाइल में लेने की जरूर कोशिश करें और पास के थाने में सूचित करें।

किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, वो बम हो सकता है, पुलिस को तुरंत सूचित करें।

अपनी गाड़ी बेचने से पहले खरीदने वाले का सत्यापन जरूर कर लें।

अपना मकान/दुकान किराए पर देने से पहले किराएदार का सत्यापन जरूर कर लें।

दिल्ली पुलिस द्वारा समय- समय पर जारी किए गए आतंकी या संदेहास्पद व्यक्तियों पर नजर रखें।

किसी भी अंजान/लावारिस गाड़ी के पार्किंग में या अपनी गली/ मोहल्ले में, या मकान के सामने खड़े होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें।

किसी भी अंजान व्यक्ति से राह चलते कोई सामान ना लें।

अपने आस पास के कूड़ेदान को रोजाना करवाते रहें।

सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुआ था धमाका

प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर रविवार को धमाका कर दिल्ली को दहलाने की साजिश हुई। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जांच कर रही है। बता दें जहां पर धमाका हुआ था। इससे कुछ ही दूरी पर एक और निजी स्कूल है। इन दोनों ही स्कूल में छह हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं, जो रोजाना सुबह स्कूल वैन, बस व अपने-अपने वाहनों से स्कूल से आते हैं।

## कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज ने शाहपुर जाट गांव में की पदयात्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के दो मंत्री, सौरभ भारद्वाज और कैलाश गहलोत ने शाहपुर जाट गांव में जनसंपर्क अभियान के तहत पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों के बीच केजरीवाल का पत्र वितरित किया। पत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के पीछे के कारणों का उल्लेख किया गया है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि यह यात्रा लोगों के बीच सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को साझा करने के लिए है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि लोग जानें कि केजरीवाल सरकार ने उनकी भलाई के लिए कितने काम किए हैं। वहीं, कैलाश गहलोत ने भी जनता से संवाद करते हुए कहा, ह्यइस पत्र के माध्यम से हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। हमें इस मुद्दे पर लोगों को जागरूक करना है। पदयात्रा के दौरान दोनों मंत्रियों ने गांव के कई स्थानों पर रुककर स्थानीय लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से अपील की कि वो आप पर भरोसा बनाए रखें। उन्होंने ये भी बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर लोगों को सूचित करना है

# यमुना नदी में डुबकी लगाने के बाद बीमार पड़े दिल्ली भाजपा अध्यक्ष, आप ने बताया नौटंकी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की तबीयत खराब हो गई है। उन्होंने आरएमएल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दो दिन पहले यमुना नदी में डुबकी लगाई थी। इसके बाद शनिवार को सुबह सांस लेने में तकलीफ और त्वचा में गंभीर जलन की शिकायत मिली।

सचदेवा ने दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को विरोध में आईटीओ के पास यमुना घाट पर डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहर को नदी की सफाई के लिए निर्धारित धन से वंचित कर दिया है।

दिल्ली भाजपा के अनुसार, वीरेंद्र सचदेवा को गंभीर खुजली हो रही है और उनकी सांस लेने में तकलीफ हो रही है। सचदेवा ने कहा कि उन्हें पहले कभी सांस लेने की समस्या और त्वचा में जलन नहीं हुई।

यमुना के तट पर जाकर सचदेवा ने आप नेताओं, मुख्यमंत्री आतिशी और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नदी की स्थिति का निरीक्षण करने की चुनौती दी थी।



भाजपा कर रही नौटंकी

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वीरेंद्र सचदेवा के बीमार पड़ने पर उनके स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही वीरेंद्र सचदेवा द्वारा नदी में डुबकी लगाने पर और यमुना में प्रदूषण के लिए आप सरकार को जिम्मेदार ठहराये जाने पर आप ने इसे नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि यमुना में प्रदूषण भाजपा की नौटंकी करने से कम नहीं होगा। भाजपा नौटंकी कर रही है हम काम कर रहे हैं।

सचदेवा के आरोपों पर क्या बोले दिल्ली सरकार के मंत्री

सचदेवा ने कहा कि केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 8,500 करोड़ रुपये दिए हैं, इसका हिसाब उन्हें देना चाहिए। आरोपों का जवाब देते हुए दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जहां तक यमुना में औद्योगिक कचरे का सवाल है, दिल्ली में कोई उद्योग नहीं है। औद्योगिक कचरा पानीपत और सोनीपत के नालों से आ रहा है। इसकी पुष्टि हो चुकी है और एनजीटी ने भी कई बार यह कहा है।

अगर वीरेंद्र सचदेवा इस बारे में गंभीर हैं तो उन्हें हरियाणा सरकार से बात करनी चाहिए और सोनीपत और पानीपत से औद्योगिक कचरा आने से रोकना चाहिए।

जनविरोध को हमला बता रहे हैं केजरीवालः भाजपा

भाजपा ने कहा जनविरोध को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के नेता हमला बताकर लोगों को भ्रमति करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के विधायकों से दिल्लीवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। लोग उनके सड़क पर आकर प्रश्न पूछ रहे हैं। विकासपुरी में लोगों ने केजरीवाल से गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे। इससे नाराज होकर वह भाजपा पर हमला कराने के झूठे आरोप लगाना शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 17 वर्षीय जेईई की छात्रा ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के जामिया नगर इलाके में एक 17 वर्षीय छात्रा द्वारा आत्महत्या का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। इस घटना ने न केवल छात्रा के परिवार को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि पूरे समाज में एक गंभीर प्रश्न भी खड़ा किया है। क्या परीक्षा का दबाव हमारे युवाओं को ऐसे कृत्य की ओर धकेल रहा है?

घटना का विवरणः पुलिस द्वारा बरामद सुसाइड नोट में छात्रा ने अपनी निराशा को व्यक्त करते हुए लिखा, मुझे माफ कर देना, मैं यह नहीं कर पाई। बताया गया है कि वह खएए परीक्षा में असफल होने के कारण मानसिक तनाव का सामना कर रही थी। उउळश फुटेज में घटना के समय एक युवा व्यक्ति को फोन पर बात करते हुए देखा गया था। जिसके बाद छात्रा ने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्रा पिछले कुछ समय से अवसाद में थी और लगातार खएए परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को छात्रा ने आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि छात्रा 12वीं कक्षा के बाद जेईई की तैयारी कर रही थी, लेकिन वह परीक्षा में सफल नहीं हो पाई। इस असफलता के कारण वह मानसिक रूप से परेशान थी। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, और कई युवा छात्र परीक्षा के दबाव को सहन नहीं कर पा रहे हैं। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि हमें शिक्षा की प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है, ताकि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। समाज की जिम्मेदारीः इस घटना ने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को ठीक से समझते हैं?

# कौन है लेडी डॉन अनु धनखड़? पुलिस की नजरों से बचकर कहां रही अब तक; अमेरिका में शानदार जिंदगी जीने की थी योजना

- जांच में अनु धनखड़ की भूमिका एक मुख्य आरोपी के रूप में सामने आई, जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से अमन को बहलाकर दोस्ती की।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग की महिला सहयोगी को यूपी के लखीमपुर खीरी में अंतरराष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल दिल्ली ले आई और उसे शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया।

आरोपी महिला की हरियाणा के रोहतक की रहने वाली अन्नू धनखड़, जो 18 जून को राजौरी गार्डन में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के एक समर्थक की सनसनीखेज हत्या में शामिल थी। वह हत्या के बाद से फरार थी और उसे 23 सितंबर को उसे भगोड़ा घोषित किया था।

18 जून को हुई थी अमन की हत्या

स्पेशल सेल के उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि इस वर्ष 18 जून को लगभग 9:30 बजे तीन बाइक सवार व्यक्ति राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग आउटलेट की पहली मंजिल पर पहुंचे। एक व्यक्ति बाइक पर बाहर खड़ा रहा और दो लड़के बर्गर किंग के अंदर गए और प्रतिद्वंद्वी गिरोह के हरियाणा के झज्जर निवासी अमन पर करीब 20 से 25 राउंड फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में थाना राजौरी गार्डन में मामला दर्ज किया गया। बाद में हिमांशु भाऊ गैंग ने हमले की जिम्मेदारी ली।

28 जुलाई को एक आरोपी हुआ गिरफ्तारसनसनीखेज हत्याकांड में स्पेशल सेल सहित कई इकाइयां शामिल आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुट गईं। उत्तरी रेंज की स्पेशल सेल की टीम ने भी घटनास्थल का दौरा कर कई सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। 28 जुलाई को स्पेशल सेल ने एक आरोपी रोहतक के बिजेंद्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपी भी



हुए गिरफ्तार

बिजेंद्र की गिरफ्तारी के साथ, शामिल अन्य आरोपियों की पहचान हरियाणा के हिसार के आशीष उर्फ लालू और झज्जर के विकास उर्फ विक्की और रोहतक की अन्नू धनखड़ के रूप में हुई। जांच में अनु धनखड़ की भूमिका एक मुख्य आरोपी के रूप में सामने आई, जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से अमन को बहलाकर दोस्ती की।

अमन को मिलने के लिए बुलाया

घटना के दिन उसने अमन को बर्गर किंग रेस्तरां में मिलने के लिए बुलाया था और यह जानकारी हिमांशु उर्फ भाऊ और साहिल रिटोलिया को दी। उसकी सूचना पर तीनों आरोपियों को अमन को खत्म करने के लिए बर्गर किंग रेस्तरां भेजा गया था।

19 जून को आखिरी बार दिखी

अनु धनखड़ को आखिरी बार 19 जून को कटरा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था और तब से उसकी गतिविधियों का पता नहीं चल पाया था। अन्य दो आरोपी आशिह उर्फ लालू और विकास उर्फ विक्की की 12 जुलाई को सोनीपत क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी।

लखीमपुर से लाया गया दिल्ली

बृहस्पतिवार को टीम को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में अंतर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा के पास अनु धनखड़ की गतिविधियों के संबंध में गुप्त जानकारी मिली। टीम तुरंत उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हुई, जहां उसे खोजकर गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कार्यवाही के लिए उसे दिल्ली लाया गया।

भाऊ ने उसे अमेरिका में शानदार जिंदगी का किया वादा

आरोपी अनु से पूछताछ करने पर पता चला कि उसकी हिमांशु उर्फ भाऊ और साहिल रिटोलिया से दोस्ती है, उन्होंने उसे अपने खर्च पर यूएसए में इमिग्रेशन के लिए वीजा और अन्य दस्तावेजों की व्यवस्था करने और उसे यूएसए में एक शानदार जीवन जीने का वादा किया था।

शुरू में वह अन्य गिरोह के सदस्यों के साथ थी। सोनीपत के गोहाना में मातू राम हलवाई की दुकान पर फायरिंग मामले में भी अनु का नाम सामने आया था। उसका नाम मातू राम हलवाई से रंगदारी मांगने के मामले में भी आया था।

इस तरह भागती रही अनु धनखड़

अमन की हत्या के बाद वह मुखर्जी नगर पीजी में आई और अपना सामान लिया। फिर, आईएसबीटी कश्मीरी गेट से बस में बैठकर चंडीगढ़ गई और आगे अमृतसर के रास्ते कटरा पहुंची। जब वह कटरा में एक गेस्ट हाउस में थी तो हिमांशु उर्फ भाऊ ने उसे तुरंत गेस्ट हाउस खाली करने को कहा। इस पर वह ट्रेन से जालंधर पहुंची और चंडीगढ़ होते हुए बस से हरिद्वार गई।

कोटा में चार महीने रुकी

वह हरिद्वार में 3-4 दिन रुकी और फिर बस से कोटा गई और वहां राजस्थान के कोटा में एक पीजी में चार महीने तक रही। इस अवधि में वह भाऊ और साहिल के संपर्क में थी, वे उसे एक मनी एक्सचेंजर के माध्यम से ऑनलाइन पैसे भेजते थे। 22 अक्टूबर को भाऊ ने उसे बताया कि अब मामला शांत हो गया है और उसे पीजी खाली करने का निर्देश दिया।

नेपाल पहुंचने का कर रही थी इंतजार उसने उसे आगे बताया कि वह नेपाल के रास्ते होते हुए दुबई से यूएसए आ सकती है। वह पीजी से निकल गई और लखनऊ के रास्ते लखीमपुर पहुंची, जहां वह भाऊ के निर्देश पर सीमा पार करने का इंतजार कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली में प्रदूषण पर सियासत, यमुना नदी में गाढ़ा जहरीला झाग पर आमने-सामने सत्येन्द्र जैन और सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली-नोएडा स्थित शनिवार को कालिंदी कुंज में यमुना नदी पर एक बार फिर गाढ़ा, जहरीला झाग तैरता देखा गया क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में नदी में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से उच्च बना हुआ है। हालांकि, सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के अनुसार, शनिवार को दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में एक दिन पहले की तुलना में थोड़ा सुधार दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 237 पर था। जो अभी भी ह्यखराबह्ण में है। इससे पहले आज यमुना नदी में जल प्रदूषण के खिलाफ भाजपा के विरोध प्रदर्शन के जवाब में, आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन ने कहा कि नदी को प्रदूषित करने वाला औद्योगिक कचरा दिल्ली से नहीं आता है, क्योंकि कोई जल-प्रदूषणकारी उद्योग नहीं हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिलने के बाद इस महीने जेल से रिहा हुए जैन ने इस बात पर जोर दिया कि यमुना नदी में कचरा पड़ोसी राज्यों, विशेष रूप से हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आता है। सत्येन्द्र जैन बोले कि



यमुना में बहने वाला औद्योगिक कचरा दिल्ली में नहीं निकलता है, क्योंकि दिल्ली में कोई जल-प्रदूषणकारी उद्योग नहीं हैं। यह कचरा गुड़गांव की ओर से आते हुए बादशाहपुर नाले से नजफगढ़ नाले में बहता है। सोनीपत में, औद्योगिक नरेला की ओर से कचरा यमुना में बहता है, शाहदरा नाले में औद्योगिक कचरा उत्तर प्रदेश से आता है।

जैन ने आगे कहा कि यह भी बताया कि कालिंदी कुंज के पास यूपी जल निगम द्वारा प्रबंधित एक बैराज है, जिसमें 12 गेट हैं। जैन ने कहा अगर ये सभी गेट खोले जाते तो झाग जमा नहीं होता, लेकिन वे आमतौर पर केवल 2-3 गेट ही खोलते हैं।

24 अक्टूबर को दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना नदी में डुबकी लगाकर आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नदी और शहर में बढ़ते प्रदूषण की आलोचना की। एएनआई से बात करते हुए, सचदेवा ने कहा था, हमने शाही लोगों के लिए एक लाल कालीन बिछाया है। हमने दो कुर्सियों की भी व्यवस्था की है, क्योंकि इस परंपरा की शुरूआत खुद आतिशी ने की थी। सचदेवा ने आगे कहा कि हमने एक लाल कालीन की व्यवस्था की है क्योंकि जो लोग ह्यशीश महलह्ण में रहते थे वे लाल कालीन के आदी हैं। हमने दो कुर्सियों की व्यवस्था की है क्योंकि इस परंपरा की शुरूआत खुद आतिशी ने की थी, इसलिए अगर वह आती हैं तो उन्हें इसकी आवश्यकता होगी। दो कुर्सियां और अगर अरविंद केजरीवाल आते हैं, तो हमें खुशी होगी। हालांकि वह जमानत पर हैं, वह दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। अगर वे आते हैं तो हम कुछ और समय तक इंतजार करेंगे।

22 अक्टूबर को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्स पर जहरीले झाग की तस्वीरें साझा कीं और अधिकारियों से बहाने बनाने के बजाय निवासियों के लिए राहत को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## शैली ओबेरॉय ने जहांगीरपुरी स्थित हॉटस्पॉट का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर नगर निगम सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी के चलते मेयर शैली ओबेरॉय जहांगीरपुरी आईटीआई के हॉटस्पॉट पर पहुंची। यहां एमसीडी की तरफ से प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए कोशिशें की जा रही हैं। इसको लेकर मेयर शैली ओबेरॉय का कहना है के दिल्ली में खुले में जल रहा कूड़ा और पराली को जलने से रोकने के लिए एमसीडी लगातार कार्रवाई कर रही है। दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय जहांगीरपुरी स्थित हॉटस्पॉट आईटीआई पर निरीक्षण करने के लिए पहुंची। जहां उन्होंने देखा कि हॉटस्पॉट आईटीआई जहांगीरपुरी का आईक्यू लेवल 300 के करीब है, जो चिंताजनक है। इसके लिए नगर निगम प्रदूषण को कंट्रोल करने के प्रयास किया जा रहा है। लगातार पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकल मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही साथ जो लोग खुले में कूड़ा जला रहे हैं या परली जलाते हुए दिखाई दे, उन पर नगर निगम की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दिल्ली का प्रदूषण इन सब कोशिशों के बावजूद बढ़ रहा है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि बहुत ही जल्द ग्रैप के लेवल को बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल सरकार के साथ-साथ दिल्ली वासियों को भी जागरूक रहने की जरूरत है।

# गैंगस्टर भाऊ की प्रेमिका अनु के लिए दुबई में बनाया था ठिकाना, वहां से यूएसए जाने की तैयारी थी

नई दिल्ली। गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की प्रेमिका अनु धनकड़ के लिए देश से फरार होने के बाद दुबई में ठिकाना बनाया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का दावा है कि भाऊ के निर्देश पर अनु को टिकट भी दी गई थी। दुबई में कुछ दिन रहने के बाद उसे यूएसए जाना था, लेकिन इससे पहले ही उसे गुरुवार को लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार कर लिया गया। स्पेशल सेल के मुताबिक, बीती 18 जून को राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग आउटलेट पर अमन हत्याकांड में अनु को आरोपी बनाया गया है। इस हत्याकांड में स्पेशल सेल एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि दो शूटर मुठभेड़ मारे जा चुके हैं। पुलिस पूछताछ में अनु ने बताया कि हिमांशु भाऊ और साहिल रितोलिया ने उससे कहा था कि तुम्हारा वीजा और पासपोर्ट बनवाकर अमेरिका बुला लेंगे। वहां ऐशो आराम का जीवन होगा। वह उसके इशारे पर वारदात की साजिश का हिस्सा बनी और हत्याकांड के बाद राजौरी गार्डन आउटलेट से वापस मुखर्जी नगर स्थित अपने पीजी चली गई थी, जहां से अपना सामान लेकर वह आईएसबीटी पहुंची और वहां से बस से चंडीगढ़ गई। इसके बाद वहां से अमृतसर होते हुए कटरा गई। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर भाऊ के गुर्गे उसकी अप्रत्यक्ष रूप से मदद करते रहे। कटरा जाने के बाद जब यह पता चला कि पुलिस उसके पीछे लगी है तो वह वहां से हिमांशु भाऊ के कहने पर रेलगाड़ी से जालंधर गई। इस दौरान ही उसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। फिर चंडीगढ़ होते हुए हरिद्वार पहुंची। वहां कुछ दिन रही और फिर वह कोटा में चार महीने पीजी में रही। इस दौरान उसके पास साहिल और हिमांशु भाऊ की तरफ से रुपये मिलते रहे। बीते 22 अक्तूबर को हिमांशु ने कहा कि अब मामला ठंडा हो गया है, वह पीजी खाली कर दे। उसके लिए दुबई की व्यवस्था वाया नेपाल की गई है। दुबई से उसे अमेरिका बुला लेंगे। इसके बाद अनु लखनऊ होते हुए लखीमपुर खीरी पहुंची और नेपाल बॉर्डर पार करने के दौरान ही उसे स्पेशल सेल ने पकड़ लिया। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े भाऊ के गुर्गों की तलाश कर रही है।

# केजरीवाल पर हमले का मुख्य आरोपी भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्षः संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करना वाले भाजपा के गुंडो को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने साक्ष्य के साथ बताया है कि विकासपुरी में पदयात्रा का दौरान अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी रोहित सहरावत भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष है और अमित शाह के साथ सोशल मीडिया पर उसकी फोटो मौजूद है। वहीं, दूसरा आरोपी अरूण ध्राल भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री है। इससे साफ है कि केजरीवाल से चुनाव न जीतने पर भाजपा ने अब उन्हें खत्म करने का रास्ता चुना है।केजरीवाल को खत्म करने के लिए भाजपा ने ईडी-सीबीआइ का दुरूपयोग कर जेल में डाला, इंसुलिन रोकी , अब जान की दुश्मन बन गई है।भाजपा नेता जिस तरह हमलावर के समर्थन में बाहर आये हैं, उससे साबित होता है कि इस हमले में बीजेपी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह बताएं कि उन्हें केजरीवाल से इतनी नफरत क्यों है?वह केजरीवाल




को कितना नुकसान पहुंचाना चाहते हैं? भाजपा के गुंडे अभी भी खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि केजरीवाल जहां भी जाएंगे, वहां उनके ऊपर हमले करेंगे। अमित शाह की दिल्ली पुलिस हमलावरों के सामने हाथ जोड़े खड़ी थी, उसने निष्पक्ष कार्रवाई की क्या उम्मीद की जा सकती है? भाजपा की मार-पीट और हिंसा की राजनीति नहीं चलेगी, अगर केजरीवाल को खरोच भी आई तो दिल्लीवाले सूद समेत बदला लेंगे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा द्वेष और हिंसा की राजनीति में इस कदर आगे बढ़ चुकी है कि अब वो अरविंद केजरीवाल की जान लेने पर अमादा है। भाजपा अरविंद केजरीवाल की जान की दुश्मन बन गई है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। भाजपा ने केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने के लिए हर हथकंडे अपनाएं हैं। ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया। उनके ऊपर फर्जी मुकदमे लिखे गए। जेल में डाला गया। वहां भी उनकी इंसुलिन बंद कर दी गई। उनकी शुगर कई बार पचास से कम हो गई थी। जेल में भी उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई। इसके बाद जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आकर अपनी पार्टी का काम करने लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री के पद से भी इस्तीफा दे दिया। भाजपा वाले अब कितनी दुश्मनी निभाना चाहते हैं? संजय सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के मन में अरविंद केजरीवाल को लेकर कितनी नफरत भरी हुई है? ये लोग क्या करना चाहते हैं, केजरीवाल को और कितना नुकसान पहुंचाना चाहते हैं? इन्हें कब तसल्ली और शांति मिलेगी? एक आदमी ने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। अब अपनी पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। जनसमर्थन के लिए लोगों के पास जा रहे हैं। भाजपा से कोई काम नहीं होता है। 27 साल से भाजपा दिल्ली में हार रही है। केजरीवाल से भी तीन बार चुनाव हार चुकी है। तो अब इन्होंने केजरीवाल को खत्म करने का रास्ता चुना है। केजरीवाल से चुनाव तो जीत नहीं सकते इसलिए उन्हें ही खत्म कर दो।जेल में डालो, इंसुलिन रोक दो, अगर उससे भी कुछ नहीं होता है तो अपने गुंडों से पिटवा दो।

संजय सिंह ने कहा कि शुक्रवार को विकासपुरी में जो कुछ भी हुआ और जिस तरह से पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है, यह साफ तौर पर अरविंद केजरीवाल को जान से मारने का गहरा षड्यंत्र था। भाजपा के लोग उनकी जान के दुश्मन बन चुके हैं। किन लोगों ने हमला किया? वीडियो में देखा जा सकता है कि जिस तरह झुंड में हमला किया गया, कुछ भी हो सकता था ये कौन से लोग हैं? इसके बाद संजय सिंह ने हमलावरों की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसमें रोहित सहरावत का नाम का एक व्यक्ति मुख्य आरोपी है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश का उपाध्यक्ष है। ये हमले में शामिल था। रोहित सहरावत की गृह मंत्री अमित शाह के साथ तस्वीर है, जो केजरीवाल पर हुए हमले का मुख्य आरोपी है। अरविंद केजरीवाल पर हमले में शामिल दूसरा व्यक्ति अरूण ध्राल है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश का महामंत्री है। ये लोग खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि ये गुंडई सिर्फ विकासपुरी में नहीं बल्कि दिल्ली में केजरीवाल जहां भी जाएंगे, वहां ये लोग गुंडई करेंगे। अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के बाद इन लोगों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि ये लोग वीडियो में खुलेआम वीडियो में कह रहे हैं

## दिवाली से पहले दर्द दे रही दिल्ली की हवा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या पिछले एक महीने से बढ़ गई है। दिल्ली सरकार लगातार प्रदूषण रोकने के लिए कदम उठाने की बात कह रही है। लेकिन उन प्रयासों का कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले काफी समय से 300 के ऊपर बना हुआ था, जो अभी 2 दिन पहले 300 से नीचे आ गया है। लेकिन, एक्यूआई की यह स्थिति भी खतरनाक मानी जाती है। इसकी वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, सीने में दर्द जैसी शिकायतें भी होने लगी है। खांसी और जुकाम की समस्या भी प्रदूषण की वजह से बढ़ी है। अधिकांश लोगों को गले में खराश जैसी शिकायत भी हो रही है। दिल्ली के कई अस्पताल में इस तरह के मरीज भी बढ़े हैं। वहीं, जो प्रमुख रूप से पटेल चेस्ट अस्पताल हैं। उनमें मरीजों की संख्या आम दिनों के मुकाबले थोड़ी सी बढ़ी है। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्थित पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में भी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के बाद सांस, दमा और सीने में दर्द की शिकायत के 20 प्रतिशत मरीज बढ़े हैं। यहां इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर प्रतीक ने बताया कि अभी मरीजों की संख्या इतनी नहीं बढ़ी है कि उनको मैनेज करने में दिक्कत हो। मरीजों की अधिक संख्या दिवाली पर होने वाले प्रदूषण से बढ़ती है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| GEM BID No. | GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5532872, 5532830 & 5532850 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 1. एसएसई/डब्ल्यू/डीईई, एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन, एसएसई/डब्ल्यू/एल/एचएनजेडएम, एसएसई/डब्ल्यू/एम/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/के अनुभाग में सेवा भवन और कर्मचारी क्वार्टरों की रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग एफडीबी, एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/एचएनजेडएम एसटीएन। एवं एसएसई/डब्ल्यू/डीईई एसटीएन। एडीईएन/डीईई, एचएनजेडएम और टीकेडी के तहत का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः**— ट्रैक कार्य के अलावा परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कारीगरी/माली और सहायक खल्लासी आदि की जनशक्ति आपूर्ति से जुड़ा कोई भी कार्य।<br>2. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली तुगलकाबाद के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः**— कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य।<br>3. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः**— कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य।<br>4. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः**— कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (₹) | 1. ₹4,13,23,520.03 2. ₹1,18,83,135.88 3. ₹1,16,62,894.87 4. ₹72,70,870.04 |
| अग्रिम राशि (₹) | 1. ₹3,56,600/- 2. ₹2,09,400/- 3. ₹2,08,300/- 4. ₹1,45,400/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 1. 12 महीने 2. 24 महीने 3. 24 महीने 4. 24 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 19.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 19.11.2024 को 15:30 बजे निविदा खुलना है। |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा जी.ई.एम. वेबसाइट अर्थात् www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

सं.: GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5532872, 5532830 & 5532850 दिनांक: 24.10.2024 3329/2024


ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# शहीद शांति स्वरूप शर्मा की प्रतिमा लिबासपुर गाँव में लगाने की मांग -प्रोफेसर सुमन

## चीन-भारत युद्ध में शहीद हुए थे, शहीद शांति स्वरूप शर्मा

- लिबासपुर गाँव के निवासी थे शहीद शांति स्वरूप शर्मा।



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन प्रोफेसर हंसराज सुमन ने दिल्ली के उप राज्यपाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री से बाहरी दिल्ली के बादली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लिबासपुर गाँव के चीन - भारत युद्ध में शहीद हुए शहीद शांति स्वरूप शर्मा की प्रतिमा लिबासपुर गाँव में स्थापित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को एक प्रस्ताव भी भेजा है जिसमें लिबासपुर गाँव में नव निर्मित सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम शहीद शांति स्वरूप शर्मा के नाम पर रखने की मांग की है। प्रोफेसर सुमन का कहना है कि यदि दिल्ली सरकार इनके नाम पर स्कूल का नाम व उनकी प्रतिमा स्थापित करती है तो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और भावी पीढ़ी ऐसे महान योद्धा से प्रेरणा लेंगी। उन्होंने उप राज्यपाल व केंद्र सरकार से मांग की है कि शहीद शांति स्वरूप शर्मा के परिवार को उनके बेटे को एक शहीद के रूप में सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

प्रोफेसर सुमन ने बताया है कि लिबासपुर गाँव निवासी शहीद शांति स्वरूप शर्मा माध्यमिक शिक्षा पूर्ण कर सैनिक के रूप में भर्ती हो गए। ये राजपूत रेजिमेंट में बतौर सैनिक के पद पर रहे। सन 1967 में जब चीन और भारत का युद्ध हुआ तो इनके साथियों ने चीन से लोहा लिया। चीन - भारत युद्ध में शहीद होने वाले भारतीय सैनिकों में से एक थे, बताया जाता है कि उस युद्ध में उन्होंने चीन के बहुत से सैनिकों को मार गिराया था, ये घायल अवस्था में चीन सैनिकों को सबक सिखाते हुए अंत में 12 सितम्बर 1967 को शहीद हो गए। प्रोफेसर सुमन ने बताया है कि गाँव लिबासपुर में उनके परिवार के लोगों ने ओबीसी बैंक गली में उनकी प्रतिमा स्थापित की है। गाँव की युवा पीढ़ी को इस महान योद्धा के विषय में जानकारी नहीं हैं। प्रोफेसर सुमन ने बताया है कि वे इसी गाँव के मूलनिवासी हैं और जब से उनके विषय में पता चला है वे आसपास के गाँव वालों को शहीद शांति स्वरूप शर्मा के विषय में बताते है कि किस प्रकार लिबासपुर गाँव के इस महान योद्धा ने चीन - भारत युद्ध में लड़ते हुए चीन सैनिकों को मार गिराया था। उनके कई साथी मारे गए अंत में वे चीन सैनिकों की गोली का शिकार हुए, प्राणों की आहुति दे देश की मातृभूमि के लिए शहीद हो गए।

प्रोफेसर सुमन ने बताया है कि लिबासपुर गाँव के लोगों का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, अलीपुर कांड व गाँव में बने पंचपीर उन शहीदों की याद दिलाता है। इसके आसपास धौलाकुंआ, अड़ाना, समयपुर, बादली आदि गांवों का इतिहास आजादी के आंदोलन में दर्ज है। इसलिए आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी इस महान योद्धा के विषय में जाने। फोरम पुनः उप राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मांग करता है कि शहीद शांति स्वरूप शर्मा की प्रतिमा लिबासपुर गाँव में स्थापित करने व सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उन्होंने मुकरबा चौक से लिबासपुर गाँव तक आने वाली मुख्य सड़क का नाम शहीद शांति स्वरूप शर्मा के नाम पर रखें जाने की मांग दोहराई है।

### दिल्ली दिलजीत दोसांझ के दिल-लुमिनाती के कंसर्ट के लिए तैयार

नई दिल्ली। दिल्ली में अभिनेता संगीतकार दिलजीत दोसांझ की दिल लुमिनाती इंडिया टूर 2004 कंसर्ट के लिए मंच तैयार है और उत्सुकता चरम पर है। इस सप्ताहांत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में वह अपनी प्रस्तुतियों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में अपने दिल-लुमिनाती कंसर्ट की शुरूआत करेंगे। साल के सबसे बहुप्रतीक्षित कंसर्ट में से एक दोसांझ का दिल लुमिनाती शनिवार और रविवार को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। यह कंसर्ट उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अपने कार्यक्रमों की शानदार सफलता के बाद गायक की भारत में वापसी का प्रतीक है। राष्ट्रीय राजधानी में 60 हजार दर्शकों की क्षमता वाले जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के दरवाजे शनिवार शाम 5:30 बजे श्रोताओं के लिए खुलेंगे।

# कारवाई को लेकर ई रिक्शा चालकों का मादीपुर में प्रदर्शन

- दिल्ली सरकार पर भड़के, रोजी रोटी क्यों छीन रहे हैं हमारी
- दिल्ली बीजेपी नेताओं ने भी उठाया कारवाई पर सवाल



संवाददाता

दिल्ली में लगातार ई रिक्शा के खिलाफ हो रही कारवाई के विरोध में आज पश्चिमी दिल्ली के मादीपुर इलाके में काफी संख्या में ई रिक्शा चालक इकठ्ठा हुए और उन्होंने दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। और बताया कि किस तरीके से उनके साथ ना इंसाफी हो रही है। समय नहीं दिया जा रहा है, जबरदस्ती पांच नंबर के नाम पर उनके ई-रिक्शा को जप्त किया जा रहा है। दूर दूर दिल्ली आकर किसी तरह रोजी रोटी कमाने में जुटे हैं, सरकार वह भी छीनने की कोशिश कर रही है।

ई रिक्शा वालों के इस मामले को लेकर लगातार उठाने वाले ई रिक्शा संगठन बीजेपी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार भी कई तरह का सवाल दिल्ली सरकार पर उठा रहे हैं। साथ ही जो कारवाई की जा रही है, पांच नंबर के नाम पर, उस पर भी प्रश्न लगा रहे हैं। इनका कहना है, कौन है जो कारवाई कर रहा है, सोनीपत का स्टांप क्यों लगा है। इसका भी कोई जवाब नही दे रहा है। सरकार को ई रिक्शा वालों को समय देना चाहिए।

रिक्शा वालों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को लेकर दिल्ली प्रदेश बीजेपी के बड़े नेता राजीव बब्बर ने बताया कि इसको लेकर 10 साल पहले ही मोदी सरकार ने प्लान तैयार करके शुरूआत किया था। राज्यसभा में बिल भी पास किया था। लेकिन इसको आगे बढ़ने का काम दिल्ली सरकार का था। उन्होंने इसमें कोई भी कदम नहीं उठाया, जिसकी वजह से आज यह हालत है।

# बच्चे से बैड टच के मामले में बस चालक को तीन साल की जेल

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की एक अदालत ने तीन वर्षीय छात्र के साथ बस चालक द्वारा बैड टच (गलत तरीके से छूने) के मामले में एक बस चालक को दोषी करार दिया और उसे तीन साल की जेल की सजा सुनायी है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि 2017 में थाना एक्सप्रेसवे में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बेटा सेक्टर-132 से स्थित एक नामी स्कूल में पढ़ता था और स्कूल के बस चालक विश्वास ने उसके बेटे को गलत तरीके से छुआ। उन्होंने बताया कि करीब सात वर्ष तक चले मुकदमे में गौतम बुद्ध नगर के अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो-दो) सौरव द्विवेदी ने शुक्रवार को इस मामले में बस चालक को दोषी पाया तथा उसे तीन साल की कारावास की सजा सुनाई है।

## आधी रात पेट्रोलिंग में पकड़ा गया 16 मामलों का आरोपी

संवाददाता

रघुवीर नगर पुलिस चौकी की टीम ने 16 मामलों में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की स्कूटी और बतनदार चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान करण के रूप में हुई है, यह रघुवीर नगर इलाके का ही रहने वाला है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया, हेड कांस्टेबल रोहतास इत्यादि की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान रात में इसको अंध विद्यालय के पास संदिग्ध हालत में घूमते हुए पाया। शक होने पर रोककर जब पूछताछ हुई तो पता चला जिस स्कूटी से यह घूम रहा था, वह विकासपुरी इलाके से चोरी की गई है। तलाशी में बटनदार चाकू मिला, जब रिकॉर्ड की जांच की गई तो पता चला कि पहले से यह 16 आपराधिक मामलों में शामिल है।

## दो स्कूटी चोर गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी बरामद

संवाददाता

सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो आटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्रम कुमार झा उर्फ बिंदु और उसके साथी मोनू के रूप में हुई है। विक्रम 10 मामलों में पहले से शामिल है। मोनू सात आपराधिक मामलों को अंजाम दे चुका है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इंस्पेक्टर रघुवीर मीणा की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनके बारे में जानकारी इकट्ठा की थी। उसके बाद एक इनफॉरमेशन पर ट्रैप लगाकर इनको गिरफ्तार किया गया। यह दोनों किशनगंज और सराय रोहिल्ला के रहने वाले हैं।


## दिवाली की रौशनी, सकरनी के संग



दीपावली का यह पर्व केवल दीपों का उत्सव नहीं है बल्कि ये हमारे सकरनी परिवार के बंधनों को और मजबूत करने का अवसर भी है। जैसे दीपों की रोशनी अंधकार को दूर करती है, वैसे ही आपके प्यार और सहयोग ने सकरनी को उज्ज्वल बनाया है। इस खास मौके पर, आइए हम मिलकर उन यादों को ताजा करें, जिनसे हमने न केवल सफलता प्राप्त की है, बल्कि एक-दूसरे का हाथ भी थामा है। सकरनी परिवार साथ मिलकर सबके साथ खुशियां बाटना चाहता है. इस मौके पर हमारे संस्थापक अशोक गुप्ता जी भी आप सबके साथ अपनी भावनाएं व्यक्त करना चाहते है. उनका कहना है की

दीपों का यह त्योहार न केवल रौशनी का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे जीवन में सकारात्मकता, प्रेम और एकता का संचार भी करता है। दिवाली की रात, जब आसमान में लाखों दीप जलते हैं, तब हमें याद दिलाता है कि हमारे जीवन में भी अंधकार के बीच एक छोटी सी रोशनी हमें मार्ग दिखा सकती है। जैसे रामजी ने रावण पर विजय पाई, हमें भी अपने जीवन की कठिनाइयों पर विजय पाकर आगे बढ़ना है। इस पर्व पर, आइए हम संकल्प लें कि हम अपने मन और हृदय को स्वच्छ रखें। अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर खुशियों का विस्तार करें। यह केवल दीप जलाने का समय नहीं है, बल्कि अपने रिश्तों को मजबूत करने, गलतफहमियों को दूर करने और एक-दूसरे को समझने का भी है। इस दिवाली, हम यह भी याद रखें कि हम सब एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं। ऐसे समय में जब समाज में बहुत सारी चुनौतियाँ हैं, हमें एकजुट होकर उन पर विजय प्राप्त करनी है। हम जब भी एकजुट होते हैं, हमारी शक्ति अनंत होती है। आइए, इस दिवाली पर हम अपने जीवन में उन सकारात्मक बदलावों की शुरूआत करें, जो न केवल हमारे लिए, बल्कि समाज के लिए भी लाभकारी हों। अपने छोटे-छोटे कार्यों से हम एक बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं। एक मुस्कान, एक दया का शब्द, और एक मदद का हाथ–यह सब किसी के जीवन में दीप जलाने जैसा हो सकता है। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि इस दीपावली, हम नई उमंगों और अवसरों के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत करें। धन्यवाद, कि आप सभी इस परिवार का हिस्सा हैं। आप सभी को सकरनी परिवार की तरफ से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

# सिंगर परमिश वर्मा और सुनंदा शर्मा ने फरीदाबाद में मचाया धमाल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद के वर्ल्ड स्ट्रीट बाय ओमैक्स में इस वीकेंड का नजारा ही कुछ और था, जब दिवाली कार्निवल के तहत आयोजित म्यूजिकल कॉन्सर्ट में मशहूर पंजाबी सिंगर्स परमिश वर्मा और सुनंदा शर्मा ने स्टेज पर कदम रखा। जैसे ही दोनों ने लोकप्रिय पंजाबी गानों की धुन छेड़ी, माहौल में ऐसा जोश भर गया कि वहां मौजूद 12000 से ज्यादा लोग झूम उठे। दिल्ली-एनसीआर के कोने-कोने से आए फैंस के लिए यह एक ऐसा अनुभव था, जो शायद वे कभी भूल नहीं पाएंगे। पूरे वर्ल्ड स्ट्रीट पर लोगों की खुशी और जोश की गूंज सुनाई दे रही थी, जिससे फेस्टिवल की रौनक और बढ़ गई।

इस इवेंट की खासियत यह थी कि हर उम्र के लोग इसमें शामिल हुए, चाहे बच्चे हों या बुजुर्ग, सभी का उत्साह देखने लायक था। एक स्थानीय निवासी रविंदर सिंह ने कहा, फरीदाबाद में ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक पल था। वहीं, प्रिया मल्होत्रा ने कहा, परमिश और सुनंदा की परफॉर्मेंस सचमुच जादुई थी। हमने खूब मस्ती की, यह अब तक का फरीदाबाद का सबसे बेहतरीन इवेंट था।

ओमैक्स ग्रुप के कार्यकारी निदेशक, जतिन गोयल ने कहा, यह म्यूजिकल कॉन्सर्ट और फेस्टिव शॉपिंग का अनोखा संगम था, जिसने परिवारों और दोस्तों को साथ में जश्न मनाने का मौका दिया। नए रिकॉर्ड बने और फरीदाबाद में फेस्टिव अनुभव को एक नई पहचान मिली। बढ़ती भीड़ को देखते हुए, हम भविष्य में और भी बड़े इवेंट्स की योजना बना रहे हैं ताकि वर्ल्ड स्ट्रीट को सबसे लोकप्रिय डेस्टिनेशन बनाया जा सके।

दिवाली कार्निवल के दौरान वीकेंड पर लगभग 45000 लोगों की भीड़ ने इस जगह को फरीदाबाद का सबसे बड़ा फेस्टिव डेस्टिनेशन बना दिया, जहाँ शॉपिंग, मस्ती और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया गया। ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट, 130 एकड़ में फैला, लंदन, पेरिस, एम्स्टर्डम, एथेंस और पुर्तगाल के मशहूर शॉपिंग स्ट्रीट्स की झलक को यहाँ लेकर आया है, जो इसे शॉपिंग और एंटरटेनमेंट के लिए तेजी से पसंदीदा बना रहा है।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा की हालत बिगड़ी, आरएमएल में भर्ती

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की तबीयत खराब हो गई है। उन्होंने आरएमएल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दो दिन पहले यमुना नदी में डुबकी लगाई थी। इसके बाद शनिवार को सुबह सांस लेने में तकलीफ और त्वचा में गभीर जलन की शिकायत मिली।

सचदेवा ने दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को विरोध में आईटीओ के पास यमुना घाट पर डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहर को नदी की सफाई के लिए निर्धारित धन से वंचित कर दिया है। दिल्ली भाजपा के अनुसार, वीरेंद्र सचदेवा को गंभीर खुजली हो रही है और उनकी सांस लेने में तकलीफ हो रही है। सचदेवा ने कहा कि उन्हें पहले कभी सांस लेने की समस्या और त्वचा में जलन नहीं हुई। यमुना के तट पर जाकर सचदेवा ने आप नेताओं, मुख्यमंत्री आतिशी और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नदी की स्थिति का निरीक्षण करने की चुनौती दी थी।

भाजपा कर रही नौटंकी

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वीरेंद्र सचदेवा के बीमार पड़ने पर उनके स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही वीरेंद्र सचदेवा द्वारा नदी में डुबकी लगाने पर और यमुना में प्रदूषण के लिए आप सरकार को जिम्मेदार ठहराये जाने पर आप ने इसे नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि यमुना में प्रदूषण भाजपा की नौटंकी करने से कम नहीं होगा। भाजपा नौटंकी कर रही है हम काम कर रहे हैं।

सचदेवा के आरोपों पर क्या बोले दिल्ली सरकार के मंत्री

सचदेवा ने कहा कि केंद्र सरकार ने यमुना की सफाई के लिए 8,500 करोड़ रुपये दिए हैं, इसका हिसाब उन्हें देना चाहिए। आरोपों का जवाब देते हुए दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जहां तक यमुना में औद्योगिक कचरे का सवाल है, दिल्ली में कोई उद्योग नहीं है। औद्योगिक कचरा पानीपत और सोनीपत के नालों से आ रहा है। इसकी पुष्टि हो चुकी है और एनजीटी ने भी कई बार यह कहा है।

अगर वीरेंद्र सचदेवा इस बारे में गंभीर हैं तो उन्हें हरियाणा सरकार से बात करनी चाहिए और सोनीपत और पानीपत से औद्योगिक कचरा आने से रोकना चाहिए। जनविरोध को हमला बता रहे हैं केजरीवालः भाजपा

भाजपा ने कहा जनविरोध को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के नेता हमला बताकर लोगों को भ्रमति करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के विधायकों से दिल्लीवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। लोग उनके सड़क पर आकर प्रश्न पूछ रहे हैं। विकासपुरी में लोगों ने केजरीवाल से गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे। इससे नाराज होकर वह भाजपा पर हमला कराने के झूठे आरोप लगाना शुरू कर दिया।

उल्लेखनीय है कि सचदेवा ने आईटीओ के पास यमुना बैराज के छठ घाट पर यमुना नदी के प्रदूषण पर दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए डुबकी लगाई थी। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में ह्ययमुना की बिगड़ती हालतह्ल के लिए आम आदमी पार्टी सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार से आठ हजार करोड़ रुपये मिलने के बावजूद यमुना नदी की सफाई नहीं कराई गई। अब यमुना सफाई के नाम पर आप सरकार जनता को गुमराह कर रही है।

# रोहिंग्या बच्चों को स्कूल ने नहीं दिया दाखिला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में आधार कार्ड नहीं होने के कारण म्यांमार से आए रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं दिए जाने के खिलाफ गुहार लगाई गई है। जनहित याचिका में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी लपेटा गया है। याचिका में एमसीडी की ओर से उसके स्कूलों में नामांकित म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थी छात्रों को वैधानिक लाभ देने से मना करने का भी उल्लेख किया गया है। एमसीडी के इस रवैये को मनमाना और गैरकानूनी करार दिया गया है। सोशल ज्यूरिस्ट नामक एक एनजीओ ने यह पीआईएल दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि स्कूल का यह रवैया इन बच्चों के लिए शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 21-ए का हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान का उक्त अनुच्छेद और मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का अधिनियम, 2009 के तहत अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है। याचिका में यह दलील दी गई है कि एमसीडी स्कूल बच्चों को इस आधार पर दाखिला देने से मना कर रहा है कि उनके पास आधार कार्ड, बैंक खाते और यूएनएचआरसी की ओर से जारी शरणार्थी कार्ड को छोड़कर अन्य दस्तावेज नहीं हैं। याचिका में दलील दी गई है कि जब तक ये बच्चे भारत में रहेंगे, वे भारत के संविधान और कानून की ओर से शिक्षा के मौलिक अधिकार के साथ ही अन्य मानवाधिकारों के हकदार हैं। ऐसे में इन बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करना उनके मौलिक और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उक्त जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि यह सुनिश्चित करना शिक्षा निदेशालय और दिल्ली नगर निगम की जिम्मेदारी है कि श्री राम कॉलोनी, खजूरी चौक क्षेत्र जैसे इलाकों में रहने वाले 14 साल से कम उम्र के सभी बच्चों को सरकारी या एमसीडी स्कूलों में दाखिला दिया जाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि इन शिक्षा निदेशालय और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को यह गारंटी देनी चाहिए कि उनके स्कूलों में दाखिला पाने वाले सभी छात्रों को वे सभी लाभ मिलें जिनके वे हकदार हैं।

# पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पराली प्रबंधन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतर-मंत्रालयी बैठक में हिस्सा लिया

- केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कृषि मंत्री समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे- गोपाल राय



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केन्द्र और राज्य की कृषि मंत्रियों की संयुक्त बैठक में पराली जलाने के मामलों को कम करने का अनुरोध किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के कृषि मंत्री समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पराली प्रबंधन हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की इस वर्ष दिल्ली सरकार 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करा रही है। साथ ही पराली जलाने की घटनाओं के खिलाफ कड़ी निगरानी रखने और निरीक्षण के लिए 11 टीमें तैनात की गई हैं। किसानों को धान की फसल के अवशेष न जलाने के लिए, जागरूकता अभियान के तहत गांवों में 25 किसान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

गोपाल राय ने इस साल की बैठक में देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में इसी तरह की बैठक हुई थी, जिससे हमें रणनीति बनाने के लिए अधिक समय मिला था। इस साल की बैठक अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में हुई। अगर यह तीन महीने पहले आयोजित की गई होती तो हम प्रदूषण की समस्या से अधिक प्रभावी ढंग से निपट सकते थे।

गोपाल राय ने बताया की दिल्ली में ठंड के मौसम में बढ़ने वाले प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार हर साल विभिन्न बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान बनाती है। ऐसे में ठंड के मौसम के दौरान पराली जलाना भी प्रदूषण को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है। इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें इसलिए हमारी सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष धान के खेतो में पूसा बायो डी-कंपोजर का निः शुल्क छिड़काव किया जाता है जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है। इससे पराली गल गई और खेत की उपजाऊ क्षमता में भी बढ़ोतरी देखी गई। लेकिन यह देखा गया है की हमारे पड़ोसी राज्यों से भी पराली जलाने के काफी मामले सामने आते है, जिसके कारण ठण्ड के मौसम में दिल्ली के अंदर प्रदुषण की समस्या काफी हद तक बढ़ जाती है।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर पटाखों के उत्पादन, भण्डारण और किसी भी प्रकार की बिक्री या खरीद पर पूरी तरह प्रतिबन्ध है। यह प्रतिबन्ध पटाखों के ऑनलाइन डिलीवरी पर भी लागू है। दिल्ली की तरह ही एनसीआर राज्यों में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी हो ताकि इससे होनेवाले प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है, लेकिन दिवाली के बाद का समय महत्वपूर्ण होगा। गोपाल राय ने केंद्र और राज्य से आग्रह किया कि वे आने वाले दिनों में अधिक से अधिक प्रयास करें, ताकि सर्दियां आने से पहले प्रदूषण के स्तर पर अंकुश लगाया जा सके, क्योंकि सर्दियों में हवा की गुणवत्ता, स्थिर हवा और ठंडे तापमान के कारण खराब हो जाती है।

# महाकाव्य रामायण का नृत्य, संगीत, और नाटक के जरिए मंचन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



रामलीलाओं का दौर भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन दिल्ली में एक ऐसा स्थान है जहां महीनेभर संपूर्ण रामलीला का मंचन होता है। मंडी हाउस स्थित श्रीराम भारतीय कला केंद्र में रोज शाम 6:30 बजे श्री राम नामक नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से महाकाव्य रामायण का मंचन किया जाता है। इस आयोजन में भारी संख्या में दर्शक उमड़ते हैं, जो इस जीवंत और रंगीन मंचन का आनंद लेने के लिए एकत्र होते हैं। श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा आयोजित प्रसिद्ध श्री राम का 68वां संस्करण 3 अक्टूबर, 2024 से प्रारंभ हुआ और यह 27 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवधि में दर्शको को रामायण की अद्भुत कहानी, इसके पात्रों और नृत्य शैलियों की जादुई दुनिया में खो जाने का मौका मिला।

कलाकारों की मेहनतः रामलीला में पिछले 25 वर्षों से श्री राम का किरदार निभा रहे आर्टिस्ट राजकुमार शर्मा का कहना है कि दिल्ली में संपूर्ण रामलीला देखने वाले दर्शकों की संख्या अब लगातार बढ़ती जा रही है। उनके अनुसार, श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन इसीलिए खास हो जाता है क्योंकि यह कई नृत्य शैलियों, जैसे कि कथक, भरतनाट्यम, और कथाकली के साथ प्रस्तुत किया जाता है। यही वजह है कि लोग इस प्रस्तुति के बाद मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और रोज हाउसफुल हो जाता है।

राजकुमार ने यह भी बताया कि मंच पर जाने से पहले उन्हें घबराहट होती है, लेकिन जैसे ही वह मंच पर कदम रखते हैं, उन्हें एक अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। उनका यह अनुभव दशार्ता है कि कला में अपने किरदार को निभाने का जुनून कितना गहरा होता है। राजकुमार का कहना है कि वह खुद को खुशकिस्मत समझते हैं कि उन्हें श्री राम भारतीय कला केंद्र में लगातार एक महीने तक श्री राम का किरदार निभाने का मौका मिलता है। उनके परिवार का पूरा समर्थन उनके साथ है, और सबसे ज्यादा खुशी उनकी मां को होती है, हालांकि वह कैंसर से पीड़ित हैं और उनकी वजह से प्रदर्शन देख नहीं सकतीं। राजकुमार अपनी परफॉर्मेंस के वीडियो उन्हें दिखाते हैं, जिससे उन्हें भी खुशी मिलती है।

बच्चों का उत्साहः राजकुमार ने यह भी बताया कि बच्चों को संपूर्ण रामलीला देखने में बहुत आनंद आता है, विशेष रूप से जब अंत में प्रभु राम का राज्याभिषेक होता है। इस समय भारी संख्या में बच्चे मिलते हैं और राम जी से मिलने की खुशी से उत्साहित होते हैं। उनकी मासूम बातें और तोतली भाषा सुनकर दिल भी भर आता है।

बता दें कि श्री राम संपूर्ण राम लीला का मंचन पद्मश्री शोभा दीपक सिंह द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि, दीपावली के त्यौहार तक श्री राम का आयोजन 20 दिनों के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि युवाओं में रामलीला देखने की रुचि बढ़ी है। इस वर्ष दर्शकों ने 67 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शोभा पिछले छह दशकों से अधिक समय से नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से दुनिया के साथ रामायण की कालजयी कहानी को साझा करती आ रही हैं।

## आईएमएस में कार्निवल का आयोजन



नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में दिवाली कार्निवल का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में कार्निवल के दौरान छात्रों के लिए शिल्प, कला, संस्कृति और व्यंजन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. विकास धवन के साथ संस्थान के शिक्षकों एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। शनिवार को आईएमएस स्कूल ऑफ आईटी द्वारा आयोजित दिवाली कार्निवल में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डॉ. विकास धवन ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव के साथ-साथ छात्रों को सोशल आन्ट्रप्रनर एवं स्टार्टअप से जोड़ना है। जिससे देश में नए रोजगार के सृजन के साथ-साथ छात्रों के रचनात्मकता में विकास हो। वहीं के कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए स्कूल ऑफ आईटी की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका दीक्षित बाजपेयी ने छात्रों को उनके सफल, समृद्ध एवं उज्जवल भविष्य के लिए सतत कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं दिवाली कार्निवल की संयोजक प्रो. ज्योति त्रिपाठी ने कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके छुपी हुई प्रतिभा से अवगत कराना है। वहीं आज के कार्यक्रम में छात्रों के लिए शिल्प, कला, संस्कृति और व्यंजन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से दो दिवसीय दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आज छात्रों ने शिल्प, कला, संस्कृति और व्यंजन से संबंधित स्टॉल लगाए।

## भाजपा नेता ने यमुना की सफाई के मुद्दे पर आप सरकार को घेरा

नई दिल्ली। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को यमुना नदी का एक वीडियो जारी कर आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की है। उन्होंने पूछा कि दिल्ली सरकार यमुना के प्रदूषण को कब खत्म करेगी। विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि यमुना की यह हालत देखकर हर दिल्लीवासी का दिल दुखता है। उन्होंने कहा कि यमुना में जहरीले झाग तैर रहे हैं लेकिन आप की सरकार प्रदूषण के रोकथाम के लिए कुछ नहीं कर रही। दस सालों से यमुना की सफाई के नाम पर आम आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ खोखले वादे करती आ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों ने राशि को लेकर अंचल अधिकारी को घेराव किया

बरियारपुर(मुंगेर)।बाढ राहत की मॉग को लेकर कल्याणटोला पंचायत के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी का घेराव किया ।इस संबंध में बताया गया कि 15 दिनो से चली आ रही बाढ पिडितो के राशी आरटीजीएस के द्वारा खाते में जमा नही मिलने से हरिजन कल्याण टोला के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर प्रर्दशन किया। इस सम्बंध पूछने पर ग्रामीणों ने बताया विगत 15 दिनों से बैंक के चक्कर लगाने के बाद आज अपर सर्माहता सह प्रशिक्षु अंचलाधिकारी के समक्ष पहुंच कर अपनी बातों को रख रहें हैं।

### प्रखंड के छःपैक्सों पर चुनाव आर्दश आचार संहिता लागू किया गया हैः स्वेता कुमारी

बरियारपुर (मुंगेर)।बरियारपुर प्रखंड के छःपैक्स समितियों का चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशां अनुसार लागू कर दिया गया है।जिनमे हरिण मार पैक्स के 2003 मतदाताओं ने तीन मतदान केन्द्रों पर अपना मतदान करेंगे।कल्याण टोला पैक्स के 2060मतदाताओं ने तीन मतदाता केन्द्रों पर अपने प्रत्याशियों के भाग्य बन्द करेंगें। बरियारपुर उत्तरी पंचायत के 1327 मतदाताओं द्वारा दो मतदान केंद्र पर अपना मतदान करेंगे।बरियारपुर दक्षिणी पैक्स के 1295 मतदाताओं ने दो मतदाता केन्द्रों पर मतदान करेंगे।

# दीपावली और छठ पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला पदाधिकारी ने की बैठक




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । काली पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को संग्रहालय सभागार में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, महापौर कुमकुम देवी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरह से दुर्गा पूजा तथा विसर्जन शोभा यात्रा को जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पूजा समिति सदस्यों एवं आम जन के सहयोग से अत्यंत ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया वैसे ही काली पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा को भी भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी शांति और पूजा समिति सदस्यों को दुर्गा पूजा एवं विसर्जन शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगामी पर्व त्योहारों को लेकर भी आप सभी की जो अपेक्षाएं हैं उस पर जिला एवं पुलिस प्रशासन विचार करते हुए कार्य करेगी। श्रद्धालुओं को पूर्व से बेहतर सुविधा एवं अन्य समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएगी। छठ पूजा को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर सभी गंगा घाटों की सफाई कराई जा रही है। आगामी 7 एवं 8 नवंबर को छठ महा पर्व निर्धारित है, जबकि 31 अक्टूबर को काली पूजा एवं दीपावली पर्व मनाया जाना है। सभी पर्वों को भक्तिपूर्ण माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी सजगता और तत्परता के साथ जुट चुकी है। दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को उनकी ड्यूटी के लिए अभी से ही टास्क निर्धारित किया जा रहा है। काली प्रतिमा विसर्जन भी निर्धारित दिन में ससमय शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सभी पूजा एवं शांति समिति सदस्यों के साथ ही आमजन का सहयोग भी अपेक्षित है। उन्होंने जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ ही सभी पूजा तथा शांति समिति सदस्यों को आपस में सतत संवाद करने की अपील करते हुए कहा कि, इससे किसी भी तरह की समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र समाधान किया जा सकेगा। नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों पर सफाई एवं मिट्टी हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 30 अक्टूबर तक सभी घाटों पर जमी मिट्टी के उठाव के साथ ही सफाई व्यवस्था पूरा करने का निर्देश दिया गया है छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावे खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करते तथा बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था रहेगी। बड़े नावों, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शरारती तत्वों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। साथ ही काली पूजा एवं दीपावली के दौरान गश्ती किया एवं क्यूआरटी द्वारा भी लगातार गश्ती किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सभी शांति समिति के साथ पुलिस बलों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सभी पर्वों को शांतिपूर्ण संपन्न कराना जिला एवं पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।


## आरएस कॉलेज तारापुर में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता समापन



प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (कोर्ट)।आरएस कॉलेज तारापुर में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ इसकी अध्यक्षता आरएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर यूएस दास के नेतृत्व में हुआ मंच संचालन डॉ अश्वनी कुमार ओझा ने किया। इस प्रतियोगिता में फिर से एक बार डीजे कॉलेज ने अपना परचम लहराया रनर में आरएस कॉलेज तारापुर के छात्रों ने अपना परचम लहराया महिला में बीआरएम कॉलेज की छात्रा ने जीत हासिल की इसके अलावा कोशी कॉलेज खगड़िया की छात्रा, डीएस कॉलेज गोगरी सभी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया आज के मुख्य अतिथि डॉ पुष्पेंद्र कुमार इसके अलावा मुंगेर विश्वविद्यालय के आए हुए विद्वान शिक्षक गण ने शिरकत की डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना योगदान देना चाहिए आरएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ४२ दास ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शतरंज खेलने में भाग लेने की आवश्यकता है शतरंज खेलने से मस्तिष्क का विकास होता है इसके अलावा सभी छात्राओं को मेडल एवं कप और सर्टिफिकेट देकर के सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित थे प्रोफेसर नीरज कुमार, प्रोफेसर सविता कुमारी, प्रोफेसर अर्चना कुमारी, प्रोफेसर पूर्णिमा गुप्ता, संतोष कुमार, इसके अलावा छात्र अभिषेक कुमार राजकुमार इत्यादि मौजूद थे।

# गिद्धौर पुलिस ने 38 कार्टून विदेशी शराब के साथ एक्सयूभी वाहन किया जब्त



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर।गिद्धौर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड से आ रहे एक महिंद्रा एसयूभी वाहन से 38 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है।कार्रवाई के दौरान वाहन पर सवार शराब तस्कर सहित वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।बताया जाता है कि गुरुवार कि बीते रात्रि गिद्धौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झाझा की ओर से एक महिंद्रा एक्सयूभी वाहन पर भारी मात्रा में विदेशी शराब कि खेप ले जाई जा रही है।जिसपर पुलिस द्वारा गिद्धौर थाने के समीप बैरिकेटिंग लगा वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी।इस दौरान मुख्य राज मार्ग बने गिद्धौर थाने से कुछ दूर पहले ही पुलिस को देख एक्सयूभी वाहन चालक यू टर्न ले झाझा कि ओर ही जाने लगा।गिद्धौर पुलिस उक्त वाहन का पीछा कर गंगरा गांव जाने वाली सड़क पर शराब लदे वाहन को रोका गया।जब तक पुलिस पदाधिकारी वाहन से उतरते तब तक एक्सयूभी वाहन पर सवार तस्कर और वाहन चालक वाहन गंगरा गांव के बजरंगबली मंदिर के बगल के बगीचे में गाड़ी छोड़कर फरार हो गया खैर जो भी हो इन दोनों गंगरा गांव में शराब की बड़ी जोन मानी जा रही है।प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गंगरा गांव जाने वाली सड़क से विदेशी शराब लदे वाहन को जब्त कर थाने लाया गया है।उक्त वाहन से 38 कार्टून शराब बरामद कि गई है।जिसमें कुल 912 बोतल जिसकी मात्रा 342 लीटर है। अंग्रेजी शराब व वाहन को जब्त कर इस दिशा में कार्रवाई कि जा रही।वाहन मालिक का भी पता लगाया जा रहा है।कार्रवाई में एसआई उमेश प्रसाद,अनुज कुमार,रंजीत पासवान,आयुषी कुमारी सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## यात्रियों का जीवन नाबालिग टोटो ओर टेम्पो चालकों के हाथ में

प्रात: किरण संवाददाता

सोनो जमुई : सोनो प्रखण्ड छेत्र के आम चोक चोराहों पर इन दिनों नाबालिग चालकों द्वारा यात्रियों से भरी ई रिक्शा टोटो ओर टेम्पो वाहन को चलाते देखा जा रहा है ।प्रखण्ड के सोनो , खपरिया , बटिया , सरधोडीह , बेलाटांड, ओरैया आदि चोक चोराहों से सटे आसपास के गांवों में जाने के लिए आमजनों का सबसे सुलभ माध्यम टोटो ओर टेम्पो वाहन बन चुकी है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जिस टोटो ओर टेम्पो वाहन पर सवार होकर वे सवारी कर रहे हैं उसका चालक नाबालिग हे, साथ ही उसे परिवहन के नियमों का किसी भी प्रकार का जानकारी नहीं है। ऐसे में यात्रियों का जीवन उस नाबालिग टोटो चालकों के हाथ में हे जो कभी भी दुर्घटना होकर एक बड़ी जानलेवा जेसी घटना को अंजाम दे सकता है । इन सभी टोटो चालकों की लापरवाही से होने वाली घटनाओं की जानकारी पुलिस को भी है, बावजूद इसके पुलिस प्रशासन द्वारा नाबालिग चालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है । सोनो प्रखंड के अन्तर्गत एन एच 333 की सडकों के अलावा विभिन्न सभी कट सडको पर रेंगने वाली ई रिक्शा टोटो चालकों का ना तो डाइविंग लाइसेंस है ओर ना ही सडक परिवहन नियमों की जानकारी ।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर जमुई से डिस्लेक्सिया वॉक का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर के तरफ से डिस्लेक्सिया नामक बीमारी के बारे में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के मुख्य उद्देश्य डिस्लेक्सिया बीमारी से प्रभावित व्यक्ति को सहयोग करना है। डिस्लेक्सिया एक शिक्षा संबंधी विकार है जो व्यक्ति को पढ़ने, लिखने और गणित में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह विकार व्यक्ति की बुद्धिमत्ता या प्रतिभा पर कोई प्रभाव नहीं डालता है, लेकिन इसे समझने और समर्थन देने की आवश्यकता होती है।डिस्लेक्सिया के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व स्तर पर अक्तूबर माह का चुनाव किया गया है। इसमें अन्य कई प्रभावशाली कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। प्रभावित व्यक्तियों के अनुभवों को साझा करना।,समर्थन समूहों का गठन करना ।, डिस्लेक्सिया के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्रभावित व्यक्तियों को समर्थन प्रदान करना, शिक्षा प्रणाली में डिस्लेक्सिया के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना। वही डायट जमुई द्वारा इस आयोजन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना पूर्ण सहयोग किया और इस जागरूकता भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों के साथ साथ बच्चों एवं निकटतम विद्यालय के शिक्षकों शिक्षिकाओं और सभी कर्मचारी को डिस्लेक्सिया संबंधी जानकारी दी गई।इस जागरूकता अभियान के दौरान वरीय व्याख्याता रश्मि कुमारी, व्याख्याता सचिन कुमार भारती, वंदना कुमारी,डॉ सुधीर कुमार, साधनसेवी राजेश कुमार एडमिन दीपेश कुमार के साथ डायट के सभी कर्मी मौजूद रहें।

# रामधनी भगत डिग्री कॉलेज प्रांगण में दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार का आगाज



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर )प्रखंड क्षेत्र के प्रतिष्ठित रामधनी भगत डिग्री कॉलेज के प्रांगण में प्रथम दिन शुक्रवार को आइजोरा रिसर्च एसोसिएशन एवं रामधनी भगत डिग्री कॉलेज संग्रामपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरास्ट्रीय सेमिनार आयोजन किया गया ' सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया 'समयानुसार सेमिनार सुबह 10 बजे से शुरू हुआ ' सर्वप्रथम कॉलेज के बच्चियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर सेमिनार में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया ' तत्पश्चात अनु प्रिया द्वारा शिव तांडव स्त्रोत पर नृत्य कर सेमिनार में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । वहीं इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय के सचिव श्री मनोज भगत ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न विद्वानों द्वारा रिसेंट ट्रेंड्स इन मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च एंड प्रैक्टिस विषय पर ने अपनी राय रखी। इस्लामिक यूनिवर्सिटी बांग्लादेश के डॉ. धनंजय ने अपने विचार रखते हुए कहा मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च वर्तमान समय की जरूरत है इसके माध्यम से सामाजिक जरूरत के विविध आयाम को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। तिलका मांझी भागलपुर अंतर्गत मारवाड़ी महाविद्यालय विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा आने वाला कल मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च का होगा जो रिसर्च में ज्यादा अच्छा करेंगे उसे देश के खुशहाली उतनी ही बेहतर होगी। यह सदी ज्ञान की सदी है और रिसर्च इसको आधार प्रदान करता है। नई शिक्षा नीति 2020 में मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा दिया गया है, शोधार्थी को मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च को गंभीरता से लेने की जरूरत है। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट की प्राध्यापिका डॉ मणिकांता ने अपने विचार रखते हुए मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च की कमियों और खूबियों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि तथ्य को समग्रता से समझने के लिए शोध का यह तरीका सर्वाधिक उपयुक्त है। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में मैनेजमेंट के प्राध्यापक डॉक्टर पंकज कुमार ने अपने विचार रखते हुए मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च को विकासशील एवं अविकसित देश के लिए जरूरी बताया उन्होंने कहा कि आप समाज को इस शोध पद्धति से बेहतर समझ सकेंगे। इस मौके पर दर्जनों शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत इस मौके पर सनोज कुमार, विकास कुमार, कुणाल भगत, राकेश बमबम, शिल्पी एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। आइजोरा रिसर्च एसोसिएशन झारखंड की कोऑर्डिनेटर कल्पना कुमारी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# किसानों को नही मिल पा रहा बीज, जताया आक्रोश



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सेवा,मौरा,रतनपुर व कोल्हुआ पंचायतों के दर्जनों किसानों ने किसान भवन के समीप जमकर बवाल काटा। व कृषि विभाग में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियो के खिलाफ नारेबाजी की।उक्त पंचायतों के किसान सरकार द्वारा रबी फसलों की बुआई को ले मिलने वाले अनुदानित चना,गेंहू,मसूर व सरसों फसल के बीज वितरण में की गई धांधली से नाराज थे। वहीं किसानों के द्वारा सुबह से ही लाइन लगाकर अपने-अपने बारी का इंतजार करते हुए देखा गया।जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।अपने बारी के इंतजार में किसान धक्का मुक्की कर रहे थे। किशोर सिंह, कमलेश झा,प्रभु यादव,ललन झा,सुबोध झा,रमेश शर्मा,उषा देवी, संतोष कुमार,धर्मेंद्र शाह साहित दर्जनों किसानों ने किसान भवन में फैली कू व्यवस्था तथा धांधली के ऊपर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों को परेशान करने की मंशा से यहां के पदाधिकारी कई प्रकार के समस्याओं को जानबूझकर उत्पन्न कर रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि कई किसानों का ओटीपी नहीं आ रहा है तो कई किसानों ने कहा कि हमारा ओटीपी आ गया है परंतु मुझे बीज नहीं दिया जा रहा है। रामाधार चौधरी,बीएओ,गिद्धौर गेंहू,चना,सरसों,मंसूर का बीज धीरे धीरे आ रहा है। बीज आते ही कृषकों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# बाल संस्कार शाला का शुभारंभ आदर्श युवा प्रकोष्ठ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड अंतर्गत बैजला पंचायत के स्लम बस्ती पचरुखी में शुक्रवार देर शाम आदर्श युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार द्वारा बाल संस्कार शाला का शुभारंभ आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार, मुखिया प्रकाश पंडित, शिक्षक सुरेश कुमार यादव, सदानंद यादव ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया वहीं कार्यक्रम का संचालन नीतीश कुमार ने किया। नीतीश कुमार सूर्य व आशीष कुमार को बाल संस्कार शाला संचालन का दायित्व सौंपा गया। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चें व ग्रामीण काफी उत्साहित दिखें । आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने कहा कि गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ बाल संस्कार शाला के माध्यम से नौनिहालों में शिक्षा व संस्कार देने का कार्य कर रही हैं। यह क्षेत्र आज भी शिक्षा से वंचित हैं, ऐसे क्षेत्र में गायत्री परिवार प्रतिदिन शिक्षा देने का कार्य करेगी यह गौरवान्वित करने वाला पल होगा। जिस तरह हर व्यक्ति छोटी-छोटी वस्तुओं का ख्याल रखते हैं उसी तरह सभी अभिभावक अपने - अपने बच्चों पर ध्यान दे दें तो इस क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा। शिक्षा हमें जागरूक बनाती हैं, उसे कोई ठग नहीं सकता। शिक्षा से ही व्यक्ति अपने अधिकारों व कर्तव्यों से वाकिफ होते है साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा यदि अपने बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं उन्हें प्रतिदिन पढ़ने के लिए जरूर भेजें । मौके पर उपस्थित शिक्षक सुरेश कुमार यादव ने कहा बाल संस्कार शाला का यह पहल सराहनीय है। यह कार्यक्रम भविष्य निर्माण से जुड़ा कार्यक्रम है। शिक्षा से जीवन जीने का तरीका बदल जाता हैं। बच्चें गीली मिट्टी के समान है इन्हें सही आकार देना अभिभावकों का काम है। मौके पर मनीष कुमार, शिक्षक नरेश यादव, विशाल कुमार, राकेश कुमार, रामजी यादव, बालमुकुंद, नीतीश, सुभाष, बिट्ठू, शंकर खैरा, निरंजन, संतोष, पवन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## उप स्वास्थ्य केंद्र तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण मरीज नहीं पहुंच पाते है

प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।बिहार सरकार की और से सैकड़ों से अधिक जनकल्याण कारी योजना चला रही है जिस से आम लोगों को फायदा पहुंच रहा है लोगों को काफी सुविधा भी मिल रही है लोगों को आसानी से दबा भी मिल रहा है लोग आसानी से अस्पताल पहुंच कर अपना इलाज करबा रहे है अस्पताल मे ढेर सारी सुविधा भी मरीजों को मिल रहा है इसके बाबजूद भी अस्पताल कर्मी घुटने भर पानी कीचड़ मे चलने को है मजबूर बताते चले की जिले के संग्रामपुर प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के नवगाय के उप स्वास्थ्य केंद्र जहाँ पर की तीन स्वास्थ्य कर्मी एएनम मौजूद है तीनो कर्मी घुटने भर पानी कीचड़ मे घुस कर अपने डियूटी पर आते है इस विषय मे जब एएनएम से बात किया गया तो , यह बताया गया की यहाँ पर जो इलाज करवाने इस समय मे आते है वह खुद इलाज उनका क्या होगा वह खुद मरीज बन करके चले जाते है सरकार के ओर से सारी सुविधा रहते हुए एक सड़क नहीं होने के कारण आम लोगों को आने जाने मे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है वहीं ग्रामीण अमरजीत कुमार, नीरज सिंह सत्या नन्द सिंह मोहित सिंह ने बताया की इस कैंपस में विद्यालय पैक्स गोदाम स्कूल होने के बाबजूद भी एक रास्ता ठीक नहीं होने के कारण बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसको ले करके कई बार लोकल पदाधिकारी स्थानीय विधायक मंत्री से भी अवगत कराया गया इसके बाबजूद भी किसी का प्रयास नहीं किया इस मौके पर दर्जनों से अधिक लोग मौजूद थे।

# राजेंद्र सरोवर स्वर्णिम अतीत का काला वर्तमान, उद्धारक का तलाश, जल्द सुधि ले प्रशासन व सरकार



प्रात: किरण संवाददाता

खगड़िया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने राजेंद्र सरोवर बचाओ, जल स्त्रोत बचाओ, नगर सौंदर्य धरोहर बचाओ, समाज बचाओ, देश बचाओ नारों को बुलंद करते हुए कहा कि राजेंद्र सरोवर आज स्वर्णिम अतीत का काला वर्तमान साबित हो रहा है। नगर सौंदर्य एवं पार्क-जल विहार राजेंद्र सरोवर के रूप में प्रतिष्ठित पहचान अब खो रही है। पूर्व एसडीओ संतोष मैथ्यू की रंग लाई मेहनत पर अब पानी फिर चुकी है। अतिक्रमण हटाओ विशेषज्ञ एसडीओ आज संवारने सजाने बसाने का कार्य गंवारा नहीं समझते। रौनक दीखने वाली गोशाला परिसर खंडहर में तब्दील है। गोशाला का आकर्षक गेट पर अतिक्रमण से ढहे खंडहर का काला दाग लगी हुई है। गोशाला के करोड़ों रुपए की आय से बेहतर विकसित सुंदर गौशाला निर्माण एवं राजेंद्र सरोवर का सौंदर्यीकरण संभव हो सकता है किंतु इच्छाशक्ति की कमी है। जिससे उल्लेखनीय, उम्दा, उत्कृष्ट कार्य वर्तमान पदाधिकारी से संभव नहीं हो पता है। स्टॉल निर्माण गौशाला के हित में जल्द करने की जरुरत है। श्री यादव ने कहा कि विगत वर्षों तक राजेंद्र सरोवर नामांकित गेट जर्जर होने के कारण अभियान के पहल एवं ध्यानाकर्षण के बाद पूर्व जिला अधिकारी द्वारा संभावित अप्रिय घटना के मद्देनजर तोड़कर हटाया गया किंतु देश बचाओ अभियान द्वारा आकर्षक गेट का निर्माण करने की मांग विगत वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ी है। वहीं सीढ़ी लगभग टूट चुकी है, गंदगी का अंबार है। जल विहार समाप्त तो चुकी है, क्यारियों का फूल गधे के सींघ के तरह गायब हो चुकी है, सिमेंट का बेंच को जैसे चूहे चुरा गए हो, नहीं के बराबर नजर आती है। चहारदिवारी समाप्त हो चुकी है। परिसर से गुजरने वाली सड़क जर्जर एवं बरसाती पानी लगी रहती है। ओडीएफ के बावजूद परिसर सरोवर शौचालय में तब्दील हो चुका है। पिकनिक मनाने वाले एवं मॉर्निंग वॉकिंग करने वाले लोग गंदगी और अव्यवस्था के कारण उधर देखना तक मुनासिब नहीं समझते, हां कभी कभार पिंडदान कर्मकांड करने वाले लोग सरोवर परिसर में नजर आ जाते हैं। सरोवर परिसर में गोबर के उपले, गड्ढे, गंदगी, आवारा जानवर, सूअर, अतिक्रमण ही नजर आते हैं। अंबार लगी सरोवर की समस्या का समाधान एवं नगर सौंदर्यीकरण करने का दंभ भरने वाले नगर परिषद प्रतिनिधि, विधायक, सांसद इस ओर एक तिरछी नजर देखना भी गंवारा नहीं समझते। आज भी किसी उद्धारक का तलाश है। सरोवर को गोद लेने वाले समाजिक कार्यकर्ता भी चुप्पी साध बैठे हैं। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि देश बचाओ अभियान सरोवर का सौंदर्यीकरण एवं गोशाला को विकसित एवं सुंदर निर्माण करने को लेकर आंदोलन तेज करेगी।

# प्लस टू विद्यालय भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार को उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय चितोचक विद्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक दामोदर रावत के कर कमलो द्वारा संपन्न हुई। कार्यक्रम सभा की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि अरविंद कुमार एवं मंच संचालन वरीय शिक्षक नागेश्वर तुरी ने किया। मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बिहार सरकार पूरे प्रदेश में हाई स्कूल को प्लस टू कर दी है और बच्चे बच्चियों को समुचित शिक्षा के लिए शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाएं चला रही है। विद्यालय भवन ,बेंच, डेस्क, शैक्षणिक उपस्कर, कंप्यूटर, विद्यालय में मुहैया करा रही है। बच्चियों को प्रोत्साहन के लिए साइकिल दी जा रही है । आज बिहार राज्य के शैक्षणिक स्तर ऊंचा है। पहले जहां 170000 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होते थे वही आज 17 लाख छात्र-छात्राएं सम्मिलित होती है। हमारी सरकार शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है। झाझा के नागी ,नकटी डैम को विश्व पटल पर लाने में हमारी सरकार अहम भूमिका निभा रही है। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को समय पर विद्यालय आकर शिक्षण कार्य करने की आह्वान की। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव रावत, करुणा देवी, विवेका सिंह, सुबोध केसरी , दरोगाराम , गणेश प्रसाद प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक- भोला कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिंह, पवन कुमार, शिवनारायण रावत, देवेश कुमार, बबलू कुमार ,अनिल कुमार, शिक्षिका अखंड ज्योति कुमारी, मोनिका कुमारी, पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, शिक्षा सेवक -विश्वनाथ कुमार एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## दीपक, अगरबत्ती जलाने से ईश्वर प्रसन्न होते हैं क्या



प्रात: किरण संवाददाता

सोनो जमुई : हमे प्रसन्नता तब होती है जब मनचाही वस्तु प्राप्त होती है , और जब कोई वस्तु पास से चली जाये तो अप्रसन्नता होती है । ईश्वर तो परिपूर्ण है , उसके पास किसी भी वस्तु की कमी नहीं है , ईश्वर सर्वज्ञ है , पूर्ण ज्ञानी है । अतः उनके सुखी अथवा दुखी होने का कोई प्रश्न ही नही उठता । क्योंकि ईश्वर सदा एकरस रहता है , उसमें किसी बात की बढ़ोतरी या घटोतरी नही होती । जो परमपिता परमात्मा सूर्य , चन्द्रमा इत्यादि ग्रहों को प्रकाशित करता है , उसे हम कुछ दीपक जलाकर क्या प्रसन्न कर सकते हैं । घर में रोशनी नहीं है तो दीपक जलाने से प्रकाश मिल सकता है , परन्तु ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए दीपक जलाना बिलकुल अज्ञानता की बात है । धूप अगरबत्ती से थोड़ा धुआं उठता है , तथा सुगंध फैल जाती है, जिससे मच्छर इत्यादि जीव भाग जाते हैं ।ईश्वर को सुगंध की क्या आवश्यकता है । दीपक , अगरबत्ती व धूपबत्ती इत्यादि जो हम पूजा में जलाते हैं, वे सब यज्ञकर्म न करने के बहाने हैं । सामग्री में सुगन्धित वस्तुओं का मिश्रण इस लिए होता है , जिससे अग्नि में आहुति देने पर वायुमंडल में सुगंध फैले और जड़ी बूटियों से कीट - कीटाणुओं का सफाया हो ।इससे घर में पवित्रता का वातावरण उत्पन्न हो जाता है ।गोधृत परमाणु रोगों को घर में आने से रोकते हैं । आजकल यज्ञकर्म को सभी पवित्र और लाभकारी तो मानते हैं , परन्तु कर्मकाण्ड करने को किसी के पास समय नहीं है ।दीपक , धूप ,अगरबत्ती यज्ञ का ही बिगड़ा हुआ रूप है । प्रायः स्त्रियाँ घरों में संध्या होते ही दीपक , धूप , अगरबत्तियां जलाती है ।कुछ न करने से यह भी अच्छा ही है , परन्तु दीपक गाय के घी से जलाना ही लाभकारी है ।

सम्पादकीय

## ब्रिक्स की सामूहिक ताकत

ब्रिक्स का 16वां शिखर सम्मेलन कई मायनों में सफल रहा। समूह के नेतृत्व और उनके मकसद भी सार्थक रहे। अब ब्रिक्स 10 सदस्य देशों का समूह हो गया है, क्योंकि ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को नई सदस्यता दी गई है। करीब 30-35 अन्य देश भी ब्रिक्स से जुडा चाहते हैं, जिनमें पाकिस्तान भी उतावला है, लेकिन भारत ने उसकी संभावनाओं को खारिज करवा दिया है। यदि जी-7 पश्चिमी देशों का समूह है, तो ब्रिक्स ह्यग्लोबल साउथह्ण का प्रतिनिधित्व करता है। पश्चिम और यूरोप की वर्चस्ववादी सत्ता के समानांतर अब ब्रिक्स की ताकतवर उपस्थिति भी है, लेकिन वह ह्यपश्चिम-विरोधीह्ण नहीं है। ब्रिक्स नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स ह्यगैर-पश्चिमह्ण समूह है, जिसमें करीब 450 अरब डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। दुनिया की करीब 45 फीसदी आबादी ब्रिक्स के दायरे में है, लिहाजा अब इसकी सामूहिक ताकत को समझा जा सकता है। जी-7 और ब्रिक्स के कुछ सदस्य जी-20 में भी शामिल हैं, लिहाजा ये समूह परस्पर सहयोगी हो सकते हैं, दुश्मन नहीं हो सकते। रूस में सम्पन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का बुनियादी थीम था-वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए ह्यबहुपक्षीयवादह्ण को मजबूत करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा बार-बार उठाया और ब्रिक्स के विस्तार का भी आग्रह किया। रूस के ही एक गणराज्य की राजधानी कजान में ब्रिक्स का सम्मेलन कामयाब रहा, यह अपने आप में महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में संलिप्त है, फिर भी वहां कोई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना वाकई आश्चर्यजनक है। बहरहाल कजान सम्मेलन के बाद जो साझा घोषणापत्र जारी किया गया, उसमें कुछ मुद्दे पश्चिमी देशों की ह्यदादागीरीह्ण के खिलाफ हैं और उनके चरित्र को भी चुनौती देते हैं। मसलन, अमरीका ने अकेले रूस पर करीब 20, 000 प्रतिबंध थोप रखे हैं। ईरान पर भी पाबंदियां हैं। ब्रिक्स ने ऐसी आर्थिक, व्यापारिक और जबरन पाबंदियों को नकारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर, कुछ बड़े देशों के, दोहरे रवैये की भत्र्सना की है। उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया, लेकिन दुनिया उन्हें जानती है। ब्रिक्स घोषणापत्र में आतंकवाद को भी शामिल किया गया है और साझी लड़ाई का आह्वान भी किया गया है, लेकिन आतंकवाद पर ही ब्रिक्स के कुछ देशों में, द्विपक्षीय स्तर पर, विरोधाभास भी हैं। सामूहिक स्तर पर उन्हें बेमानी माना गया है। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार को भी मुख्य मुद्दा मान कर कजान घोषणापत्र में उल्लेख किया गया है। ब्रिक्स शुरूआत में आर्थिक और कारोबारी समन्वय के मुद्दों तक ही विमर्श करता था, लेकिन कजान सम्मेलन के दौरान इजरायल के हमलावर व्यवहार की निंदा और गाजा-पट्टी में उसके किए गए हमलों की भत्र्सना की गई है। इजरायल से तत्काल और स्थायी संघर्ष-विराम करने की मांग भी की गई है, लेकिन अक्तूबर, 2023 में हमास ने इजरायल पर जिस तरह का कातिलाना हमला किया था, घोषणापत्र में उसका कोई उल्लेख नहीं है। माना जाता है कि भारत ने जून, 2024 में विदेश मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे को रखा था, लेकिन ब्रिक्स देशों के मंत्रियों में सहमति नहीं बन पाई, लिहाजा हमास का हमला घोषणापत्र से बाहर ही रहा। हम हमास के उस हमले को ह्यबड़ा आतंकवादह्ण मानते हैं। उसी के कारण आज भी गाजा और लेबनान में युद्ध के हालात बने हैं। तबाहियां और बर्बादियां हो रही हैं, लेकिन विश्व का कोई भी संगठन और समूह युद्ध-विराम कराने में अभी तक सफल नहीं हुआ है। बहरहाल जो ब्रिक्स आर्थिक विषयों तक सीमित रहता था, वह अब भू-राजनीति, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, विज्ञान-प्रौद्योगिकी सरीखे विषयों पर भी विमर्श करता है और अपने सरोकार व्यक्त करता है।

## नायडु का बयान और भाजपा की चुप्पी

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो से अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चंद्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहें तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडु के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडु के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिएं। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडु द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लडे की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढकर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है, क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढकर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की यह संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉमूर्ले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉमूर्ला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढकर 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से छोटे कारोबारियों की चांदी!

**इसके अलावा, इसमें गारंटी की जरूरत भी नहीं होती, जिससे किसी भी वर्ग के लोग बिना किसी जमानत के आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, ब्याज दरें भी काफी कम होती हैं, जो छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय बोझ को कम करती हैं। कम ब्याज दर के कारण छोटे व्यवसायियों के लिए ऋण लेना आसान होता है, जिससे वे बिना किसी बड़े आर्थिक दबाव के अपने व्यापार को चला सकते हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से भी लोन के लिए आवेदन किया जा सकता है। अब लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे यह प्रक्रिया अधिक सरल और सुविधाजनक हो गई है।**






**सुशील देव**
लेखक

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने देश के छोटे कारोबारियों के लिए एक नई आशा की किरण दिखाई है। इस योजना के अंतर्गत अब ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे न केवल छोटे उद्योगों को लाभ होगा, बल्कि इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य छोटे व्यवसायों और स्वरोजगार करने वाले लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मुद्रा योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने छोटे व्यापार को बढ़ावा दें और आत्मनिर्भर बनें। इस योजना के तहत लोन की राशि में वृद्धि से छोटे कारोबारियों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस वृद्धि से मुद्रा योजना का उद्देश्य और प्रभावी तरीके से पूरा होगा। इसके माध्यम से छोटे व्यापारियों को अपने व्यापार का विस्तार करने और नई व्यावसायिक संभावनाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में लोन तीन श्रेणियों में बांटे गए हैं: शिशु, किशोर और तरुण। शिशु लोन के तहत अधिकतम 50,000 रुपये तक का ऋण मिलता है, जो नए व्यापार शुरू करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। किशोर लोन 50,000 रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक का होता है, जिससे अपने व्यापार को और मजबूत करने की आवश्यकता वाले लोग लाभान्वित होते हैं। तरुण लोन 5 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक का होता है, जो व्यापार के विस्तार के लिए काफी मददगार है। अब लोन की सीमा 20 लाख रुपये तक होने से छोटे व्यापारियों के पास अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे वे व्यापार में जरूरी सामग्री, मशीनरी और अन्य संसाधन खरीद सकते हैं और अपने व्यवसाय को उन्नत कर सकते हैं। मुद्रा योजना के तहत लोन लेने की प्रक्रिया बहुत ही आसान और तेज है, जिससे व्यापारियों को किसी जटिल प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ता। इसके अलावा, इसमें गारंटी की जरूरत भी नहीं होती, जिससे किसी भी वर्ग के लोग बिना किसी जमानत के आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, ब्याज दरें भी काफी कम होती हैं, जो छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय बोझ को कम करती हैं। कम ब्याज दर के कारण छोटे व्यवसायियों के लिए ऋण लेना आसान होता है, जिससे वे बिना किसी बड़े आर्थिक दबाव के अपने व्यापार को चला सकते हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से भी लोन के लिए आवेदन किया जा सकता है। अब लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे यह प्रक्रिया अधिक सरल और सुविधाजनक हो गई है। डिजिटल इंडिया के तहत यह पहल न केवल सुविधा प्रदान करती है बल्कि वित्तीय समावेशन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनके व्यवसायों को एक नया आयाम मिल सकता है। इस योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके तहत महिलाओं और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इससे इन वर्गों के लोगों को भी अपने व्यवसाय को शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। इस प्रकार यह योजना समाज के कमजोर वर्गों के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी सहायक बन रही है। महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों को स्वरोजगार से जोड़ने के इस प्रयास से न केवल उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है, बल्कि उनके जीवनस्तर में भी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मिले लोन का उपयोग व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करने के अलावा व्यक्तिगत विकास के लिए भी किया जा सकता है। इस लोन से छोटे कारोबारी अपनी आवश्यकतानुसार कच्चा माल, मशीनरी, और अन्य जरूरी संसाधन खरीद सकते हैं। यह योजना उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है जो कम लागत में व्यवसाय करना चाहते हैं या किसी विशेष स्किल के आधार पर अपना व्यवसाय चलाना चाहते हैं।प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अधिक ऋण मिलने से रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा, क्योंकि जब छोटे व्यवसाय का विस्तार होगा, तो अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे देश में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। छोटे उद्योगों के विकास से स्थानीय और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं में भी तेजी आएगी, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना छोटे व्यापारियों के लिए एक संजीवनी की तरह है। इस योजना से न केवल छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिल रहा है। लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का सरकार का निर्णय छोटे व्यापारियों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के आर्थिक उत्थान में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना न केवल आर्थिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार, यह योजना सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्थिक समृद्धि और सामाजिक उन्नति की दिशा में देश को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। आने वाले समय में उम्मीद की जा सकती है कि इस योजना के माध्यम से छोटे व्यापारी और उद्यमी देश की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान देंगे और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा होगा।

# आत्मनिर्भरता की ओर किशोरियों का पहला कदम

**इसके अतिरिक्त गांव की रूढ़िवादी विचारधारा के कारण भी किशोरियों के आगे बढ़ने में बाधा उत्पन्न होती है। कम उम्र में शादी और अन्य सामाजिक बंधनों के कारण उनका सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। ऐसे में कंप्यूटर सीखना उनके लिए किसी स्वप्न की तरह था। लेकिन दिशा प्रोजेक्ट से जुड़ कर गांव की किशोरियां न केवल कंप्यूटर चलाना सीख रही हैं बल्कि अपने अधिकारों से भी परिचित हो रही हैं। वर्तमान में, दिशा प्रोजेक्ट के माध्यम से गरुड़ और कपकोट के विभिन्न गांवों में करीब 6 दिशा ग्रह नाम से कंप्यूटर सेंटर संचालित हो रहे हैं। जबकि चार अन्य भी जल्द खुल जायेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिक से अधिक किशोरियां इस तकनीक में दक्ष हो सके। प्रत्येक दिशा ग्रह सेंटर पर दस से अधिक किशोरियों को कंप्यूटर की ट्रेनिंग दी जा रही है**






**तानिया आर्या**
लेखक

मैं बीए में पढ़ रही हूं. मैं पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हूं, लेकिन मुझे ये नहीं पता था कि आगे भविष्य में क्या करना है? मैंने सुना है कि आज के युग में कंप्यूटर के ज्ञान के बिना भविष्य नहीं है. नौकरी मिलना संभव नहीं है. लेकिन मेरे पास इसे सीखने की कोई सुविधा नहीं थी। इस दूर दराज गांव में किसी के पास कंप्यूटर भी नहीं है. मुझे ऐसा लग रहा था कि शायद मैं कभी इसे नहीं सीख पाउंगी। लेकिन जब हमारे गांव में चरखा संस्था द्वारा दिशा ग्रह नाम से कंप्यूटर सेंटर खोला गया तो मेरे अंदर एक उम्मीद जगी कि मैं भी इस आधुनिक तकनीक को सीख कर आत्मनिर्भर बनने का सपना पूरा कर सकती हूं. जब मुझे पता चला कि संस्था द्वारा इसे फ्री में गांव की लड़कियों को सिखाया जायेगा तो मुझे बहुत अच्छा लगा. संस्था की मदद से आज मैं कंप्यूटर चलाने में दक्ष हूं। अब मेरे अंदर एक अलग सा आत्मविश्वास जाग चुका है। यह कहना चौरसो गांव की 18 वर्षीय किशोरी श्वेता का। जो गांव में ही रहकर पढ़ाई के साथ साथ कंप्यूटर जैसी तकनीक में भी महारत हासिल कर रही है. श्वेता जैसी चौरसो की कई अन्य किशोरियां भी हैं जिन्होंने दिशा ग्रह से जुड़कर अपने भविष्य को संवार रही हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला से 30 किमी और गरुड़ ब्लॉक से करीब 8 किमी दूर छोटे से गांव चौरसो की किशोरियां इस समय न केवल आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रही हैं बल्कि उसे पूरा करने की जद्दोजहद में भी लगी हुई हैं। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 3000 है और साक्षरता दर 90 प्रतिशत के करीब है. जिसमें महिलाओं की साक्षरता दर करीब 45 प्रतिशत है। इस गांव में शिक्षा का स्तर तो संतोषजनक है लेकिन कंप्यूटर जैसी तकनीक के मामले में यह गांव काफी पीछे था। लेकिन दिशा प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद से इस गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर तक पहुंच आसान बन गई है। 19 वर्षीय पायल कहती है कि ह्यजब से गांव में कंप्यूटर सेंटर खुला है मैं अपना अधिक से अधिक समय इस सेंटर पर देती हूं ताकि भविष्य में मुझे किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। वह कहती है कि आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। वर्तमान में कंप्यूटर के ज्ञान के बिना कुछ भी संभव नहीं है। वहीं नेहा बताती है कि जब मैंने पहली बार सेंटर पर कंप्यूटर चलाया तो मुझ में यह विश्वास जगा कि मैं भी जीवन में सफल हो सकती हूं। नौकरी कर आत्मनिर्भर बन सकती हूं। अब मैं पढ़ाई के साथ साथ हर सप्ताह कंप्यूटर सीखने दिशा ग्रह सेंटर जाती हूं. हमेशा मुझे वहां कुछ नया सीखने को मिलता है। अब मुझे लगता है मैं भी अपनी ज़िंदगी में कुछ कर सकती हूं। वहीं एक अन्य किशोरी लक्ष्मी कहती है कि संस्था द्वारा किशोरियों को केवल कंप्यूटर ही नहीं सिखाया जाता है बल्कि प्रत्येक रविवार को दिशा सभा के माध्यम से किशोरियों के साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी की जाती है. मैं क्या सोचती हूं? मुझे समाज के बारे में क्या लगता है? किशोरियों के अधिकार क्या है? शोषण के खिलाफ किस तरह आवाज उठानी चाहिए? अपने भविष्य के लिए मुझे क्या करना चाहिए? आदि सब बातें, जो मैंने इससे पहले कभी किसी के साथ चर्चा नहीं की थी, लेकिन मन में ऐसे प्रश्न उठते रहते थे, इन सभी मुद्दों पर दिशा सभा में खुलकर चर्चा होती है। वह कहती है कि ह्यकुछ बातें ऐसी होती हैं जो हम घर वालों से नहीं कह सकते, वह हम दिशा सभा में बोल सकते हैं. उन पर हमें सुझाव भी दिए जाते हैं। मुझे संडे को दिशा सभा करना बहुत अच्छा लगता है।

जहां खेल-खेल में हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। समाज में जो कुछ घटित हो रहा है और जो हमें पसंद नहीं है, उन चीजों पर भी हम बात करते हैं. लक्ष्मी कहती है कि ह्यआज के समय में लड़कियों का जहां पढ़ना लिखना आवश्यक है, वहीं समाज में घटित होने वाले मुद्दों पर भी बात करना जरूरी है। चौरसो में कंप्यूटर सेंटर खुलने से केवल किशोरियां ही नहीं बल्कि उनके माता पिता भी काफी खुश हैं क्योंकि अब गांव में ही रहकर उनकी लड़कियां कंप्यूटर सीख रही हैं. इस संबंध में गांव की एक महिला भागा देवी कहती हैं कि ह्यहमारे गांव में जब से दिशा ग्रह खुला है मैं बहुत खुश हूं. मेरी पांच बेटियां हैं और मैं चाहती हूं कि लड़कों की तरह वह भी आगे बढ़े. उन्हें भी समान अवसर मिले. लेकिन गांव में इससे पहले ऐसी कोई सुविधा नहीं थी. लड़कियों को कंप्यूटर सीखने 30 किमी दूर बागेश्वर शहर जाना पड़ता, जो मुमकिन नहीं था। एक मां के रूप में मुझे लगता था कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण मेरी बेटियों को भी सुविधाओं के अभाव में शिक्षा प्राप्त करनी होगी. वह कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषय को सीखने से वंचित रह जाएंगी, लेकिन चरखा की पहल से अब वह दिशा ग्रह में जाकर कंप्यूटर सीखती हैं। मुझे बहुत खुशी होती है कि जो हम नहीं कर पाए आज मेरी बेटियां कर रही हैं. मैं उन्हें अपने पैरों पर खड़ा देखना चाहती हूं। वह आत्मनिर्भर बनें और इतनी सक्षम बनें कि अपने फैसले खुद ले सके. चरखा ने दिशा ग्रह सेंटर खोल कर गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर सीखना आसान कर दिया है. इस संबंध में पंचायत सदस्य बबीता देवी कहती हैं कि इस दूर दराज गांव में कंप्यूटर का आना ही कल्पना से परे था. ऐसे में लड़कियों के लिए यह आसानी से उपलब्ध हो जाए यह तो कोई सोच भी नहीं सकता था. लेकिन चरखा संस्था द्वारा दिशा ग्रह के माध्यम से चौरसो जैसे सुदूर गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर उपलब्ध कराना बहुत महत्वपूर्ण है. इससे उन्हें आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। ज्ञात हो कि अजीम प्रेमजी फॉउंडेशन के सहयोग से चरखा संस्था द्वारा उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ और कपकोट ब्लॉक के विभिन्न गांवों में प्रोजेक्ट दिशा संचालित किया जा रहा है. जिसके माध्यम से किशोरियों को विभिन्न माध्यमों से सशक्त किया जाता है. जिसमें उन्हें लेखन और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिए वातावरण तैयार करने के साथ साथ उन्हें कंप्यूटर की ट्रेनिंग भी दी जाती है. इस संबंध में संस्था की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि घर की कमजोर आर्थिक स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है।


# नकली डिब्बा, नकली बोतल, ले ले मेरे यार

**राकेश अचल**

जब से होश सम्हाला है तभी से अमूल के उत्पादों पर भरोसा करता आया हूँ। अमूल मेरा बड़ा भाई है या बहन, ये मै नहीं जानता? लेकिन अमूल तो अमूल है। बिना कसी प्रधानमंत्री को अपना ब्रांड एम्बेस्डर बनाये अमूल आजादी मिलने से ठीक एक साल पहले वजूद में आया। मुझसे 13 साल बड़ा है अमूल। गुजरात के त्रिभुवन दस पटेल साहब की दें है। पटेल साहब के इस उपहार से पूरा देश धन्य हुआ और है। पटेल साहब को उस समय से लेकर आजतक किसी खास आदमी को अपना ब्रांड एम्बेस्डर नहीं बनाना पड़ा। अमूल आम आदमी के लिए था और अमूल का ब्रांड एम्बेस्डर भी आम आदमी ही है, लेकिन अब अमूल को भी नक्कालों की नजर लग गयी है। देश का आधा बाजार अमूल के नकली घी से अटा पड़ा है। हम भारतीय किसी और में विश्व गुरू बने हों या न बने हों लेकिन नकल करने में दुनिया के विश्व गुरू अवश्य है। हमारे सामने नकल करने वाले दुसरे देश शायद कहीं नहीं टिकते। हमारे हुनरमंद नक्काल दुनिया के किसी भी उत्पाद की हू-ब-हू नकल करने में समर्थ है। खाने-पीने की चीज हो या पांव में पहनने की चप्पल। अंडर वियर हो या बनियान। हम उसकी नकल तैयार कर सकते है। घी, दवाएं, कपड़े, दाल-चावल, तेल तो सामान्य चीजे हैं। इन नकल विशेषजों की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप अब बाजार में नकली अमूल घी भी उपलब्ध है। मुझे जब इस बारे में खबर मिली तब तक मेरे घर में अमूल घी का पदार्पण हो चुका थ। मुझे नहीं पता कि मै असली अमूल घी लाया हूँ या नकल। भगवान मेरे परिवार की ही नहीं अपितु मेरी तरह देश के तमाम अमूल घी प्रेमियों की रक्षा करें। गनीमत है कि अमूल कम्पनी हमारी सरकारों की तरह गैर जिम्मेदार नहीं है, वो अपने उपभोक्ताओं का पूरा ख्याल रखती है इसलिए उसने खुद अमूल के नकली घी के बारे में खुलासा किया। अमूल ने नकली घी बेचने वालों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। कंपनी ने बताया कि कुछ लोग नकली अमूल घी बेच रहे हैं। खासकर ऐसे एक लीटर वाले रीफिल पैक में, जो अमूल तीन साल से नहीं बना रही है। अमूल ने लोगों से कहा है कि वे घी खरीदने से पहले पैकेजिंग की जांच जरूर कर लें। कम्पनी के इस खुलासे के बाद से हमारे पेट में उपद्रव शुरू हो गया है क्योंकि हम कुछ रुपए बचने के फेर में तीन साल से अमूल के रिफिल पैकेट ही घर में ला रहे थे। यानि हम सब नकली घी खा रहे थे, वो भी अमूल का। उस अमूल का जिसका मतलब ही अनमोल होता है।हमारे देश में जबसे सरकार ने मेक इन इण्डिया, मेड इन इंडया जैसे नारे दिए हैं तबसे और उससे पहले से ही नक्काल सक्रिय हैं। देश में नकली उत्पादों का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। देश में यदि अमूल का कारोबार 4 बिलियन डालर का है तो नकली उत्पादों का करोबार इससे चार गुना ज्यादा होगा। आप चूंकि आजकल अखबार कम पपढ़ते हैं और मोबाईल में उलझे रहते हैं इसलिए शायद आपको नहीं पता कि दुनिया में नकली प्रोडक्टका कारोबार कुल बिजनेस का 3.3 फीसदी हिस्सा हो गया है।नकली उत्पादों के कुल मामले में से 84 फीसदी से अधिक सिर्फ पांच सेक्टर में से आते हैं।अकेले भारत में नकली प्रोडक्ट के उत्पादन/बिक्री के मामले सालाना 20 फीसदी की दर से ऐसे बढ़ रहे हैं जैसे अहिन की माता सुरसा का आकार बढ़ता है। आप जो खा रहे हैं, जो पहन रहे हैं उसमें क्या असली है और क्या नकली है ये भगवान भी शायद आपको नहीं बता सकत। अब दीपावली पर आप जो मावा मिष्ठान खायेंगे, शुद्ध देशी घी के लड्डू खाएंगे उसमें कितना मावा असली होगा, कितना घी असली होगा ये कोई नहीं जनता। बस खाये जाओ, खाये जाओ और हरि के गुण गाये जाओ। क्योंकि देश की कोई भी सरकार इस नकल के कारोबार पर नकेल नहीं डाल सकती। किसी भी दल की सरकार हो, एक इंजिन की हो डबल इंजिन की, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नक्काल सभी राजनीतिक दलों और सरकारों से ऊपर हैं। पूरी दुनिया और खासकर हम हिन्दुस्तानी इन नक्कालों की कृपा, अनुकम्पा पर ही जिंदा हैं। हमें याद है कि एक जमाने में देशी घी तो छोड़िये डालडा भी शुद्ध बिकता था। आज के जमाने में तो तिरुपति बाला जी का प्रसादम भी असली नहीं मिलता। लेकिन जो भी उत्पाद नेताओं की तरह घर-घर पहुंचा, उसकी नकल बाजार में आ गयी।हमने फिल्मों में ही नहीं बल्कि असल में नकली पुलिस, नकली आईएएस-आईपीएस, नकली डाक्टर देखे हैं और अब तो गुजरात में नकली जज और नकली अदालतें भी सम्मान पा चुकीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### उप विधानसभा चुनाव मे सदर विधायक महबूब अली को बनाया स्टार प्रचारक



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व कैबिनेट मंत्री/सदर विधायक, लोकलेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश के उप विधानसभा चुनाव मे स्टार प्रचारक बनाये जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओ में हर्ष की लहर है सभी ने एक दुसरे को मिठाईया खिलाकर बधाई दी। आपको बताते चलें कि सदर विधायक महबूब अली का पूरे उ० प्र० मे खासकर पश्चिमी उ०प्र० मे सर्व समाज मे अपना ही अलग रूतबा है जिसके चलते उप चुनाव मे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियो को इसका लाभ मिलेगा, श्री अली का संगठन में अलग ही मुकाम है जिसकी वजह से महबूब अली हमेशा से ही समाजवादी पार्टी के चहेते नेताओ में गिने जाते है।

### चित्रकूट में एक मकान से अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

बांदा, । चित्रकूट जिला मुख्यालय के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर एक मकान से भारी मात्रा में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी शनिवार को दी। कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) उपेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहर के जगदीशगंज मुहल्ले में शुक्रवार को छापा मारकर एक मकान से बड़ी तादाद में पटाखे बरामद किए गए हैं। इस सिलसिले में पकड़ा गया व्यक्ति कुलदीप गुप्ता पटाखा भंडारण का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बरामद पटाखों को दमकल विभाग को सौंप कर उनकी गिनती करायी जाएगी। इसके बाद उन्हें निष्क्रिय कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गाजियाबाद में शादी का झांसा देकर एमबीबीएस की छात्रा से दुष्कर्म

गाजियाबाद, । मेरठ के एक मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने छात्रा को झांसा दिया। अब वो शादी करने से इन्कार कर रहा है। जनपद मऊ की मूलरूप से रहने वाली युवती मोदीनगर की एक कॉलोनी में रहती हैं। वह मेरठ के एक कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। जहां पर उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। दोनों में बातचीत शुरू हुई। छात्रा का आरोप है कि युवक उसे एक होटल में लेकर गया, वहां उनके साथ दुष्कर्म किया। एक साल से आरोपी छात्रा का शारीरिक शोषण करता आ रहा है। शादी की बात कहने पर उसे टरकाना आ रहा है। छात्रा को पता चला कि युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया है। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सहारनपुर में सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

सहारनपुर, । सहारनपुर जिले के चिलकाना थाना इलाके में एक सड़क हादसे में एक बच्चे और उसके पिता की मौत हो गयी जबकि बच्चे की मां और चाची की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि जिले के थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी सुनील (28) अपनी पत्नी राखी (26), भाभी पूनम (29) और एक साल के पुत्र जयदेव के साथ चिलकाना क्षेत्र में एक रिश्तेदारी में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। जैन ने बताया कि शुक्रवार देर शाम ये सभी लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे, तभी थाना चिलकाना क्षेत्र में उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। सूचना मिलते ही चिलकाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने सुनील और उसके पुत्र जयदेव को मृत घोषित कर दिया जबकि राखी और पूनम की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें उपचार के लिये एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर चालक वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। जैन ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दी चेतावनी:जनता की मदद में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

प्रात : किरण, संवाददाता



गोरखपुर, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए तथा यदि लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

आज जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा, जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए और यदि लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए तथा किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए।

बयान में कहा गया कि मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

उनका कहना था कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

बयान के अनुसार कुछ मामलों में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ।

उनका कहना था कि हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। बयान में कहा गया कि इसके पहले शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में पहुंचे।

यहां उन्होंने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। योगी ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने की खाद्य पदार्थों की दुकानों पर छापेमारी

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी अमरोहा के निदेशों निदेशों पर सहायक आयुक्त (खाद्य) विनय कुमार अग्रवाल के द्वारा दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को शुद्ध खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेषकर खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर खोया, पनीर, घी, दूध एवं दुग्ध पदार्थ से निर्मित मिठाइयां, अन्य मिठाइयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल एवं वनस्पति, घी, रंगीन मीठे खिलौने, बेसन, मैदा व अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरोहा श्री हरीन्द्र सिंह के नेतृत्व में जनपद के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल गठित कर निरीक्षण एवं छापेमारी का आदेश दिया गया है जिसके क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के द्वारा जनपद अमरोहा के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के 07 नमूने संग्रह किये गये हैं। टीम के द्वारा चौधरपुर स्थित खाद्य कारोबारी दूध विक्रेता अजीम से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया, गांव पतेई खालसा से खाद्य कारोबारी इब्ने हसन के मिठाई प्रतिष्ठान से बरफी का नमूना लिया गया, इसके उपरान्त डिडौली स्थित ढाबा मालिक मुनाजिर हुसैन से पनीर का नमूना लिया गया, जोया स्थित मिष्ठान भण्डार मालिक नईम से तिल पेड़े का नमूना लिया गया, रजबपुर स्थित अली स्वीट्स कार्नर के मालिक मेहताब से खोया का नमूना, मिष्ठान विक्रेता निजामुद्दीन से छेना का नामूना तथा मिष्ठान विक्रेता तौसीफ से खोये का नमूना संग्रहित किया गया है। सभी नमूनों को विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित कर दिये गये है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अरविन्द कुमार, विपिन कुमार, कुलदीप कुमार दीक्षित, राकेश कुमार एवं मनोज कुमार कलश्यान शामिल रहे । सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा विशेषकर मिष्ठान कारोबारियों से अपील की जाती है कि दीपावली एवं भाईदूज के त्यौहार के अवसर पर टैंट अथवा भण्डार लगाकर खुले रूप में मिठाईयों की बिक्री न करें और अपने बिक्री काउंटर से मिठाईयों की बिक्री करें। साथ ही जनमानस से अपील की जाती है कि बिना ढके हुये खुली अवस्था में विक्रय की जाने वाली मिठाईयां, अत्यधिक रंगीन मिठाईयां एवं चाँदी वर्क की जगह एल्यूमिनियम वर्क लगी मिठाईयां न खरीदें और न ही इनका खाने में प्रयोग करें। यह अभियान त्वरित गति से भाईदूज पर्व तक जारी रहेगा।

# गणेश शंकर विद्यार्थी का त्याग और समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी : योगी आदित्यनाथ



प्रात : किरण, संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महान स्वाधीनता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए उनका त्याग और समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, अपनी सजग पत्रकारिता और सामाजिक सक्रियता से भारतीय स्वाधीनता संग्राम को नई दिशा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

योगी ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका त्याग और समर्पण सभी के लिए अत्यधिक प्रेरणादायी है।

विद्यार्थी हिंदी भाषा के समाचार पत्र प्रताप के संस्थापक-संपादक के रूप में जाने जाते हैं।

उनका जन्म 26 अक्टूबर 1890 को प्रयागराज (इलाहाबाद) के एक मोहल्ले में अपने ननिहाल में हुआ था।

वह फतेहपुर जिले के हथगांव के निवासी थे।

कानपुर के सांप्रदायिक दंगे में 25 मार्च 1931 को उनकी हत्या कर दी गई थी।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के गैंगस्टर सुंदर भाटी को दी जमानत

प्रात : किरण, संवाददाता




लखनऊ, । समाजवादी पार्टी के नेता हरेंद्र नागर और उनके गनर भूदेव शर्मा की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। सूत्रों के अनुसार सोनभद्र जेल से रिहा होने के बाद भाटी चुपचाप वाराणसी से दिल्ली के लिए विमान में सवार हो गया। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि वह हरियाणा में छिप गया है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे प्रभावशाली गैंगस्टरों में से एक माने जाने वाला भाटी गौतम बुद्ध नगर जिले के घंघोला गांव का रहने वाले है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और हमले के 60 से अधिक मामले दर्ज हैं। सोनभद्र में नजरबंदी से पहले भाटी को हमीरपुर जेल में रखा गया था, जहां उसने कथित तौर पर अप्रैल 2023 में प्रयागराज में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के आरोपी तीन बंदूकधारियों में से एक सनी के साथ संपर्क स्थापित किया था। कहा जाता है कि भाटी ने सनी को अपने नेटवर्क में भर्ती किया था। इस सिलसिले में अतीक-अशरफ मामले से जुड़ी जांच में भाटी का नाम सामने आया है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भाटी ने तुर्की में निर्मित विदेशी सेमी-ऑटोमैटिक जिगाना पिस्तौल की सप्लाई शूटरों तक करवाई थी। हमीरपुर जेल से सनी की रिहाई के बाद, वह कथित तौर पर भाटी के साथियों के संपर्क में रहा। साथ ही आखिरकार भाटी के नेटवर्क के माध्यम से जिगाना पिस्तौल भी हासिल की। अतीक-अशरफ हत्याकांड के ठीक एक महीने बाद मई 2023 में अपने प्रतिद्वंद्वी अनिल दुजाना की मुठभेड़ में हत्या के बाद गिरोह के सरगना का प्रभाव कथित तौर पर बढ़ गया है। माना जाता है कि दुजाना की मौत के बाद, भाटी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्क्रैप कारोबार पर अपना नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास किया। भाटी और उसके साथियों ने साल 2015 में ग्रेटर नोएडा में एक शादी समारोह के दौरान सपा नेता हरेंद्र नागर और उनके गनर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं साल 2021 में भाटी और उसके 11 साथियों को हत्याओं के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग पर डीएम ने लगाई अधिकारियों को फटकार



प्रातः किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व एवं विकास कार्य से सम्बंधित) एवं सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की मासिक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिन विभागों की रैंकिंग खराब आई उनको जिलाधिकारी ने फटकार लगाई। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष अपलोड किये गये कार्यों की निगरानी का प्रतिशत और रैंकिंग तय की जाती है। इसके उपरान्त प्रत्येक माह के अन्त में जिले की सभी परियोजना में मिले प्राप्तांक का कुल प्रतिशत निकाला जाता है और उसके बाद सभी जनपदों के प्रतिशत के अनुसार उनकी रैंक निर्धारित होती है। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा समयानुरूप सी, डी और ई रैंक लाने वाले विभागों को फटकार लगाते हुए खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट किया। जिन विभागों द्वारा सन्तोषजनक जवाब नहीं मिला उनसे लिखित में नोटिस भेजते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। डीएम ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों के प्रति सजग रहें। अगर किसी विभाग के द्वारा कार्य के प्रति असंवेदनशीलता दिखाई और उनकी वजह से जनपद की खराब रैंकिंग आई तो उक्त अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन विभागों की अच्छी रैंक आई हैं वो बधाई के पात्र हैं। डैशबोर्ड पर पेंडिंग कार्यों, आवेदनों के कारण रैंकिंग खराब हो रही है।

# इस बार धनतेरस और दीपावली पर मिलेगी निर्बाध बिजली



प्रात : किरण संवाददाता,

गाजियाबाद, । धनतेरस, दीपावली, भाई दूज आदि त्योहारों पर इस बार गाजियाबाद के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए जिले के विद्युत अधिकारियों को एमडी की ओर से निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने बताया के किसी भी प्रकार के ब्रेक-डाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर, व्यवधान को प्राथमिकता पर ठीक कराया जाए। मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ताओं को बिजलीघर के निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी को बिजलीघर पर उपस्थित रहने एवं पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंग की पूर्व में व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। जिससे कि ब्रेकडाउन होने पर तत्काल अटेण्ड कर बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके। आगामी त्योहारों के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये 14 अक्टूबर 2024 से 15 नवम्बर 2024 के मध्य अनुरक्षण माह के तहत प्री-वेन्टिव मेटेनेन्स का कार्य तेजी से चल रहा है। अनुरक्षण के तहत वितरण ट्रांसफार्मर एवं पावर ट्रांसफार्मर की प्री-वेन्टिव मेन्टीनेन्स, लोड बैलेन्सिंग, ओवर लोडिंग की जाँच ऑनसाइट अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति से संबंधित जनपद में नियंत्रण कक्ष कार्यरत हैं।

# गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला दलबदलुओं के बीच

प्रातः किरण संवाददाता



गाजियाबाद, । गाजियाबाद सदर सीट उपचुनाव के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन पर्चा दाखिल करने वाले प्रत्याशियों की भीड़ रही। नामांकन के अंतिम दिन 25 अक्टूबर 2024 तक कुल 30 नामांकन फार्म खरीदे गये। इसी के साथ कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। नामांकन करने वालों में भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा और सपा प्रत्याशी सिंहराज जाटव प्रमुख रहे। एआईएमआईएम से रवि गौतम ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा और सपा दोनों प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल किया। इस बार गाजियाबाद सदर सीट पर होने वाला उपचुनाव काफी रोचक होगा। उपचुनाव में दलबदलुओं के बीच मुकाबला होगा। सभी प्रमुख दलों के उम्मीद पहले किसी ना किसी पार्टी को छोड़कर आए हैं। भाजपा के उम्मीदवार संजीव शर्मा 2007 में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। बसपा उम्मीदवार सपा छोड़कर आए हैं जबकि सपा उम्मीद सिंहराज जाटव पहले बसपा में थे। गाजियाबाद सदर सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने कहा कि जीतने के बाद जो विकास कार्य रुक गए हैं। उनको पूरा कराना पहली प्राथमिकता रहेगी। इसी के साथ क्षेत्र समस्याओं जिनसे वो भली-भांति परिचित हैं उनको खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसी से टक्कर नहीं है। इस क्षेत्र में भाजपा ने अब तक जितने काम कराए पिछली सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने प्रत्याशी बनाए जाने पर संगठन का धन्यवाद दिया कि उसने भरोसा जताया जिस पर वह खरा करने का प्रयास करेंगे। उप चुनाव में मुख्य मुकाबला दलबदलुओं के बीच होगा। तीनों प्रमुख दलों के उम्मीदवार पहले किसी और दल में रह चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा 2007 में सपा छोड़कर भाजपा में आए थे। बसपा उम्मीदवार परमानंद गर्ग पहले सपा में थे। उन्होंने कुछ दिन पहले पार्टी छोड़ दी और बसपा में शामिल हुए हैं। बसपा में आने के तुरंत बाद उनको टिकट मिल गया। सपा के उम्मीदवार सिंहराज जाटव 2022 में हाथी की सवारी छोड़कर साइकिल पर चढ़ गए थे। दो साल से सपा ने कोई महत्वपूर्ण पद नहीं दिया लेकिन टिकट की बाजी जीत गए।

# थाने पहुंचे लोनी विधायक बोले, ना खाता, ना बही, जो मौलवी कहे वो सही, ये नहीं चलेगा

प्रातः किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एक बार फिर गाजियाबाद पुलिस पर सवाल उठाए हैं। इस बार विधायक ने थाने पहुंच गए और बोले झ न खाता, न बही, जो मौलवी ने कहे वही सही, यह नहीं चलेगा! समर्थकों और कारोबारी मनोज कुमार के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने पहुंचे विधायक ने थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग से कहा कि मौलवी की झूठी शिकायत पर एक कारोबारी को जेल भेज दिया, ऐसा नहीं चलेगा। इस विवाद के बाद कारोबारी के परिवार को जान की धमकी मिलने का भी आरोप विधायक ने लगाया है। दरअसल 22 अक्टूबर को क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित पंचशील बैलिंगटन सोयायटी के टावर नंबर पांच में मनोज कुमार नाम के कारोबारी पर उर्दू शिक्षक से दुर्व्यवहार करने और जय श्रीराम बोलने के लिए दवाब बनाने और न मानने पर लिफ्ट से बाहर निकालने का आरोप लगा था। मौलवी मोहम्मद आलमगीर की शिकायत पर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मनोज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने थानाध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक से कहा है कि उनके रहते किसी के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही नहीं हो सकती। विधायक ने कहा मनोज प्रजापति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए उद्योग लगाकर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं, वो किसी मौलवी को लिफ्ट में जय श्रीराम का नारा बुलवाएंगे? विधायक ने कहा कि पहले तो बेबुनियाद आरोपों पर मनोज प्रजापति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, उसके बाद पुलिस उनके परिवार को आतंकवादी की तरह रात में डेढ़ बजे परिवार और बच्चों के सामने जलील करते हुए थाने लेकर आई। विधायक ने कहा यदि आरोप लगाते ही गिरफ्तारी करनी है तो कल को कोई वायसराय (पुलिस कमिश्नर) पर भी आरोप लगाए तो पुलिस उन्हें भी उठाने के लिए तैयार रहे। एक्स पर यह पूरी बात लिखकर विधायक ने यूपी पुलिस, डीजीपी उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद पुलिस को भी टैग किया है।

# मेरठ में पुलिस मुठभेड़ में वांछित इनामी गैंगस्टर के पैर में गोली लगी, गिरफ्तार हुआ




प्रात : किरण संवाददाता

मेरठ, । मेरठ की थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट इलाके में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश शादाब उर्फ चूहा की पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी, जो गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात को लिसाड़ी गेट पुलिस चारखम्बा तिराहे के पास संदिग्ध लोगों व वाहनों की तलाशी ले रही थी। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस दल पर गोलीबारी कर फरार होने की कोशिश करने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलायी गोली उसके पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम शादाब उर्फ चूहा बताया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त एक आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध लिसाड़ीगेट व अन्य थानों में लगभग 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गाजियाबाद में रिटायर इंजीनियर के बेटे ने चीता मोबाइल को रौंदा, बाल- बाल बचे दो दारोगा

प्रात : किरण संवाददाता



गाजियाबाद, । सरकारी नौकरी से सेवानिवृत इंजीनियर के बिगड़ैल बेटे ने दो ट्रेनी दारोगाओं के द्वारा पूछताछ का प्रयास किए जाने पर चीता मोबाइल (पुलिस की बाइक) को रौंद दिया। हालांकि इस दौरान दोनों दारोगा बाल-बाल बच गए। कार सवार युवक चीता मोबाइल को तब तक घसीटता चला गया जब तक उसमें आग नहीं लग गई। ट्रेनी दारोगाओं की गलती बस इतनी थी कि उन्होंने देर रात सड़क किनारे खड़ी कार को देखकर चालक से पूछताछ करने की कोशिश की। आरोपी ग्रेटर नोएडा में लॉ की पढ़ाई कर रहा है। देहरादून से वैशाली आए कार सवार बेटे को पुलिस की पूछताछ नागवार गुजरी और उसने कार पुलिस की चीता मोबाइल को घसीटते हुए कार दौड़ा दी। दोनों दारोगा कार के पीछे दौड़ते रहे और करीब दो सौ मीटर तक घसीटे जाने के बाद पुलिस की चीता मोबाइल जल उठी। इतने में कार सवार दो युवक उतरे और चीता मोबाइल को अलग कर कार में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने बाद में कार चालक प्रधुंन घिल्डियाल पुत्र मधुसुधन घिल्डियाल निवासी, पैरामाउन्ट गोल्फ स्टेट, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूलरूप से शान्तिविहार, अजबपुर वाला, देहरादून का रहने वाला है और ग्रेटर नोएडा में रहकर लॉ की पढ़ाई करता है। रात का करीब एक बजे होगा। वैशाली सेक्टर- एक की लालबत्ती के पास डाबर से यूपी गेट की ओर से जाने वाली सड़क पर संदिग्ध अवस्था में कार (यूके 07एफए 7007) खड़ी देख गश्त पर निकले ट्रेनी दारोगा सन्नी कुमार और सुमित चीता मोबाइल कार के पास पहुंचे और कार चालक से पूछताछ का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने चीता मोबाइल सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। पुलिस को देख दौड़ा दी कार चालक ने पुलिस को देख कार दौड़ा दी, जो चीता मोबाइल से टकराई। चीता मोबाइल कार में फंस गई लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी और करीब दो सौ मीटर तक घसीटते कार यूपी गेट की ओर दौड़ती चली गई। सड़क पर रगड़ लगने के बाद हुई स्पार्किंग से बाइक में आग लग गई। तब जाकर चालक कार से उतरा और बाइक को साइड करने के बाद कार को दौड़ाता हुआ फरार हो गया।

# बरेली के जिला अस्पताल के कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



प्रात : किरण संवाददाता

बरेली, । बरेली जिला अस्पताल में कार्यरत एक फार्मासिस्ट ने इज्जतनगर इलाके में अपने बंद पड़े मकान में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, थाना इज्जतनगर क्षेत्र के डेलापीर कैलाशपुरम कॉलोनी निवासी नीरज वाल्मीकि (49) ने शुक्रवार रात छत के कुंदे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इज्जतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिलने पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि नीरज वाल्मीकि जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात था। पुलिस के अनुसार, नीरज कुछ पारिवारिक समस्याओं से परेशान था और कैलाशपुरम में अपने बंद पड़े मकान में रह रहा था।



# ‘सूर्या’ ने रजनीकांत को बताया असली सुपरस्टार 27 वर्षों के सफर को किया याद

दक्षिण भारतीय अभिनेता अपनी पीरियड एक्शन फिल्म ‘कंगुवा’ को बड़े पर्दे पर लेकर आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रशंसक बड़ी ही बेसब्री के साथ इसका इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में इसका दूसरा गाना ‘योलो’ रिलीज किया गया है। ‘कंगुवा’ में बॉबी देओल भी खलनायक की भूमिका में हैं और दिशा पटानी भी अहम भूमिका निभा रही हैं। एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेता सूर्या ने साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की तारीफ की है। एक कार्यक्रम में जब सूर्या को सुपरस्टार कहा गया तो उन्होंने तुरंत कहा कि यह उपाधि केवल रजनीकांत की है। मैं सुपरस्टार नहीं हूं, रजनी सर हैं। केवल एक सुपरस्टार हो सकता है और वह रजनीकांत हैं। कार्यक्रम के दौरान अभिनेता ने अपने 27 वर्षों के सफर को भी याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे आमिर खान ने उन्हें पहचान दिलाई। सूर्या ने कहा, मेरे पिता के इंडस्ट्री में होने के बावजूद भी मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिल्म इंडस्ट्री में आऊंगा, यहां तक कि कैमरे का सामना करने से पांच दिन पहले तक। मैं सभी के प्यार के लिए आभारी हूं और यह सब आमिर खान सर द्वारा मीडिया से मेरे बारे में बात करने से शुरू हुआ, उन्होंने ही बताया कि मैं ही वह व्यक्ति था जिसने गजनी के मूल संस्करण में अभिनय किया था। उन्होंने मुझे पूरे देश में पूरी बिरादरी और मीडिया से मिलवाया। मेरा नाम दुनिया के सामने लाने के लिए मैं उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। ‘गजनी’ और ‘सिंघम’ मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण फिल्में थीं। बॉबी देओल के साथ कंगुवा में काम करने के बारे में बात करते हुए, सूर्या ने बताया कि अभिनेता ने ‘एनिमल’ से पहले ही इस फिल्म के लिए साइन कर लिया था। उन्होंने बताया, जब भी मुझे डर लगता है, मैं उसमें डूब जाता हूं। बॉबी सर के सामने खड़ा होना और उन्हें चुनौती देना आसान नहीं था। मुझे उनके सामने खड़े होने के लिए अपनी पूरी हिम्मत और दृढ़ विश्वास जुटाना पड़ा। 27 साल हो गए हैं और मैं अपने सभी निर्देशकों का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे प्रासंगिक बनाया। सूर्या की फिल्म ‘कंगुवा’ का निर्देशन शिवा ने किया है और के. ज्ञानवेले राजा ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# हम जब कुछ ठान लेते हैं, तो भगवान भी रास्ते बना देता है, बोलीं मिस इंडिया निकिता पोरवाल

देश के सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट फेमिना मिस इंडिया 2024 की विजेता निकिता पोरवाल चुनी गई है। देश की 29 सुंदरियों में से निकिता पोरवाल को मिस इंडिया चुना गया। अपनी इस चीज पर निकिता ने खुशी जताई है। उन्होंने बातचीत में कहा है कि यह सिर्फ उनका सपना नहीं है, बल्कि यह उनकी किस्मत भी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर इंसान कुछ ठान ले, तो भगवान भी रास्ते बना देता है। निकिता पोरवाल ने बातचीत में कहा, ये सिर्फ मेरा सपना नहीं है, बल्कि मेरी खुशनसीबी भी है कि मुझे ये ताज मिला... मेरी कड़ी मेहनत और मेरे माता-पिता की कड़ी मेहनत इस सपने के पीछे रही है। मैं उज्जैन से हूं और यहां से आज तक कोई मिस इंडिया नहीं चुनी गई। यहां गाइड करने के लिए कोई नहीं है। लेकिन, जब आप एक बार ठान लेते हैं, तो भगवान भी आपके लिए रास्ते बनाता है।

निकिता का कहना है, फेमिना मिस इंडिया का जो ये ताज है, इसके मिलने पर ये कहना तो शायद सही नहीं होगा कि ऐसे ही किसी दिन सोचा और मुझे ताज मिल गया, और पता नहीं कैसे मिल गया। इसके पीछे बहुत सारा खून-पसीना, बहुत सारा सब्र और भगवान पर भरोसे के साथ मिला है। निकिता ने आगे कहा, जब आप सपना देखते हैं तो उसमें एक लॉजिक जरूर होता है कि इस वजह से आप ये सपना पूरा नहीं कर सकते। मेरा देखिए तो मैं उज्जैन से थी और किसी ने किया नहीं ता मिस इंडिया। मेरे ऊपर उतने लोगों का हाथ नहीं था कि गाइड कर सकें कि मिस इंडिया में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। जब आप ठान लेते हैं तो ऊपर वाला अपने आप रास्ते बनाता जाता है, ऊपर वाले से ऊपर तो कुछ है नहीं। इस साल अगस्त में निकिता को फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश का खिताब भी मिला। मिस इंडिया निकिता पोरवाल ने ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की है। उन्हें ड्रामा, पेंटिंग, लेखन और फिल्में देखने का शौक है। ड्रामा के प्रति निकिता की रुचि इतनी है कि उन्होंने नेशनल ही नहीं, इंटरनेशनल स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। निकिता रामलीला में माता सीता और श्रीकृष्ण लीला में राधा का किरदार भी निभा चुकी हैं।



# बीमारी से जूझते हुए सामंथा ने की ‘सिटाडेल हनी बनी’ की शूटिंग, साझा किया अनुभव

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी सीरीज ‘सिटाडेल- हनी बनी’ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में उन्होंने साझा किया कि इस सीरीज की शूटिंग के दौरान वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। अभिनेत्री ने सीरीज में एक्शन दृश्यों की शूटिंग के बारे में बात की और बताया कि मायोसिटिस के उपचार से गुजर के दौरान कैसे उन्होंने अस्वस्थ महसूस करने के बावजूद जासूसी एक्शन सीरीज के लिए शूटिंग की।

## स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद किया शूट

अभिनेत्री ने सिनेमा एक्सप्रेस के साथ एक साक्षात्कार में बताया कि उपचार के दौरान उन्हें यकीन नहीं होता था कि वह शूटिंग कर पाएंगी या नहीं। जब उनसे पूछा गया कि मायोसाइटिस से पीड़ित होने के बाद ‘सिटाडेल के लिए एक्शन शूट करना कितना मुश्किल था, तो अभिनेत्री ने कहा, जब मैं इसे देखती हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं होता कि मैंने वास्तव में ऐसा किया है। ऐसे कई बार ऐसा हुआ जब मुझे सुबह आईवी लगाया जाता था और फिर दोपहर में एक्शन शूट किया जाता था। मुझे नहीं पता कि बाकी क्रू को इसके बारे में पता था या नहीं। ऐसे भी दिन थे जब सुबह मैं बीमार होती और राज आकर पूछते, क्या तुम्हें यकीन है कि तुम शूटिंग कर सकती हो? मैं कहती, मुझे नहीं लगता कि मैं आज शूटिंग कर पाऊंगी लेकिन किसी तरह मुझे पता ही नहीं चला कि मैंने यह किया है।



# श्रद्धा कपूर ने एक्टिंग पर की खुलकर बात, बताया कैसे बनीं प्रशंसकों की पसंद

फिल्म जगत की खूबसूरत और टैलेंटेड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने प्रोफेशनल और पर्सनल मुद्दों पर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा स्टार्स में से एक क्यों हैं? हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में कल्कि लेबल के लिए रनवे पर वॉक करने वाली अभिनेत्री ने कहा मेरा मानना है कि इंडस्ट्री में मेरी तरक्की के पीछे कई कारण हैं। श्रद्धा ने कहा कि अलग-अलग तरह की भूमिकाएं चुनने से मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने और दर्शकों से जुड़ने का मौका मिला है। अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी ने कहा कि अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों के साथ वास्तविक संबंध बनाने में मदद मिली है। इसके अलावा उन्होंने आत्म-सुधार के प्रति अपने लगन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे इन बातों ने एक कलाकार के रूप में काफी कुछ सिखाया है। इस बीच स्त्री 2 की सफलता पर बात करें तो फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। 600 करोड़ बेंचमार्क, मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है और 2018 की ब्लॉकबस्टर स्त्री की अगली कड़ी है। फिल्म में श्रद्धा कपूर के साथ राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी अहम रोल में हैं। हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो काफी वायरल हुआ, जिसमें अभिनेत्री शाहरुख खान का नाम लेते हुए मजेदार अंदाज में पैपराजी को भटकाती नजर आ रही हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी से बाहर निकलते हुए श्रद्धा पैपराजी से कहती नजर आ रही हैं कि अरे वो देखो शाहरुख खान, शाहरुख खान। उन्होंने ऐसा पैपराजी का ध्यान भटकाने के लिए किया, जो उन्हें घेरे खड़े थे। श्रद्धा कपूर की गिनती फिल्म जगत की हिट अभिनेत्रियों में की जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उनके अच्छे खासे फॉलोअर्स हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में ‘तीन पत्ती’ से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली हिट ‘आशकी-2’ थी। इसके बाद उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। श्रद्धा कपूर की झोली में कई हिट फिल्में हैं। इस सूची में ‘स्त्री’, ‘स्त्री-2’, ‘तू झूठी मैं मक्का’ जैसी फिल्में हैं। श्रद्धा कपूर अक्सर अपने प्रोफेशनल के साथ ही पर्सनल मुद्दों पर भी खुलकर बात करती नजर आती हैं। इसी कड़ी में हाल ही में श्रद्धा कपूर ने रिलेशनशिप पर भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह रिलेशन में हैं और उन्हें अपने पार्टनर के साथ समय बिताना पसंद है। इस बीच श्रद्धा कपूर के आगामी प्रोजेक्ट पर नजर डालें तो वह ‘धूम’ की चौथी किस्त में रणबीर कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी।

# सोशलाइजिंग से थक गई हैं सान्या मल्होत्रा

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अपनी सोशल लाइफ से थक गई हैं। सान्या ने कहा कि केवल दो दिनों में उन्होंने एक साल की सामाजिक गतिविधियां पूरी कर ली हैं। सान्या मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी समेत कई पार्टियों और समारोहों में शामिल होती रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह अपनी कार की पिछली सीट पर काले रंग की ड्रेस पहने बैठी हैं। तस्वीर में अभिनेत्री थम्स अप करते मुस्कुराती दिखाई दे रही हैं। कैप्शन में सान्या ने लिखा, पूरे साल की सोशलाइजिंग दो दिनों में पूरी कर ली। उनके करियर पर नजर डालें तो अभिनेत्री वरुण धवन, जाह्नवी कपूर और मनीष पॉल के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमार में काम कर रही हैं। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी कथित तौर पर बद्रीनाथ की दुल्हनिया का सीक्वल है। इस फिल्म में वरुण और शशांक खेतान फिर से साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया में काम किया था। वह आरती कदव द्वारा निर्देशित मिसेज में भी नजर आएंगी। फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसे कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि वह अपनी राह पर चलने की कोशिश करती है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और मिसेज के अलावा सान्या के पास वरुण अभिनीत बेबी जॉन है। एक्शन थ्रिलर का निर्देशन कलीज ने किया है और जवान निर्माता एटली ने इसका निर्माण किया है। यह फिल्म एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी की आधिकारिक रीमेक है। इसमें कीर्ति सुरेश भी हैं, जो वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ के साथ हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। दिल्ली में जन्मी, 32 वर्षीय स्टार ने 2016 में आमिर खान अभिनीत दंगल से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें पटाखा, बधाई हो, लूडो, शकुंतला देवी, जवान, सैम बहादुर, पगलैट, मीनाक्षी सुंदरेश्वर और कथल जैसी कुछ फिल्मों में देखा गया।





# रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं आमिर खान

**बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज की दुनिया में प्रवेश करेंगे और संभवतः सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा होंगे। एक सूत्र ने खुलासा किया, आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ लोकेश कनगराज की दुनिया में प्रवेश करेंगे।**

मनोरंजन उद्योग के ये दो दिग्गज एक साथ आ रहे हैं, यह देखने वाली बात होगी। सूत्र ने कहा, आमिर खान के रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा होने की सबसे अधिक संभावना है। यह दूसरी बार होगा जब दोनों सितारे एक साथ काम करते नजर आएंगे। दोनों ने इससे पहले 1995 की फिल्म आतंक ही आतंक में काम किया था, जो 1972 की फिल्म द गॉडफादर से प्रेरित थी। कनगराज को लियो, विक्रम, कैथी और मास्टर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, आमिर खान की रोमांचक फिल्मों जैसे सितारे जमीन पर के साथ यह सहयोग सुपरस्टार के करियर में एक और रोमांचक आयाम जोड़ता है। आमिर अगली बार सितारे जमीन पर में नजर आएंगे। इसमें जेनेलिया देशमुख और दर्शील सफारी भी हैं। आर.एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बन रही सितारे जमीन पर स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। फि?ल्म निर्माता ने 2013 में एक अपरंपरागत तमिल रोमांटिक कॉमेडी कल्याण समयाल साधम से अपनी शुरुआत की, जो इरेक्टाइल डिसफंक्शन से पीड़ित एक व्यक्ति की कहानी है। तारे जमीन पर की बात करें तो इसमें तनय छेड़ा, विपिन शर्मा और टिस्का चोपड़ा भी हैं। यह फिल्म ईशान के जीवन और कल्पना को दर्शाती है, जो कलात्मक रूप से प्रतिभाशाली 8 वर्षीय लड़का है, जिसका खराब शैक्षणिक प्रदर्शन उसके माता-पिता को उसे एक बोर्डिंग स्कूल में भेजने के लिए मजबूर करता है। आमिर को पिछली बार 2022 में अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। यह 1994 की अमेरिकी फिल्म फॉरेस्ट गंप की रीमेक है, जिसमें टॉम हैंक्स ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म खुद विंस्टन ग्रूम के इसी नाम के उपन्यास का रूपांतरण है। इस फिल्म में आमिर करीना कपूर खान, नागा चैतन्य और मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में हैं।

# राधिका मदान ने विहान समत के साथ डेटिंग अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

राधिका मदान और विहान समत को एक साथ इवेंट में कैमरों द्वारा कैद किया गया तो डेटिंग की अफवाहें फैलने लगीं। अभिनेत्री से एक इवेंट में इन अफवाहों के बारे में फिर से पूछा गया, उन्होंने कहा कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना चाहती हैं। उन्होंने कहा- जब मुझे करना होगा तब मैं टिप्पणी करूंगी, अभी के लिए, मैं अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना चाहती हूं। राधिका और विहान ने न तो अफवाहों की पुष्टि की और न ही खंडन किया, इससे अब इस बारे में कुछ स्पष्ट नहीं है। राधिका और विहान के बीच डेटिंग की अफवाहें तब शुरू हुईं जब उन्हें शहर में कई बार एक साथ देखा गया और बाली में छुट्टियां मनाते हुए देखा गया। दोनों को कंट्रोल की सक्सेस पार्टी में भी साथ देखा गया था, जिससे अटकलों को और बल मिला।






## सरकार ने बढ़ाई आयकर रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन, टैक्सपेयर्स को राहत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 15 दिन बढ़ा दी है। अब नई डेडलाइन बढ़कर 15 नवंबर हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक सर्कुलर भी जारी किया है। इस सर्कुलर के मुताबिक 31 अक्टूबर की डेडलाइन बढ़ाई जाएगी। असेसमेंट ईयर 2024-25 (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर रिटर्न दाखिल करने) के लिए नयी समयसीमा अब 15 नवंबर है। नांगिया एंडरसन एलएलपी टैक्स पार्टनर के संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि टैक्स रिटर्न दाखिल करने की यह विस्तारित अवधि कर ऑडिट रिपोर्ट पर लागू नहीं होगी। इससे पहले सितंबर में, सीबीडीटी ने कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम डेडलाइन सात दिन तक बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी। बता दें कि कर सरलीकरण उपायों ने आयकर रिटर्न फाइलिंग में बढ़ोतरी की है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 5 लाख रुपये तक कमाने वालों के लिए आय असमानता में 74.2 प्रतिशत की कमी आई है, जो दिखाता है कि सरकारी पहल कम आय वाले समूहों के बीच आय को प्रभावी ढंग से बढ़ा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रत्यक्ष कर योगदान 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। भारत की प्रगतिशील कर व्यवस्था ने आकलन वर्ष 2024 में प्रत्यक्ष कर योगदान को कुल कर राजस्व का 56.7 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, जो 14 वर्षों में सबसे अधिक है।

## यस बैंक के शेयरों में गिरावट की पीछे की वजह क्या 5 दिन में 9 प्रतिशत लुढ़का भाव




**नईदिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक के लिए पिछले 5 कारोबारी दिन अच्छे नहीं रहे हैं। इस दौरान प्राइवेट बैंक के शेयरों की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। एनएसई में यस बैंक के शेयरों का भाव 21.50 रुपये से घटकर 19.50 रुपये के लेवल पर आ गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार यस बैंक के शेयरों में यह बिकवाली तिमाही नतीजों दबाव की वजह से देखने को मिल रही है। माना जा रहा है कि सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का प्रदर्शन फ्लैट ही रहने वाला है। एक्सपर्ट्स के अनुसार डिपॉजिट बहुत शानदार ना होने की वजह से ग्रोथ रेट धीमा रह सकता है। शेयर बाजारों में यस बैंक के प्रदर्शन पर स्पार्क केपीटल के एवीपी चंद्रकांत ने कहा, यस बैंक के शेयरों में कुछ सत्रों के दौरान बिकवाली देखने को मिल सकती है।

# विदेशों में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में गौतम अडानी, दुबई में बनाई नई कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी विदेशों में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में हैं। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने शनिवार को घोषणा की कि उसने यूएई में सेलेरिटास इंटरनेशनल स्रंष्टिह नाम से एक नई यूनिट बनाई है। 100,000 दिरहम की अधिकृत और चुकता शेयर पूंजी के साथ सेलेरिटास जेबेल अली फ्री जोन में परिचालन करने के लिए तैयार है। हालांकि कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इसने अभी तक व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं की हैं। सेलेरिटास में अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है और इस अधिग्रहण में कोई रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन शामिल नहीं है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी अप्रैल मून रिटेल प्राइवेट लिमिटेड 200 करोड़ रुपये में कोकोकार्ट वेंचर्स



प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए तैयार है। अडानी एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरपोर्ट, रोड्स और डेटा सेंटर बिजनस को ऑपरेट करती है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए 80,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसमें से 50,000 करोड़ रुपये एयरपोर्ट कारोबार और अडानी न्यू इंडस्ट्रीज के लिए आवंटित किए गए हैं। अडानी एयरपोर्ट्स के पास सात चालू एयरपोर्ट और नवी मुंबई में एक निर्माणाधीन एयरपोर्ट है। उसने अगले दशक में 21 अरब डॉलर के निवेश की रूपरेखा तैयार की है।

### एयरपोर्ट बिजनस

अडानी ग्रुप 2019 से एयरपोर्ट बिजनस में काम कर रहा है और वर्तमान में भारत में एयरपोर्ट का सबसे बड़ा निजी ऑपरेटर है। अडानी एंटरप्राइजेज का समेकित शुद्ध लाभ जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही में पिछले साल के मुकाबले 116 प्रतिशत बढ़कर 1,454 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 674 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का परिचालन से राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के 22,644 करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 25,472 करोड़ रुपये हो गया। शुक्रवार को अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.76 प्रतिशत गिरावट के साथ 2693.70 रुपये पर बंद हुआ।

## 94 के शेयर को खरीदने की मची लूट, प्रॉफिट में 45 प्रतिशत का आया उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जम्मू एंड कश्मीर यानी जेएंडके बैंक ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में बैंक का प्रॉफिट 45 प्रतिशत उछलकर 551 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का प्रॉफिट 381 करोड़ रुपये रहा था। इस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर तिमाही में बढ़कर 3,420 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2954 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 3,124 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,764 करोड़ रुपये थी। बता दें कि बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और ग्रॉस गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) सितंबर तिमाही के अंत में सुधरकर ग्रॉस डेब्ट की 3.95 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले 5.26 प्रतिशत थी। इसी तरह, नेट एनपीए घटकर 0.85 प्रतिशत रह गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 1.04 प्रतिशत था। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) बढ़कर 14.99 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर 2023 के अंत में 14.53 प्रतिशत था। जम्मू एंड कश्मीर यानी जेएंडके बैंक के शेयर की बात करें तो यह शुक्रवार को भारी डिमांड में था। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 4.10 प्रतिशत बढ़कर 97.70 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले बैंक का शेयर 93.85 रुपये पर था, जो ट्रेडिंग के दौरान 99.80 रुपये तक पहुंच गया। 9 फरवरी 2024 को शेयर 152.45 रुपये तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 23 अक्टूबर 2024 को शेयर 88.20 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। इस लिहाज से शेयर रिकवरी मोड में आ गया है।

## दो साल बाद फिर से घाटे में आई इंडिगो, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन को लगा फटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि ठप विमानों और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण उसे यह घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। दो साल में पहली बार कंपनी को घाटा हुआ है। जून तिमाही में 2,728 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। शुक्रवार को इंडिगो के शेयर एनएसई पर 3.2 प्रतिशत गिरकर 4,373.70 रुपये पर बंद हुए। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का ग्रोथ और विस्तार जारी रहा। सितंबर तिमाही में इसकी इनकम 14.6 प्रतिशत बढ़कर 17,800 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से कमजोर दूसरी तिमाही में, ठप विमानों और ईंधन लागत से संबंधित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण परिणाम और भी प्रभावित हुए।

## माइक्रोसॉफ्ट ने अपने भारतीय मूल के सीईओ को दिए 665 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला को 2024 में 79.106 मिलियन डॉलर या 665.15 करोड़ रुपये वेतन के तौर में मिले हैं। तकनीक जगत की दिग्गज कंपनी ने 24 अक्टूबर, 2024 को अमेरिकी शेयर बाजार (एसईसी) की फाइलिंग में यह जानकारी दी। कंपनी ज्वाइन करने के बाद नडेला को दिया जाने वाला यह दूसरा सबसे बड़ा वेतन है। इससे पहले 2014 में उन्हें 84 मिलियन डॉलर का भुगतान किया गया था। गुरुवार को



कंपनी ने स्टॉक फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के सीईओ सत्या नडेला का वेतन वित्त वर्ष 2024 में 79.1 मिलियन डॉलर (करीब 665 करोड़ रुपए) रहा। पिछले वित्त वर्ष यानी 2023 में नडेला को 48.5 मिलियन डॉलर (मौजूदा वैल्यू के अनुसार करीब 408 करोड़ रुपए) का भुगतान किया गया था। कंपनी की ओर से नडेला के वेतन में इजाफा शेयरों की कीमत बढ़ने के कारण लिया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में कंपनी की मार्केट पोजिशन मजबूत होने का फायदा कंपनी के शेयरों को मिला है।

# आईपीओ की रेस में 2 और एनर्जी कंपनी, 13000 करोड़ रुपये जुटाने का है प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर पीवी मॉड्यूल मेकर कंपनी वारी एनर्जीज के आईपीओ के बाद अब दो और कंपनियां इस रेस में कूदने को तैयार हैं। ये दो कंपनियां- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और एक्मे सोलर होल्डिंग्स हैं। इन दोनों कंपनियों का आईपीओ के जरिए संयुक्त रूप से 13,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है।

एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कर दिया है। कंपनी का लक्ष्य अपने आईपीओ के जरिए 10,000 करोड़ रुपये जुटाने का है। 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाली इस पेशकश में पूरी तरह से नए इक्विटी शेयर शामिल हैं। इसमें एक हिस्सा पात्र कर्मचारियों के लिए रिजर्व है, जिन्हें कर्मचारी आरक्षण पर छूट भी मिलेगी।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की बात करें तो वित्त वर्ष 2024 के लिए परिचालन क्षमता और बिजली उत्पादन के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के तौर पर पहचान रखती है। वहीं, एनटीपीसी लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा बिजली उत्पादक है। यह बिजली



मंत्रालय के तहत काम करता है। हाल ही में एनटीपीसी लिमिटेड ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इस तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5,380.25 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। एक साल पहले की अवधि में कंपनी का प्रॉफिट 4,726.40 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में कुल आय एक साल पहले के 45,384.64 करोड़ रुपये से गिरकर 45,197.77 करोड़ रुपये हो गई। एक और एनर्जी कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड भी अपना आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाने का है। कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपये की फ्रेश इक्विटी और एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के लिए सेबी के पास अपना डॉक्युमेंट दाखिल किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार एक्मे सोलर, मार्च 2024 तक परिचालन क्षमता के आधार पर शीर्ष 10 रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियों में शुमार है। पिछले कुछ वर्षों में एक्मे ने सोलर से विंउ, हाइब्रिड और फर्म, डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) परियोजनाओं में विविधता लाई है।

## फिर घटा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, पाकिस्तान को भी लगा 7 सप्ताह के बाद झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों शेयर बाजार में तगड़ी गिरावट का माहौल है। विदेशी निवेशक तेजी से भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिख रहा है। तभी तो 18 अक्टूबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 2.16 अरब डॉलर की कमी हुई है। अब यह कम होकर 688.267 अरब डॉलर रह गया है। इसके पिछले सप्ताह इसमें 10.75 अरब डॉलर की गिरावट हुई थी। हाल के दिनों में यह सबसे बड़ी गिरावट थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उधर पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में भी



गिरावट हुई है। इससे पहले वहां लगातार सात सप्ताह तक बढ़ोतरी ही हो रही थी। आरबीआई के अनुसार, 18 अक्टूबर 2024को खत्म हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.163 अरब डॉलर की कमी के साथ 688.267 अरब डॉलर पर आ गया है।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आर्किटेक्चर पर सफल चर्चा

**भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स भोपाल सेंटर ने शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस~ आर्किटेक्ट की भूमिका पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव विषय पर एक विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम फोस्टर + पार्टनर्स और टर्नर एंड टाउनसेंड जैसी वैश्विक कंपनियों के सहयोग से सफल रिट्रीट में आयोजित किया गया, जिसमें आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और आर्किटेक्चर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की। अर्किटेक्ट अक्षय सेलुकर, अध्यक्ष, आईआईए भोपाल चैप्टर, ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बदलते भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# 10 हजार रुपये के नीचे पहुंचे बजाज ऑटो के शेयर, 1 लाख रुपये के बना चुके हैं 85 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो और तीन पहिया गाड़ियां बनाने वाली दिग्गज कंपनी बजाज ऑटो के शेयरों में तेज गिरावट आई है। बजाज ऑटो के शेयर शुक्रवार को क्रस्थ में 3 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट के साथ 9928.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के नतीजों के बाद बजाज ऑटो के शेयरों में करेक्शन देखने को मिल रहा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव बजाज ने हाल में सीएनबीसी-टीवी 18 के साथ बातचीत में कहा है कि वह बजाज ऑटो के लिए अपने 20000 रुपये के लॉन्ग टर्म शेयर प्राइस टारगेट पर कायम हैं।

**1 लाख रुपये के 85 लाख रुपये बना चुके हैं कंपनी के शेयर :** बजाज ऑटो के शेयरों ने कंपनी पर भरोसा रखने वाले लॉन्ग टर्म इनवेस्टर्स को मालामाल



कर दिया है। बजाज ऑटो के शेयरों ने छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। 1 बोनस शेयर के दम पर बजाज ऑटो के शेयरों ने 1 लाख रुपये के निवेश को 85 लाख रुपये से ज्यादा बन दिया है। बजाज ऑटो के शेयर 24 अक्टूबर 2008 को 232.45 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने उस समय कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे 430 शेयर मिलते। बजाज ऑटो ने सितंबर 2010 में 1~1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। अगर बोनस शेयर को जोड़ लें तो कुल शेयरों की संख्या 860 पहुंच जाती है। कंपनी के शेयर 25 अक्टूबर 2024 को 9928.05 रुपये पर जा पहुंचे हैं। ऐसे में 860 शेयरों की मौजूदा वैल्यू 85.38 लाख रुपये है।

### दो साल में कंपनी के शेयरों में 170 प्रतिशत की तेजी

बजाज ऑटो के शेयरों में पिछले 2 साल में 170 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है। ऑटोमोबाइल कंपनी के शेयर 21 अक्टूबर 2022 को 3668.60 रुपये पर थे। बजाज ऑटो के शेयर 25 अक्टूबर 2024 को 9928.05 रुपये तक जा पहुंचे हैं। पिछले एक साल में बजाज ऑटो के शेयरों में 85 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 25 अक्टूबर 2023 को 5347.30 रुपये पर थे। बजाज ऑटो के शेयर 25 अक्टूबर 2024 को 9928.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 12772.15 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 5238.05 रुपये है।

# रूस द्वारा सूरजमुखी तेल पर निर्यात शुल्क बढ़ाने से भारत में कीमतों पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस के सूरजमुखी तेल पर निर्यात शुल्क 30 डॉलर प्रति टन बढ़ाने के फैसले के बाद देश में खाद्यतेलों का आयात प्रभावित होने की आशंका के बीच अधिकांश तेल-तिलहनों (सरसों एवं मूंगफली, सीपीओ एवं पामोलीन) के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। जबकि सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम में मजबूती आई। बाजार सूत्रों ने बताया कि रूस ने गुरुवार को सूरजमुखी तेल के निर्यात शुल्क में 30 डॉलर प्रति टन की वृद्धि की है। सोयाबीन के मुकाबले सूरजमुखी तेल का आयात शुल्क मूल्य अब अधिक बैठने की वजह से आगे सूरजमुखी तेल का आयात और प्रभावित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सूरजमुखी तेल का आयात शुल्क मूल्य मौजूदा आयात भाव के हिसाब से तय होने के कारण यह सोयाबीन से और मंहगा बैठेगा।



### पूर्वस्तर पर बने रहे भाव

सूरजमुखी का आयात प्रभावित होगा तो इसका असर बाकी तेल-तिलहनों की कीमतों पर भी आएगा। मलेशिया एक्सचेंज दोपहर 3.30 बजे गिरावट के साथ बंद हुआ। शिकागो एक्सचेंज में कल रात मजबूती रही थी और फिलहाल यहां घट बढ़ चल रही है। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में तेजी रहने के बावजूद यहां सहकारी संस्था, नाफेड की बिकवाली से सरसों तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर रहे। मूंगफली की आवक बढ़ने के बीच पहले से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिकने वाले मूंगफली को किसान और नीचे भाव पर बेचने को राजी नहीं हैं और इस वजह से मूंगफली तेल-तिलहन भी पूर्वस्तर पर बंद हुआ। मलेशिया में बाजार घटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर इसका अधिक असर नहीं दिखा जिसकी वजह से कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के भाव भी पूर्वस्तर पर बने रहे। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी के निर्यात शुल्क में वृद्धि के फैसले के बाद इसका आयात प्रभावित होने की आशंका से सोयाबीन के दाम में मजबूती आई जिससे सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार है। कल रात शिकागो एक्सचेंज के मजबूत बंद होने की भी वजह से भी यह तेजी है। दूसरी ओर मिलावटी बिनौला खल का कारोबार जारी रहने के बीच बिनौला तेल मिलें कम चल रही हैं और देश में नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मांग होने के कारण बिनौला तेल कीमतों में भी सुधार है। सूत्रों ने कहा कि जिस तरह रूस ने सूरजमुखी तेल के निर्यात शुल्क में वृद्धि की है वह इस बात का सूचक है कि देश के लिए अहम वस्तु की आपूर्ति के लिए विदेशों पर निर्भरता खतरनाक साबित हो सकती है और इसे देखते हुए देश को अपना तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की ओर ध्यान केन्द्रित करना होगा।

**कैसे जीतेंगे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी !**

## मोहम्मद शमी भी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर



**मुंबई, एजेंसी।** सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति ने आगामी 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर टीम के लिए एक मजबूत टीम की घोषणा की है जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति चर्चा का कारण बन गई है। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत 22 नवंबर से पर्थ में होनी है। चयनकर्ताओं ने इंडियन प्रीमियर लीग के स्टार नीतीश कुमार रेड्डी और तेज गेंदबाज हर्षित राणा को रेड-बॉल सीरीज में पहला मौका दिया है। शमी जो पिछले साल 50 ओवर के विश्व कप फाइनल में चोट के बाद सर्जरी के बाद से एक्शन से बाहर हैं, को अभी भी राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है। इससे उनके भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। शमी की अनुपस्थिति में चयनकर्ताओं ने युवा प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा पर भरोसा जताया है जोकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप के तेज गेंदबाजी आक्रमण को सहयोग करेंगे। बताया जा रहा है कि शमी के ठीक होने में अभी समय लगगा। ऐसे में चयनकर्ताओं ने कोई जोखिम न लेने का फैसला किया है और उन्हें जल्दबाजी में कार्रवाई करने के बजाय, ऑस्ट्रेलिया के लिए टीम से बाहर कर दिया। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और खलील अहमद 5 मैचों की श्रृंखला के लिए रिजर्व यात्रा करेंगे।

बीसीसीआई सचिव जय ने कहा कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज की समाप्ति के बाद उनकी बाई कमर की समस्या के दीर्घकालिक समाधान के लिए उन्हें बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में भेजा गया था। बहरहाल, रोहित शर्मा टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला के लिए उप-कप्तान बनाए गए जसप्रीत बुमराह उप-कप्तान बने रहेंगे।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

**रिजर्व-** मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

22 से 26 नवंबर 2024 ङ्क पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ
06 से 10 दिसम्बर 2024 ङ्क दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल
14 से 18 दिसम्बर 2024 ङ्क तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन
26 से 30 दिसम्बर 2024 ङ्क चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न
03 से 07 जनवरी 2025 ङ्क 5वां टेस्ट, एससीजी, सिडनी

## भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

### न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट

**पुणे, एजेंसी।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।



**भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट**

# दूसरी पारी में 3 छक्के लगाकर यशस्वी ने की तेंदुलकर की बराबरी

## 22 साल की उम्र में 11वीं बार किया ये खास कमाल

**पुणे, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल की बल्लेबाजी देखने योग्य रहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी होकर बल्लेबाजी की और मुश्किल पिच पर तेज गति से रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में 41 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर उन्होंने 65 गेंदों पर 77 रन बनाए और इस दौरान 3 छक्के और 9 चौके लगाए। यशस्वी ने इन 3 छक्कों की मदद से सचिन तेंदुलकर के इस रिकॉर्ड की बराबरी की तो वहीं टेस्ट क्रिकेट में 22 साल की उम्र में 11वीं बार भारत के लिए खास कमाल किया।



### यशस्वी ने की तेंदुलकर की बराबरी

यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट की किसी पारी में 5वीं बार 3 या उससे ज्यादा छक्के लगाने का कमाल किया। भारत की तरफ से टेस्ट की एक पारी में 3 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में यशस्वी जायसवाल ने तेंदुलकर की बराबरी कर ली जिन्होंने 5 बार ऐसा किया था। टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा बार 3 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर ऋषभ पंत और रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 11-11 बार ऐसा किया था।

### एक कैलेंडर ईयर में यशस्वी ने जड़े 32 छक्के

टेस्ट प्रारूप में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर ब्रैंडन मैकुलम हैं जिन्होंने साल 2014 में 33 छक्के लगाए थे तो वहीं साल 2024 में यशस्वी ने टेस्ट में अब तक 32 छक्के लगाए हैं और दूसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में बेन स्टोक्स तीसरे नंबर हैं जिन्होंने साल 2022 में 26 छक्के लगाए थे।

### एक कैलेंडर वर्ष में टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के

33 - ब्रैंडन मैकुलम (2014)
32 - यशस्वी जायसवाल (2024)
26 - बेन स्टोक्स (2022)
22 - वीरेंद्र सहवाग (2008)
22 - एडम गिलक्रिस्ट (2005)

### 22 की उम्र में 11वीं बार खेली 50 प्लस की पारी

टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल ने 22 साल की उम्र में 11वीं बार 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया। इस लिस्ट में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 21 बार 22 की उम्र में टेस्ट में 50 प्लस की पारी खेली थी जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद रवि शास्त्री ने 12 बार ऐसा किया था।

### भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट पारियों में 3 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

11 - ऋषभ पंत
11 - रोहित शर्मा
10 - एमएस धोनी
08 - वीरेंद्र सहवाग
06 - रवींद्र जडेजा
05 - यशस्वी जायसवाल
05 - सचिन तेंदुलकर

### 22 साल की उम्र में टेस्ट में भारत के लिए सर्वाधिक 50+ स्कोर

21 - सचिन तेंदुलकर
12 - रवि शास्त्री
11 - यशस्वी जयसवाल
09 - सुनील गावस्कर

**इंडिया टीम कॉलिंग**

# रमनदीप, विजय कुमार और दयाल की लगी लॉटरी, द. अफ्रीका जाएंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज रमनदीप सिंह और तेज गेंदबाज विजयकुमार वैश्य को दक्षिण अफ्रीका में 8 नवंबर से डरबन में शुरू होने वाली 4 मैचों की टी20 सीरीज के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल, जो हाल ही में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, को भी टीम में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक बार फिर से सूर्यकुमार यादव के हाथ में भारतीय टीम की कमान होगी।

### जानें कौन है रमनदीप सिंह ?

इस साल की शुरुआत में आईपीएल खिताब के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स की तूफानी दौड़ में रमनदीप की अंतिम ओवरों की हिटिंग एक महत्वपूर्ण थी। उन्होंने टूर्नामेंट में केवल 62 गेंदों का सामना किया और 201.61 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। यह पूरे सीजन में कम से कम 50 गेंदों का सामना करने वाले सभी बल्लेबाजों में चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रमनदीप एक मध्यम गति के गेंदबाज के रूप में भी काम कर सकते हैं और एक गन आउटफील्डर हैं। इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के दौरान उन्होंने बाऊंड्री पर बेहतरीन कैच लिया था, जो इसका उदाहरण है।

### जानें कौन है विजयकुमार वैश्य ?

कर्नाटक और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज विशाक पिछले कुछ महीनों में राष्ट्रीय चयन के कगार पर रहे हैं, और बीसीसीआई से तेज गेंदबाजी अनुबंध हासिल करने वाले पांच उभरते खिलाड़ियों में से एक थे। वह सफेद गेंद वाले क्रिकेट में अपनी गति विविधताओं के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने हाल ही में दलीप ट्रॉफी के दौरान 24.90 की औसत से 10 विकेट लेकर लाल गेंद प्रारूप में भी प्रभावित किया है।

### जानें कौन है यश दयाल ?

मूल रूप से भारत ए टीम का हिस्सा थे जो सीनियर टेस्ट टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के छाया दौरे पर जा रही है। हालांकि, उन्हें उस दौरे से हटा दिया गया है और इसके बजाय वह दक्षिण अफ्रीका में टी20 टीम का हिस्सा होंगे। भारत ए टीम में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मिली है, जिन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टेस्ट टीम में भी जगह मिली है। भारत को दक्षिण अफ्रीका में डरबन (8 नवंबर), ग्वेबरहा (10 नवंबर), सेंचुरियन (13 नवंबर) और जोहान्सबर्ग (15 नवंबर) में 4 टी20 मैच खेलने हैं।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक, अवेश खान, यश दयाल।

## 43 साल के धोनी आईपीएल खेल सकते हैं, कहा- कुछ और साल क्रिकेट एंजॉय करना चाहता हूं, मुझे 9 महीने फिट रहना पड़ता है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया पूर्व कप्तान एमएस धोनी (43) ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग खेलने के संकेत दिए हैं। धोनी ने कहा कि वे कुछ और साल इस खेल को एंजॉय करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक धोनी ने अपनी अवेलिबिलिटी के बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया है। धोनी को सीएसके मैनेजमेंट की 29-30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में शामिल होना है, लेकिन उनके शामिल होने को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट देने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। सीएसके मैनेजमेंट की मीटिंग में ही धोनी पर फैसला होना है। एमएस धोनी आईपीएल के पहले सीजन से ही चेन्नई से खेल रहे हैं। उन्होंने अब कप्तानी छोड़ दी है। पिछले सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की कप्तानी की थी, लेकिन टीम प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। धोनी की कप्तानी में सीएसके 5 खिताब जीत चुकी है। धोनी बोले- प्रोफेशनल क्रिकेट मुश्किल धोनी ने शुक्रवार को एक प्रमोशनल इवेंट में कहा- बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर इंजॉय करना कठिन हो जाता है। मैं यही करना चाहता हूं। यह कठिन नहीं है। इमोशन होंगे, पर वहां कमिटमेंट भी होगा। मैं इस खेल को कुछ साल और इंजॉय करना चाहता हूं। मुझे खुद को 9 महीने तक फिट रखना पड़ता है, ताकि ढाई महीने आईपीएल खेल सकूं। इसके लिए प्लान करना जरूरी होता है। साथ ही थोड़ा समय शांत भी रहना होता है।

# पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर में सीरीज जीती

### साजिद खान को मैच में 10 विकेट, शकील का शतक

**इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया**

**रावलपिंडी, एजेंसी।** रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 9 विकेट हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज (2-1) से जीत ली है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 112 रन पर बिखर गई हैं। टीम ने पाकिस्तान को 36 रन का टारगेट दिया। जिसे टीम ने 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान शान मसूद ने 6 बॉल पर 23 रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर मैच जिताया।

शनिवार को इंग्लैंड ने अपने कल के स्कोर 24/3 से आगे खेलना शुरू किया। टीम से जो रुट ने 33 और हैरी ब्रूक ने 26 रन की पारी खेली। पाकिस्तान से साजिद खान ने मैच में 10 विकेट लिए। जबकि नोमान अली को 9 विकेट मिले। सऊद शकील ने 134 रन की पारी खेली।



### पाकिस्तानी स्पिनर्स का दबदबा

तीसरे दिन पाकिस्तान के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 5 विकेट लिए। उन्होंने जैक क्रॉले को 2 रन, ओली पोप को 1 रन, जो रुट 33 रन, हैरी ब्रूक 26 रन और कप्तान बेन स्टोक्स को 3 रन पर आउट कर दिया। नोमान ने 18.2 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 4 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 18 ओवर में 69 रन पर 4 विकेट लिए।

# नेपाल प्रीमियर लीग से जुड़े लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार होंगे. वहीं, इससे पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार थे. पोखरा एवेंजर्स के मालिक सुबोध त्रिपाठी ने इस बात की जानकारी दी. सुबोध त्रिपाठी ने कहा कि जोंटी रोड्स के साथ आने से हम बेहद खुश हैं. हमें पूरा भरोसा है कि जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और अपने अनुभव से युवा खिलाड़ियों के टैलेंट को निखारने का काम करेंगे.

### पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर जोंटी रोड्स ने क्या कहा ?

इससे पहले आईपीएल में जोंटी रोड्स मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के साथ काम कर चुके हैं. इन दोनों टीमों के साथ जोंटी रोड्स का सफर शानदार रहा. वहीं, जोंटी रोड्स ने नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर अपनी खुशी जाहिर की. जोंटी रोड्स ने कहा कि मैं सलाहकार के तौर युवा खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करूंगा, ताकि युवा खिलाड़ियों के खेल को निखारा जा सके. मुझे उम्मीद है कि हेड कोच राजीव कुमार के साथ मिलकर बेहतर परिणाम देने में सफल रहूंगा. इसके अलावा ऑन द फील्ड और ऑफ द फील्ड खिलाड़ियों को बेहतर बनाने पर कान करूंगा.

### ऐसा रहा है जोंटी रोड्स का करियर

जोंटी रोड्स नवंबर के पहले सप्ताह में पोखरा एवेंजर्स के साथ जुड़ जाएंगे. बताते चलें कि जोंटी रोड्स ने 52 टेस्ट मैचों के अलावा 245 वनडे मैचों में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है. जोंटी रोड्स क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन फील्डरों में गिने जाते हैं. जोंटी रोड्स ने क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद कोचिंग में अपना करियर बनाया. इस साउथ अफ्रीकी दिग्गज ने कई नेशनल टीमों के अलावा फ्रेंचाइज क्रिकेट में कोचिंग के तौर पर काम किया. आईपीएल में जोंटी रोड्स लंबे वक्त तक मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े रहे. मुंबई इंडियंस के बाद जोंटी रोड्स ने लखनऊ सुपर जॉयंट्स के साथ काम किया. वहीं, अब नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार होंगे.



राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 27 अक्टूबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल प्रदेश में दीवाली के जश्न में मौसम खलल नहीं डालेगा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी है। पिछले एक महीने से राज्य में बादल नहीं बरसे हैं। आगामी एक हफ्ते भी मौसम साफ बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक 31 अक्टूबर तक राज्य में कहीं भी बारिश-बर्फबारी नहीं होगी। दिवाली का त्यौहार भी 31 को ही है। ऐसे में दीवाली के जश्न में मौसम खलल नहीं डालेगा। शुष्क मौसम के कारण राज्य के औसतन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में खास गिरावट नहीं आएगी। हालांकि जनजातीय इलाकों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में पारे के लुढ़कने के आसार हैं। लाहौल-स्पीति में पिछले कुछ दिनों से रात का पारा जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश का मौसम बदलने के साथ ही यहां प्राकृतिक जलस्रोतों, नदी-नालों व झरनों का पानी जमना शुरू हो गया है। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान -1.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और यह सबसे ठंडा स्थल रहा। लाहौल-स्पीति के ही कुकुमसेरी में पारा 1.1 डिग्री, केलंग में 1.9 डिग्री और समधो में 5.1 डिग्री सेल्सियस रहा। किन्नौर के कल्पा में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री और रिकांगपिओ में 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हिल्स क्वीन शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म बनी हुई हैं। शिमला में न्यूनतम पारा 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा है। मैदानी इलाकों में शिमला से ज्यादा ठंड है। ऊना में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री, सुंदरनगर में 9.9 डिग्री, सोलन में 10, कांगड़ा व पालमपुर में 11.5 डिग्री, मंडी में 12.7 डिग्री, बिलासपुर में 13.2 डिग्री, हमीरपुर में 11.9 डिग्री सेल्सियस रहा। अपने शहरों की बात करें तो चंबा में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री, डलहौजी में 16.3 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 14.8 डिग्री, कुफरी में 12.1 डिग्री, नारकंडा में 9.8 डिग्री भरमौर में 11.1 डिग्री, कसौली में 16.9 डिग्री और पांवटा साहिब में 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के मैदानी हिस्सों में सुबह व शाम में ठिठुरन बढ़ गई है और लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। पर्यटन स्थलों डल्हौजी, चायल, शिमला और मनाली में दिन में भी पर्यटक व स्थानीय लोग गर्म कपडों में देखे जा रहे हैं।

### 55 लाख की ज्वेलरी, 62 लाख का कर्ज, कितनी है फडणवीस की संपत्ति

#### 5 साल में कितना हुआ इजाफा

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से छठी बार चुनावी मैदान में उतरते हुए नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्ति का खुलासा किया। फडणवीस ने कुल 13.27 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 7.63 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 5.64 करोड़ रुपये



की अचल संपत्ति शामिल है। उनके व्यक्तिगत संपत्तियों में 56.07 लाख रुपये की चल संपत्ति और 4.68 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है, जबकि उनके ऊपर 62 लाख रुपये का कर्ज भी है। फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस के पास 6.96 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 95.29 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। दिलचस्प बात यह है कि अमृता पर किसी भी प्रकार का कर्ज नहीं है। हलफनामे के मुताबिक, फडणवीस दंपत्ति के पास 98.55 लाख रुपये की सोने की ज्वेलरी भी है, जबकि संयुक्त संपत्ति में उनके आश्रितों की 10.22 लाख रुपये की संपत्ति भी शामिल है। फडणवीस ने हलफनामे में चार लंबित एफआईआर का भी खुलासा किया है। हालांकि, इनमें से किसी में भी उन्हें दोषी ठहराया नहीं गया है। 54 वर्षीय देवेंद्र फडणवीस का राजनीतिक करियर काफी लंबा और प्रभावशाली रहा है, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद का कार्यकाल भी शामिल है। उनकी शैक्षिक योग्यता में एलएलबी की डिग्री और मैनेजमेंट में डिप्लोमा है। गौरतलब है कि फडणवीस परिवार की संपत्ति में पिछले 5 वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# बलरामपुर में हिरासत में युवक की मौत पर बवाल

## भीड़ का थाने पर हमला; महिला एएसपी घायल

**बलरामपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में गुरुवार को थाने में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद भारी बवाल हो गया। उग्र भीड़ ने थाने पर हमला कर जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। इस हमले में महिला एएसपी घायल हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ भीड़ को बलपूर्वक खदेड़ा।

कोतवाली थाना में स्वास्थ्यकर्मी गुरुचंद मंडल की मौत के मामले में फिर से बड़ा बवाल हो गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुक्रवार को मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने जोरदार विरोध जताया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हिंसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निमिशा पांडे को चोट लगी है। वहीं पुलिस के अधिकारी मौके पर उग्र भीड़ को समझाने में जुटे हुए थे। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात हैं।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले का एक वीडियो ट्वीट कर लिखा, ठीक उस समय जब देश की महामहिम राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ में हैं, उस समय बलरामपुर से आ रहे ये चिंताजनक दृश्य छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था के अंतिम संस्कार का आधिकारिक ऐलान



कर रहे हैं। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के बाद युवक की लाश ले जाने के दौरान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालात यह हैं कि नागरिकों और पुलिस के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है। जनता पुलिस पर भरोसा नहीं कर रही है, हालात बेकाबू हैं।

पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति ने की खुदकुशी, दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

भाषा के अनुसार, बलरामपुर जिले में एक महिला के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाए गए उसके पति द्वारा हिरासत में कथित तौर पर खुदकुशी किए जाने के मामले में थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुचंद मंडल ने गुरुवार को बलरामपुर थाने के शौचालय के भीतर अपने गमछे से कथित तौर पर फंदा लगा लिया था। अधिकारी ने बताया कि मंडल की पत्नी पिछले माह लापता हो गई थी, जिसके बाद उसने 29 सितंबर को बलरामपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। निलंबन आदेश में कहा गया, ''मंडल को संदेह और सबूतों के आधार पर थाने बुलाया गया था और लापता होने के मामले में पुलिस हिरासत में उससे पूछताछ की जा रही थी, तभी उसने आत्महत्या कर ली। प्रथम दृष्टया निरीक्षक एवं बलरामपुर थाना प्रभारी प्रमोद रूसिया और आरक्षक अजय यादव की ओर से लापरवाही पाई गई, ऐसे में दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाता है।'' घटना की न्यायिक जांच के आदेश प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार साहू ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

### एनएचएम कर्मचारी संघ ने सीएम और गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

वार्ता के अनुसार, घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को भी बलरामपुर के लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच, छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि मांगों पर कार्रवाई न करने पर समस्त कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त रहेगा, जिसके लिए संघ न्याय पाने हेतु सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश हो जाएगा। संघ ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने बात कही है। संघ ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं की गई तो संघ न्याय पाने के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने पर विवश हो जाएगा।
छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन में कहा, बलरामपुर जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय अंतर्गत कार्यरत गुरुचंद मंडल की पुलिस हिरासत में मृत्यु का प्रकरण सामने आया है। मृतक कर्मचारी की पत्नी गुमशुदा थी, जिसकी तलाश करने के स्थान पर पुलिस मृतक पर ही संदेह कर उसे और उसके परिजन को बार-बार थाने बुलाती रही तथा दबाव बनाती रही। यह भी बताया गया है कि उनके साथ अत्यधिक मारपीट भी की गई। इस प्रकार की मृत्यु मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। संघ ने कहा कि पुलिस हिरासत में मौत का यह प्रकरण अत्यंत गंभीर है और संबंधित पुलिस कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर शक पैदा करता है जिसके लिए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा

राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की तथा घटना की जांच के लिए आठ सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम गठित की है। यह टीम घटनास्थल का दौरा रिपोर्ट पार्टी को सौंपेगी। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में राज्य में कानून नहीं बल्कि जंगल राज कायम हो गया है। बैज ने कहा है कि बलरामपुर में स्थिति तनावपूर्ण है, स्थानीय लोगों ने थाने पर पथराव किया, जिसके लिए राज्य सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है। हम घटना की निंदा करते हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं।

# ईरान पर हमले के बाद इजराइल बोला- हमारे विमान सुरक्षित लौटे

## मध्यपूर्व में बढ़ा खतरा

**दुबई, एजेंसी।** इजराइल के ईरान पर हमले ने पूरे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है. यह पहली बार है कि इजराइल ने खुलेआम ईरान पर हमला किया है. ईरान पर 1980 के बाद किसी भी देश ने सीधा हमला नहीं किया है. इजराइल ने देर रात हमला शुरू किया और सूर्योदय होने से ठीक पहले इसे रोक दिया. इजराइली सेना ने कहा कि उसके सभी विमान सुरक्षित लौट चुके हैं. सेना ने कहा कि उसने उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां पर ईरान मिसाइल निर्माण कर रहा है, और इन्हीं मिसाइलों से ईरान ने इजराइल पर हमला किया था.

इजराइली सेना ने बताया कि उसने ईरानी हवाई क्षमता पर भी आक्रमण किया. इस हमले से पहले ऐसा माना जा रहा था कि इजराइल ईरान की परमाणु क्षमता पर हमला कर सकता है. हालांकि, इजराइल ने अमेरिका को आश्वासन दिया था कि वह परमाणु सुविधाओं और तेल प्रतिष्ठानों पर हमले नहीं करेगा. यहां आपको बता दें कि ईरान ने एक अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था. उसने 180 से अधिक मिसाइल छोड़े थे. ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री आवास पर भी हमला किया था.

इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल ने कहा, ईरान सात अक्टूबर से लगातार इजराइल पर हमला कर रहा है, जिसमें ईरानी धरती से सीधे हमले भी शामिल हैं. इसलिए दुनिया के हर दूसरे संप्रभु देश की तरह, इजराइल को भी जवाब देने का अधिकार है और यह उसका अपने देश के प्रति कर्तव्य भी है. हालांकि, इस हमले के बाद अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है कि वह आगे और हमले न करे.

ईरान की सरकारी मीडिया ने इन धमाकों की पुष्टि की है. हालांकि, उसने कहा कि इससे उसे बहुत अधिक



नुकसान नहीं पहुंचा है. धमाकों की आवाज ईरान में भी सुनाई दे रही थी. एयर डिफेंस सिस्टम पर हमले की कोशिश की गई है. ईरान की सेना ने कहा कि हमलों में इलम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है और इससे बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है. मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले की खबर के तुरंत बाद सामान्य खबरें दिखाई जाने लगीं. एपी न्यूज एजेंसी ने बताया है कि एक स्थानीय नागरिक ने सात विस्फोट सुने जाने को लेकर जानकारी दी है. सरफेस टू एयर मिसाइलों को स्पॉट किया गया. शहर में कई जगहों पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखी गईं. ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं.

अमेरिका चाहता है कि इस युद्ध का दायरा और अधिक न बढ़े. अमेरिका राष्ट्रपति को पल-पल की सूचना दी जा रही है. मेजर जनरल पैट राइडर ने शुक्रवार देर रात कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने ईरान में सैन्य ठिकानों पर इजराइल के हमलों के बारे में अपने इजराइली समकक्ष योव गैलेंट से बात की.

### ईरान पर हमले के बाद अमेरिका ने ठोकी इजरायल की पीठ, नसीहत भी दी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए और उसने कहा कि अन्य सहयोगी देश भी इससे सहमत हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने शुक्रवार को पूरे दिन अभियान के बारे में जानकारी दी। वाइट हाउस के नियमों के अनुसार नाम न उजागर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजराइली अभियान ''व्यापक, सटीक और लक्षित'' था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इस हमले में कोई संलिप्तता नहीं है।

### गाजियाबाद में ठेली हटाने के विवाद में चले लाठी-डंडे

#### 1 दर्जन लोगों पर एफआईआर

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना क्षेत्र में अर्थला में शुक्रवार रात ठेली हटाने को लेकर पार्षद समेत दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस बीच, 20 से 25 लोग लाठी-डंडे लेकर आपस में मारपीट करने लगे। मामला दो अलग-अलग सम्प्रदायों का होने के चलते इलाके मैं तनाव फैल गया और कई दुकानदार अपनी दुकान बंद कर भाग गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट करने वालों को खदेड़ दिया। साथ ही पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अर्थला पड़ाव पर रहने वाले शाहिद आलम के घर के बाहर एक खाली ठेली खड़ी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात साढ़े नौ बजे पार्षद मनोज पाल वहां पहुंचे और उन्होंने ठेली हटाने को कहा। इसको लेकर विवाद हो गया और फिर मनोज ने ठेली पलट दी। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और 20-25 लोग लाठी-डंडे लेकर मारपीट करने लगे।

सड़क पर सरेआम इतनी बड़ी संख्या में लोगों के एक दूसरे पर हमला करने और दो अलग-अलग सम्प्रदायों का मामला होने के चलते आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग गए।? इसके अलावा लोगों ने अपने मकानों क के दरवाजे भी बंद कर लिए।

झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दारोगा सचिन ने थाना साहिबाबाद में शाहिद आलम, शाहजहां, नसीम, अरसद, आमिर, भोंदू उर्फ इसरार, इकबाल, फरमान, अफजाल, मनोज पाल, रमेश चौधरी, प्रवेश पाल, धीरज पाल और दीपक पाल समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एसीपी साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि झगड़े की सूचना पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को चेतावनी देकर शांत कराया। पुलिस ने मौके से पार्षद मनोज पाल, रमेश, नसीम व इसरार को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### पैगंबर पर विवादित बयान वाले यति नरसिंहानंद बोले- कोर्ट को बतानी है पूरी बात

#### योगी जी नजरबंदी हटवा दीजिए

**गाजियाबाद , एजेंसी।** विवादास्पद संत यति नरसिंहानंद गिरि ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी कर योगी आदित्यनाथ सरकार से उन्हें अवैध हिरासत से रिहा करने की मांग की, ताकि वह अपने खिलाफ दायर जनहित याचिका का जवाब दे सके। महाराष्ट्र स्थित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दो दिन पहले उनके खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की थी।

यह वीडियो यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने मीडिया के साथ शेयर किया है। नरसिंहानंद ने वीडियो में दावा किया कि उनकी हत्या प्रशिक्षित हत्यारों द्वारा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मरने से पहले वह पैगंबर पर दिए अपने बयान को स्पष्ट करना चाहते है और इसके लिए उन्हें प्रामाणिक इस्लामी पुस्तकों से सबूत इकट्ठा करने की जरूरत है।



नरसिंहानंद पर इस महीने की शुरुआत में 29 सितंबर को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए घृणास्पद भाषण देने का मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ था। मुंबई निवासी मोहम्मद यूसुफ और जाकिर हुसैन मुस्तफा शेख द्वारा दायर जनहित याचिका में नरसिंहानंद के घृणास्पद भाषण को सभी सोशल मीडिया मंचों से हटाने की मांग की गई है। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर कर अदालत से यति को पैगंबर मोहम्मद और कुरान के खिलाफ टिप्पणी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, यति माहौल को खराब कर रहे हैं।

# अनिल विज पर भड़क उठे भूपिंदर हुड्डा, स्पीकर से बोले- दो आदमियों को कसके रखना

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद पहली बार विधानसभा सत्र का आयोजन हुआ। पहले ही दिन सदन में दिलचस्प बहस देखने को मिली तो एक बार को माहौल थोड़ा उग्र भी हो गया। वरिष्ठ मंत्री अनिल विज और पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा में तीखी बहस हो गई। प्रोटेम स्पीकर रघुवीर कादियान ने विधायकों को शपथ दिलाई। इस के बाद विधानसभा सत्र हुआ तो कांग्रेस और भाजपा विधायकों में बहस होने लगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अभिभाषण पढ़ा तो पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि यह तो सरकार का भाषण सदन में पढ़ दिया। मेरे पास बहुत है बोलने को, मगर मैं बोलूंगा नहीं।

इस पर मंत्री अनिज विज ने कहा कि हुड्डा साहब, जो आपके पास था हरियाणा की जनता ने उस पर काटा लगा दिया है। इस पर हुड्डा तैश में आ गए और स्पीकर से कहा कि ये भाषा और तरीका गलत है। मैं अपने विधायक सदन से बाहर ले जाता हूं। मंत्री अनिज विज ने कहा कि जनता बड़ी होती है।

### दो आदमियों को कस के रखना सदन अच्छा चलेगा : हुड्डा

इस विवाद में जब मंत्री महिपाल ढांडा कूदे तो बेरी से विधायक डॉ. रघुवीर कादियान ने उन्हें टोका। तब ढांडा ने कहा कि मामा बैठ जा, हर बात ना टोका कर। रघुवीर कादियान ने कहा कि ढांडा मेरा भांजा लगता है। मैं इसको बचपन से जानता हूं। तब भी यह उछला करता था, आज भी उछलता है। इस पर रामकुमार गौतम ने कहा कि रघुवीर बुड्ढा हो गया है। भांजे से कभी नहीं लड़ा जाता। इसका बुढ़ापे में दिमाग सठिया गया है। हुड्डा ने कहा कि स्पीकर महोदय, दो आदमियों को कस के रखना, सदन अच्छा चलेगा। एक महीपाल ढांडा और दूसरा अनिल विज। स्पीकर ने दोनों को समझाते हुए मामले को शांत किया।

### यदि कोई सदस्य नियमों का उल्लंघन करे तो उसे टोकें : मुख्यमंत्री

नायब सैनी ने कहा कि हमारा सदन भवन एवं सभागार नहीं है। यह पौने 2 करोड़ जनता की आकांशाओं का केंद्र है। 15वीं विधानसभा में 40 नए सदस्य चुनकर आए हैं। नए सदस्यों की ऊर्जा पुरानों के काम आएगी और पुराने का अनुभव काम आएगा। नए सदस्य सदन के नियमों का गहन अध्ययन करेंगे।

# ईरान ने किया कबूल: इजराइल ने 3 प्रांतों में सैन्य ठिकाने को बनाया निशाना



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान की सेना ने शनिवार सुबह कहा कि इजराइल ने उसके इलाम, खुजस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए, जिनमें ''सीमित क्षति हुई। ईरान के सशस्त्र बलों का यह बयान सरकारी टेलीविजन चैनल पर पढ़ा गया, लेकिन इस दौरान हमलों में हुए नुकसान से जुड़ी कोई तस्वीर नहीं दिखाई गई। ईरान की सेना ने दावा किया कि उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हमलों से होने वाले नुकसान को सीमित कर दिया, हालांकि उसने इस संबंध में कोई अतिरिक्त सबूत नहीं दिया। उधर, दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर सीरिया, इराक और ईरान ने अगली सूचना तक सभी उड़ानों को स्थगित कर दिया है।

इजराइल ने कहा कि उसने देश में मिसाइल निर्माण संयंत्रों और अन्य स्थलों को निशाना बनाकर हमले किए। उसने कहा कि ईरान में हमले करने के बाद उसके विमान ''सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसके विमानों ने ''उन मिसाइल निर्माण संयंत्रों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल उन मिसाइलों को बनाने के लिए किया जाता था जिन्हें ईरान ने पिछले साल इजराइल पर दागा था। सेना ने कहा, ''ये मिसाइल इजराइल के नागरिकों के लिए सीधा और तत्काल खतरा पैदा करती हैं। उसने कहा कि उसने ''सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और उन अतिरिक्त ईरानी हवाई क्षमताओं पर भी हमला किया, जिनका उद्देश्य ईरान में इजराइल की हवाई संचालन स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करना था।

बता दें कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ ऑपरेशन का नाम पश्चाताप का दिन रखा है। इजरायली ऑपरेशन में दर्जनों लड़ाकू विमान, ईंधन भरने वाले विमान और जासूसी प्लेन शामिल थे। इन विमानों ने इजरायल से 1600 किमी दूर हमलों को अंजाम दिया है। इजरायल की सेना ने कहा कि जटिल ऑपरेशन के बाद सभी विमान सुरक्षित वापस लौट चुके हैं। इजरायल ने कहा कि वायुसेना को ईरान पर हमले की खुली छूट दी गई है। उसके पास ईरानी टारगेट की सूची है।

वायुसेना भविष्य के ऑपरेशन में जरूरत पड़ने पर इन ठिकानों पर हमला कर सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129